Follow us on: @TheDailyPioneer facebook.com/dailypioneer instagram.com/dailypioneer/

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 15 अंक 125
लखनऊ, रविवार, 23 फरवरी 2025
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ, नगर संस्करण

Established 1865

# पायनियर

लखनऊ, नई दिल्ली और रायपुर से प्रकाशित

www.dailypioneer.com

आभ्यन्तर

राष्ट्रीय-10

भारत, जापान का संयुक्त सैन्य अभ्यास 24 फरवरी से नौ मार्च तक होगा

## भारत को यूएसएआईडी पर ट्रंप ने फिर दिया बयान

**एजेंसियां।** वाशिंगटन



**अमेरिका के** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर से भारत में मतदान में भागीदारी बढ़ाने के लिए यूएसएआईडी के कथित 2.1 करोड़ (21 मिलियन) डॉलर के अनुदान का मुद्दा उठाया है, जिसे उनके प्रशासन ने कथित तौर पर रद्द कर दिया है, और इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जोड़ा है। ट्रंप ने हमेशा की तरह यह भी सवाल उठाया कि इतनी बड़ी राशि विदेश में क्यों खर्च की गई, जबकि अमेरिकी प्रशासन अमेरिकी मतदाताओं को मतदान केन्द्रों तक लाने के लिए यह धन खर्च कर सकता है और 2.1 करोड़ डॉलर मेरे मित्र, प्रधानमंत्री मोदी को भारत में मतदान में भागीदारी के लिए दिए जा रहे हैं। वह भारत में मतदान में भागीदारी के लिए 2.1 मिलियन डॉलर दे रहे हैं। वह भी मतदान में भागीदारी बढ़ाना चाहते हैं।

डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, बांग्लादेश में राजनीतिक परिदृश्य को मजबूत करने के लिए 2.9 करोड़ (29 मिलियन) डॉलर एक ऐसी फर्म को जिसे कभी यहां से 10,000 और वहां से 10,000 मिलते थे, जिसके बारे में किसी ने कभी सुना ही नहीं था। उस फर्म में केवल दो लोग काम कर रहे थे। मुझे लगता है कि वे बहुत खुश हैं, वे बहुत अमीर हैं। वे बहुत जल्द ही एक बहुत अच्छी बिजनेस पत्रिका के कवर पर महान घोटालेबाज के तौर होंगे।

इस बीच, एक संघीय न्यायाधीश ने ट्रंप प्रशासन के लिए हजारों अमेरिकी एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट के कर्मचारियों को नौकरी से हटाने का रास्ता साफ कर दिया है। अमेरिकी जिला न्यायाधीश कार्ल निकोल्स ने शुक्रवार को यूएसएआईडी के कर्मचारियों के एक छोटे से हिस्से को छोड़कर बाकी सभी को उनके पदों से हटाने और विदेश में रहने वालों को सरकारी खर्च पर वापस अमेरिका लौटने के लिए 30 दिन की समय सीमा देने के प्रयास पर अपना अस्थायी अवरोध हटा लिया। उनका यह फैसला श्रमिकों की ओर से यूनियनों द्वारा दायर मुकदमे में आया है। उनका कहना है कि एजेंसी को खत्म करने की जल्दबाजी ने विदेशों में कुछ कर्मचारियों को आपातकालीन संचार प्रणालियों से अलग कर दिया है, जिनमें कांगो में राजनीतिक हिंसा के खतरे में कुछ कर्मचारी भी शामिल हैं।

निकोल्स ने पाया कि यूनियनों की चुनौती को जिला न्यायालय के बजाय संघीय रोजगार कानूनों के तहत निपटाया जाना चाहिए। ट्रंप प्रशासन और अरबपति एलन मस्क से जुड़े सरकारी दक्षता विभाग ने यूएसएआईडी को बंद करने के लिए तेजी से कदम उठाए हैं, यह दावा करते हुए कि इसका काम बेकार है और राष्ट्रपति के एजेंडे के अनुरूप नहीं है। हालांकि, कर्मचारियों का दावा है कि न्यायालयों के अस्थायी अवरोधों का ट्रम्प प्रशासन द्वारा यूएसएआईडी को खत्म करने की प्रक्रिया को धीमा करने में सीमित प्रभाव ही पड़ा है और इसने दुनिया भर में तैनात कुछ यूएसएआईडी कर्मचारियों को अनिश्चित परिस्थितियों में छोड़ दिया है। मुकदमों में गवाही और मामलों से परिचित एक व्यक्ति के अनुसार, ट्रम्प प्रशासन ने विदेशों में अधिक जोखिम वाली गर्भावस्था (शेष पृष्ठ 9)

## यूएसएआईडी पर भाजपा-कांग्रेस में बढ़ी खींचतान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**डोनाल्ड ट्रंप** प्रशासन के यूएस एजेंसी फॉर इंटरनैशनल डेवलपमेंट (यूएसएआईडी) फंड को लेकर सियायत गरमा गई है। केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा और विपक्ष कांग्रेस में आरोप-प्रत्यारोप तेज हो गया है। ट्रम्प की टिप्पणी पर कांग्रेस ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है, जिसने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपने मित्र (ट्रंप) से बात करने और आरोपों का जोरदार खंडन करने का अनुरोध किया है। विपक्षी दल ने विकास एजेंसियों, सहायता तंत्रों और बहुपक्षीय मंचों से भारत में प्राप्त धन पर एक श्वेत पत्र की मांग की है।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने आरोपों को चिंताजनक बताया और कहा कि अगर इसमें कुछ है, तो देश को पता होना चाहिए कि इसमें कौन लोग शामिल हैं। भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने एक्स पर ट्रम्प की टिप्पणी को साझा किया और विपक्ष पर निशाना साधा। जिसने बाद में ट्रम्प का पूरा बयान पोस्ट किया जिसमें उन्होंने मोदी को अपना मित्र बताया। मालवीय ने कहा, लगातार तीसरे दिन, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत में मतदान को बढ़ावा देने के लिए यूएसएआईडी के वित्तपोषण के प्रयासों के बारे में अपना दावा दोहराया। उन्होंने कहा, हम भारत में मतदान के लिए 21 मिलियन डॉलर दे रहे हैं। हमारा क्या, मैं भी मतदान चाहता हूँ, लेकिन उन्हें अपने देश के खर्च के बारे में क्या पता है। मालवीय को कांग्रेस मीडिया और प्रचार प्रमुख पवन खेड़ा के गुस्से का सामना करना पड़ा, जिन्होंने कहा कि शायद मालवीय ने ट्रंप का वीडियो साझा करके गलती की है, जिन्होंने स्पष्ट रूप से पीएम मोदी का नाम लिया है, फिर भी वे कांग्रेस का बचाव करने और उसे फंसाने का लक्ष्यहीन प्रयास कर रहे हैं। कांग्रेस ने विश्वसनीय नागरिक समाज के सदस्यों, गैर सरकारी संगठनों और राजनीतिक दलों के खिलाफ बेबुनियाद आरोप लगाने के लिए आरएसएस-भाजपा और उनके पारिस्थितिकी तंत्र के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की भी मांग की।

जयशंकर ने शनिवार को पहली बार पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत में मतदान के लिए यूएसएआईडी के 21 मिलियन डॉलर के वित्तपोषण के खिलाफ लगाए गए आरोपों के बारे में बात की। दिल्ली विश्वविद्यालय साहित्य महोत्सव में बोलते हुए, विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा, ट्रंप प्रशासन के लोगों द्वारा कुछ जानकारी दी गई है, और जाहिर है, यह चिंताजनक है। उन्हें लगता है कि सरकार के तौर पर हम इस पर गौर कर रहे हैं। मेरा मानना है कि तथ्य सामने आएंगे। यूएसएआईडी को सद्भावनापूर्वक, सद्भावनापूर्ण गतिविधियां करने की अनुमति दी गई थी। अब अमेरिका से सुझाव दिए जा रहे हैं कि ऐसी गतिविधियां हैं जो दुर्भावनापूर्ण हैं। यह चिंताजनक है और अगर इसमें कुछ है तो देश को पता होना चाहिए कि इसमें कौन लोग शामिल हैं। खेड़ा ने कहा कि मोदी सरकार, उसके मंत्री, उसके आर्थिक सलाहकार, भाजपा के आईटी विभाग के प्रमुख, उसका पारिस्थितिकी तंत्र और एक-चौथाई मीडिया, जो भाजपा के लिए चीयरलीडर के रूप में काम करता है, किसी तरह यूएसएआईडी के 21 मिलियन अमेरिकी डॉलर के फंड नैरेटिव के संबंध में डीप स्टेट और विदेशी हस्तक्षेप के अपने आरोप को साबित करने के लिए खुद को उलझाए हुए हैं। कांग्रेस के मीडिया और प्रचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, श्वेत पत्र में न केवल यूएसएआईडी फंडिंग पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए, बल्कि ऐसी सभी एजेंसियों पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए जो सरकारों, व्यक्तियों और भारतीय कानून के तहत सभी अन्य संस्थाओं को फंड करती हैं। खेड़ा ने तीन महत्वपूर्ण घटनाक्रमों की ओर इशारा किया, जिसमें ट्रम्प की मेरे मित्र प्रधानमंत्री मोदी के बारे में टिप्पणी भी शामिल है। उन्होंने कहा, अधिक भारतीय समाचार मीडिया आउटलेट्स ने भाजपा और मोदी सरकार के मंत्री के दावे को झूठा पाया है। फंड बांग्लादेश गए, भारत नहीं, हालांकि भारत को यूएसएआईडी फंड मिला, लेकिन मतदाता मतदान बढ़ाने के लिए नहीं। अब, एक अमेरिकी अखबार, वाशिंगटन पोस्ट ने एक तथ्य जांच की है और कहा ऐसा कोई सबूत नहीं मिला है कि भारत में मतदाता मतदान या किसी अन्य उद्देश्य के लिए 21 मिलियन अमरीकी डालर खर्च किए जाने थे, जबकि विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने इसे बहुत ही परेशान करने वाला बताया और घोषणा की कि संबंधित विभाग और एजेंसियां इस मामले की जांच कर रही हैं।

खेड़ा ने आरोप लगाया कि आरएसएस-भाजपा और उसके जैसे लोग दो पहलुओं में आदतन अपराधी हैं। फर्जी आरोप मढ़ना और झूठ का प्रचार करना और भारतीय राज्य, लोकतंत्र और संविधान को अस्थिर करने के लिए बाहरी सहायता मांगना। खेड़ा ने आरोप लगाया कि भारत में अमेरिकी सरकार के विवरण से मेल खाने वाले चुनाव और राजनीतिक प्रक्रिया सुदृढ़ीकरण (सीईपीपीएस) कार्यक्रम के लिए कंसोर्टियम का कोई रिकॉर्ड नहीं है। सीईपीपीएस के पास 21 मिलियन अमरीकी डालर का यूएसएआईडी अनुबंध था। उन्होंने कहा कि यह भारत के लिए नहीं, बल्कि पड़ोसी बांग्लादेश के लिए है। खेड़ा ने कहा कि वर्ष 2012 के दौरान, अन्ना हजारे आंदोलन अपने चरम पर था, अरविंद केजरीवाल अपनी पार्टी बना रहे थे, (शेष पृष्ठ 9)

## ओटीटी कंटेंट को लेकर सरकार बनाएगी नए नियम : मंत्रालय

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय डिजिटल मंचों पर 'अश्लीलता और हिंसा' दिखाए जाने की शिकायतों के बीच 'हानिकारक' सामग्री को विनियमित करने के लिए एक नए कानूनी ढांचे की आवश्यकता और मौजूदा वैधानिक प्रावधानों की समीक्षा कर रहा है। संसदीय समिति को दिए अपने जवाब में मंत्रालय ने कहा कि समाज में इस बात को लेकर चिंता बढ़ रही है कि डिजिटल मंचों पर अश्लील और हिंसक सामग्री दिखाने के लिए अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के संवैधानिक अधिकार का दुरुपयोग किया जा रहा है। मंत्रालय ने भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं सांसद निशिकांत दुबे की अध्यक्षता वाली संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी स्थाई समिति को बताया कि वर्तमान कानूनों के तहत कुछ प्रावधान मौजूद हैं, लेकिन ऐसी हानिकारक सामग्री को विनियमित करने के लिए एक सख्त एवं प्रभावी कानूनी ढांचे की मांग बढ़ रही है। इसने कहा, मंत्रालय ने इन घटनाक्रम पर ध्यान दिया है और वह वर्तमान वैधानिक प्रावधानों एवं नए कानूनी ढांचे की आवश्यकता की समीक्षा कर रहा है। मंत्रालय ने कहा कि कई उच्च न्यायालयों और उच्चतम न्यायालय, सांसदों और राष्ट्रीय महिला आयोग जैसी वैधानिक संस्थाओं ने इस मुद्दे पर बात की है, जो सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर रणवीर इलाहाबादिया की अभद्र टिप्पणियों की व्यापक निंदा के बाद सुर्खियों में आया है। इलाहाबादिया के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज किए गए हैं। उच्चतम न्यायालय ने उन्हें गिरफ्तारी से तो राहत दी, लेकिन उनकी टिप्पणियों की निंदा (शेष पृष्ठ 9)

## पंजाब के मंत्री ने 21 महीने तक चलाया कागजी विभाग

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़/नई दिल्ली




**दिल्ली विधानसभा** चुनाव 2025 में आम आदमी पार्टी (आप) की हार के कुछ ही दिनों बाद एक अजीब राजनीतिक घटनाक्रम में, पार्टी के वरिष्ठ नेता और पंजाब के कैबिनेट मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल को एक ऐसा विभाग चलाते हुए पाया गया है जो 21 महीने तक अस्तित्व में ही नहीं था। इस मामले का तब खुलासा हुआ राज्य के मुख्य सचिव द्वारा एक गजट अधिसूचना जारी की गई जिसमें कहा गया कि धालीवाल को आवंटित विभाग 'अस्तित्व में नहीं है'। विपक्षी भाजपा ने पंजाब में आप सरकार पर कटाक्ष करने का कोई मौका नहीं छोड़ा और व्यंग्यात्मक रूप से इस कदम को 'केजरीवाल मॉडल' करार दिया।

पिछली पंजाब सरकार की अधिसूचना संख्या 2/1/2022-2 कैबिनेट/2230 दिनांक 23.09.2024 में मंत्रियों के बीच विभागों के आवंटन के संबंध में आंशिक संशोधन करते हुए, कुलदीप सिंह धालीवाल को पहले आवंटित प्रशासनिक सुधार विभाग आज की तारीख में अस्तित्व में नहीं है। अधिसूचना में कहा गया है, इसलिए मुख्यमंत्री की सलाह पर पंजाब के राज्यपाल 07-02-2025 से संशोधन करते हैं। इस संशोधन के साथ, धालीवाल के पास अब केवल एनआरआई मामलों का विभाग ही बचा है। यह संशोधन पंजाब के मुख्यमंत्री भगवत मान के आदेश पर 7 फरवरी को किया गया था। इससे पहले मई 2023 में धालीवाल से कृषि और ग्रामीण विकास विभाग ले लिया गया था और उनकी जगह उन्हें प्रशासनिक सुधार विभाग दिया गया था। मुख्यमंत्री भगवंत मान, वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री अमन अरोड़ा और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. बलजीत कौर के बाद पंजाब कैबिनेट में पांचवें सबसे वरिष्ठ मंत्री धालीवाल हाल ही में एनआरआई मामलों के मंत्री के रूप में अमृतसर में उतरने वाले अमेरिकी निर्वासितों को संभालने के लिए चर्चा में थे। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा, आप पंजाब सरकार में संकट की कल्पना कर सकते हैं, अगर उसे यह समझने में लगभग 20 महीने लग गए कि उसके एक प्रमुख मंत्री को सौंपा गया विभाग वास्तव में कभी अस्तित्व में ही नहीं था। अरविंद केजरीवाल एक ढोंगी हैं जिन्हें (शेष पृष्ठ 9)

## शिवराज को खराब सीट देने पर एअर इंडिया से जवाब तलब

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली



**एअर इंडिया** की भोपाल से दिल्ली की उड़ान (एआई 436) में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को टूटी हुई सीट प्रदान की गई। सिंह ने शनिवार को एअर इंडिया की आलोचना करते हुए कहा कि उन्हें 'टूटी और धंसी हुई सीट आवंटित की गई। यात्रियों से पूरा पैसा वसूलने के बाद उन्हें खराब और कष्टदायक सीट पर बैठाना अनैतिक है। मामला सामने आने पर नागरिक विमानन महानिदेशालय ने एयर इंडिया, उसके पायलट और चालक दल से जवाब तलब कर एक दिन में जवाब मांगा है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने एयर इंडिया के साथ अपने असुविधाजनक उड़ान अनुभव के बारे में चौहान से बात की और उन्हें शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। साथ ही निराशा व्यक्त की कि एयरलाइन ने अपने प्रबंधन में सुधार नहीं किया है जिससे उनकी अपेक्षाएँ गलत साबित हुईं।

मंत्री ने कहा कि ऐसी एक नहीं और भी सीटें हैं। सहयात्रियों ने बहुत आग्रह किया कि वह उनसे सीट बदल कर अच्छी सीट पर बैठ जाएं लेकिन मैं अपने लिए किसी और सहयात्री को तकलीफ क्यों दें। सिंह ने कहा कि उन्होंने फैसला किया कि वह इसी सीट पर बैठकर अपनी यात्रा पूरी करेंगे। उनकी धारणा थी कि टाटा के हाथ में प्रबंधन आने के बाद एअर इंडिया की सेवा बेहतर हुई होंगी, लेकिन यह मेरा भ्रम था। उन्होंने एयर इंडिया से भविष्य के यात्रियों के लिए ऐसी समस्याओं को रोकने के लिए सुधारात्मक कार्रवाई करने का आग्रह किया, जिस पर एयर इंडिया ने एक्स पर जवाब दिया दिया, प्रिय महोदय, आपको हुई असुविधा के लिए हमें खेद है। कृपया आश्वस्त रहें कि हम भविष्य में ऐसी किसी भी घटना को रोकने के लिए इस मामले पर ध्यान दे रहे हैं। हम आपसे बात करने का अवसर चाहते हैं कृपया हमें संदेश भेजें कि आपसे कब बात हो सकती है।

## सामूहिक विवाह में दूल्हा-दुल्हन को मझधार में छोड़कर भागे आयोजक

**पीटीआई।** राजकोट

**राजकोट में** सामूहिक विवाह समारोह में 50 से अधिक भावी दूल्हे-दुल्हनों के लिए जीवन को शुरू करने का सुनहरा दिन धोखेबाज आयोजकों के गैर जिम्मेदाराना रवैये के चलते बेहद कड़वाहट वाला रहा। उन लोगों में आयोजकों के प्रति गुस्सा देखा गया। हालांकि ऐसे हालात में पुलिस ने शादी के इच्छुक लोगों की दुर्दशा को देखते हुए शनिवार को कम से कम छह जोड़ों की शादी की व्यवस्था करने की पहल की। यह जानकारी अधिकारियों ने दी।

सहायक पुलिस आयुक्त राधिका भारई ने बताया, जब 28 दुल्हनों और दूल्हों के परिवार समारोह स्थल पर पहुंचे, तो वे यह देखकर हैरान रह गए कि समारोह के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई थी और आयोजक अपने मोबाइल फोन बंद करके गायब थे। राजकोट और अन्य जिलों के विभिन्न हिस्सों से आए परिवारों ने हंगामा किया, जिसके बाद पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा। पुलिस ने विवाह समारोह को पूरा करने की जिम्मेदारी ली और उन दूल्हों को बुलाया जो वहां से चले गए थे। एसीपी ने कहा, पुलिस द्वारा किए गए प्रबंधों के बाद छह जोड़ों ने विवाह बंधन में बंध गए। पुलिस अधिकारी ने कहा कि कई जोड़े पहले ही विवाह स्थल से निकलकर पास के मंदिरों और अन्य जगहों पर विवाह करने जा चुके थे, लेकिन मौके पर मौजूद छह जोड़ों के लिए व्यवस्था की गई थी। भराई ने कहा कि आयोजकों के खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा, क्योंकि शादी के इच्छुक लोगों के परिवार के सदस्यों ने दावा किया है कि आयोजकों ने समारोह के आयोजन के लिए उनसे 15,000 रुपये प्रत्येक से लिए थे। परिवार के सदस्यों ने दावा किया कि आयोजकों ने नवविवाहित जोड़ों के लिए उपहारों के साथ-साथ हर चीज की व्यवस्था करने का वादा किया था। अपने रिश्तेदार की बेटी की शादी में शामिल होने वाली शिल्पाबेन बागथारिया ने कहा कि आयोजकों ने दोनों पक्षों से 15,000 रुपये प्रत्येक लिए थे और दहेज देने का भी वादा किया था। उन्होंने कहा, कोई व्यवस्था नहीं की गई थी। और चूंकि आयोजकों में से कोई भी मौजूद नहीं था, इसलिए भीड़ ने कार्यक्रम स्थल छोड़ दिया, जिससे सभी की उम्मीदें टूट गईं। शादी की व्यवस्था करने आए पुजारी भी वापस चले गए।

## 'आईआरएस अधिकारी की मौत की सभी पहलुओं की जा रही जांच'

**पायनियर समाचार सेवा।** कोच्चि/रांची

**झारखंड** निवासी केंद्रीय उत्पाद एवं सीमा शुल्क विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी, उनकी मां और बहन की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत की जांच कर रही पुलिस टीम ने उनकी मौत का सही कारण का पता लगाने के लिए अपनी जांच तेज कर दी है। मृतकों की पहचान भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारी और कोच्चि में केंद्रीय उत्पाद एवं सीमा शुल्क विभाग में अतिरिक्त आयुक्त मनीष विजय (43 साल), उनकी बहन शालिनी विजय और उनकी मां शकुंतला अग्रवाल के रूप में हुई है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मनीष की बहन शालिनी को हाल ही में अदालत से एक समन मिला था, जिसमें उन्हें सीबीआई द्वारा जांच किए गए एक मामले के सिलसिले में 15 फरवरी को झारखंड की एक अदालत में पेश होने का निर्देश दिया गया था। वह झारखंड सरकार की सेवा में अपनी नियुक्ति में अनियमितताओं से संबंधित मामले में आरोपी थीं। मनीष और शालिनी के शव फंदे से लटके पाए गए, जबकि शकुंतला अपने बिस्तर पर मृत पाई गईं। शकुंतला के शरीर को एक सफेद कपड़े में लपेटा गया था (शेष पृष्ठ 9)

## दिल्ली की नई विधानसभा का पहला सत्र कल से होगा आरंभ

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली

**दिल्ली भाजपा** ने रविवार को नवनिर्वाचित विधायकों की एक बैठक बुलाई। यह बैठक सोमवार से शुरू हो रही दिल्ली की आठवीं विधानसभा के पहले सत्र से पहले होगी। नवनिर्वाचित सदस्य सुबह 11 बजे शपथ लेंगे। दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने वरिष्ठ भाजपा नेता और गांधी नगर से विधायक अरविंदर सिंह लवली को दिल्ली विधानसभा का प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया है। वे सोमवार को विधानसभा की पहली बैठक के दौरान कार्यवाही की अध्यक्षता करेंगे। यह नियुक्ति 70 सदस्यीय नई विधानसभा की पहली बैठक से पहले की गई है, जो 24 फरवरी को होगी। दिल्ली विधानसभा की सूची के अनुसार, तीन दिवसीय सत्र में सदन, अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव होगा और इसके साथ ही पिछली आप सरकार के प्रदर्शन पर 14 लंबित सीएजी रिपोर्ट भी पेश की जाएंगी।

विधानसभा में नवनिर्वाचित सदस्यों की शपथ/प्रतिज्ञा 24 फरवरी को सुबह 11 बजे होगी। अध्यक्ष का चुनाव दोपहर 2 बजे होगा। चार बार के विधायक अरविंदर सिंह नए अध्यक्ष के चुने जाने तक अध्यक्ष के पद का कार्यभार संभालेंगे। जानकारी के अनुसार, सदन के नए सदस्य प्रोटेम स्पीकर के समक्ष शपथ लेंगे। वरिष्ठ भाजपा विधायक और दिल्ली भाजपा के पूर्व अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष होंगे और मोहन सिंह बिष्ट उनके डिप्टी होंगे। कार्यसूची के अनुसार, एलजी सक्सेना 25 फरवरी को विधानसभा को संबोधित करेंगे, जिसके बाद नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (सीएजी) की रिपोर्ट पेश की जाएगी। इसके बाद में दिन में, विधानसभा एलजी के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव रखा जाएगा। 26 फरवरी को एलजी के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा सुबह 11:00 बजे शुरू होगी, जिसके बाद दिल्ली विधानसभा के उपाध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। फरवरी 2025 में हुए आम चुनाव के बाद गठित दिल्ली की आठवीं विधानसभा की पहली बैठक होने के नाते, सदस्य इस अवसर की गंभीरता को चिह्नित करने के लिए दो मिनट का मौन रखेंगे। सबसे पहले, मुख्यमंत्री और अन्य मंत्री शपथ लेंगे या प्रतिज्ञान करेंगे और उसके बाद अन्य माननीय सदस्य, निर्वाचन क्षेत्रवार, शपथ लेंगे। बुलेटिन में कहा गया, स्पीकर के चुनाव के लिए प्रस्ताव की सूचना शनिवार, 22 फरवरी को दोपहर से पहले सचिव, विधानसभा को दी जा सकती है।

विधानसभा की कार्यसूची में कहा गया है कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता गुप्ता को अध्यक्ष चुने जाने के लिए प्रस्ताव पेश करेंगी और मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा 24 फरवरी को इसका समर्थन करेंगे। गुप्ता और बिष्ट दोनों ही पदों पर चुने जाएंगे क्योंकि 70 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा के 48 विधायक हैं। 22 विधायकों वाली आप ने अभी तक विपक्ष के नेता का नाम घोषित नहीं किया है, हालांकि पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी और पार्टी की दिल्ली इकाई के संयोजक गोपाल राय इस पद के लिए सबसे आगे बताए जा रहे हैं। नवगठित विधानसभा की पहली बैठक शुरू होने से ठीक पहले अध्यक्ष का पद खाली हो जाएगा, जबकि उपाध्यक्ष का पद पहले से ही खाली है। प्रोटेम स्पीकर सदन की बैठक शुरू होने से लेकर नए अध्यक्ष के चुने जाने तक अध्यक्ष के कार्यालय के कर्तव्यों का पालन करेंगे। सदन के प्रत्येक सदस्य को नियम 5 के तहत अनंतिम रूप से एक सीट (शेष पृष्ठ 9)



सोमवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की

# लखीमपुर अब पिछड़ा जिला नहीं, यहां की धरती उगलती है सोना: योगी

## मुख्यमंत्री ने 1622करोड़ की 373 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ लखीमपुर खीरी



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लखीमपुर खीरी को विकास की नई सौगात दी। उन्होंने राजेंद्र गिरि स्मारक स्टेडियम में 1622करोड़ की 373 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने 'छोटी काशी' गोला गोकर्णनाथ शिव मंदिर कॉरिडोर का शिलान्यास भी किया। उन्होंने कहा कि लखीमपुर खीरी अब पिछड़ा जनपद नहीं है, बल्कि यहां की उर्वरा धरती सोना उगलती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब देश आजाद हुआ था तो लखीमपुर खीरी विकास में बहुत पीछे थे। मलेरिया यहां भय का प्रतीक होता था। दूधवा नेशनल पार्क था, लेकिन वहां पहुंचने का साधन नहीं थे। अब पलिया में एयर स्ट्रिप को एयरपोर्ट के रूप में विकसित करने का पैसा भी दिया गया है। सरकार यहां के बाढ़ की समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में कदम बढ़ा रही है। इसके लिए बाढ़ बचाओ के उपायों को प्रभावी ढंग से लागू करने या नदी को चैनलाइज करने की कार्रवाई होगी। इसमें एनजीटी या किसी प्रकार की बाधा नहीं होगी। डबल इंजन सरकार यहां स्प्रिचुअल, ईको टूरिज्म समेत विकास को इतना बढ़ाएगी कि रोजगार की कमी नहीं रहेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़े जनपदों में शामिल लखीमपुर खीरी की अत्यंत उर्वरा धरती सोना उगलती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लखीमपुर खीरी अब पिछड़ा जनपद नहीं है। आज इस जनपद में लगभग 4500 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास हुआ है।

### यूपी की क्षमता के आकलन के लिए प्रयागराज महाकुम्भ ही पर्याप्त

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश की क्षमता का आकलन करना हो तो प्रयागराज महाकुम्भ ही पर्याप्त है। 13 जनवरी से 22 फरवरी (अभी तक) 60 करोड़ श्रद्धालुओं ने आस्था की पावन डुबकी लगाई है। यह उत्तर प्रदेश के सामर्थ्य को देश-दुनिया के सामने रखता है। एक निश्चित समय सीमा के अंदर इतने लोग एक स्थल पर अन्यत्र कहीं एकत्र नहीं हो सकते। यह केवल प्रयागराज व उत्तर प्रदेश में हो सकता है, जिसका लोहा पूरी दुनिया मान रही है। पीएम मोदी के नेतृत्व में महाकुम्भ दिव्य-भव्य तरीके से आगे बढ़ रहा है। जिन लोगों को विकास, देश-प्रदेश का सामर्थ्य अच्छा नहीं लगता, वे लगातार नकारात्मक टिप्पणी कर बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन देश और सनातन धर्म के अनुयायियों ने दिखा दिया कि अनुकूल परिस्थितियां होंगी तो अपनी विरासत को गौरव के साथ बढ़ाने का कार्य करेंगे।

# भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने संगम में लगाई डुबकी

- नड्डा परिवार ने गंगा मइया को नारियल, चुनरी अर्पित कर की लोककल्याण की कामना
- सीएम योगी भी रहे मौजूद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ महाकुम्भ नगर



**पवित्र** त्रिवेणी संगम में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने सपरिवार आस्था की डुबकी लगाई। इससे पहले उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' और सतुआ बाबा संग भी संगम स्नान किया। वहीं नड्डा परिवार ने गंगा मइया को चुनरी अर्पित करके लोककल्याण की कामना भी की।

जेपी नड्डा परिवार समेत शनिवार को प्रयागराज पहुंचे। यहां महाकुम्भ नगर के त्रिवेणी संकुल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया। इसके उपरांत सभी नेतागण अरैल घाट से फ्लोटिंग जेटी के जरिए संगम पहुंचे। यहां बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और अपने परिवार के साथ साइबेरियन पक्षियों को दाना खिलाया। इसके बाद उन्होंने सबसे पहले भाजपा नेताओं संग सामूहिक रूप से संगम स्नान किया, तदोपरांत पत्नी एवं परिजनों संग विधि-विधान से संगम में पावन डुबकी लगाई। इस दौरान संगम स्नान करने पहुंची जनता ने भी बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जय श्रीराम और गंगा मइया की जय के जयघोष से अभिवादन किया। स्नानोपरांत नड्डा परिवार, सीएम योगी और बीजेपी के अन्य नेताओं ने विधि-विधान के साथ मां गंगा की पूजा अर्चना की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की जनता के कल्याण की कामना की। यहां से सभी नेतागण बड़े हनुमान मंदिर पहुंचे, जहां लेटे हनुमान जी की साविधि पूजा-अर्चना की। वहीं इसके बाद सभी ने अक्षयवट के भी दर्शन-पूजन किये।

# मुख्यमंत्री ने कुंभी में देश के पहले बायोपॉलिमर संयंत्र का किया शिलान्यास



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ लखीमपुर खीरी

- प्रयागराज में आस्था और 'कुंभी' में निवेश के महाकुंभ को देश देख रहा: सीएम योगी

**प्रयागराज** में महाकुम्भ के पवित्र स्नान के लिए देश-विदेश के श्रद्धालु उमड़ रहे हैं, वहीं लखीमपुर खीरी में निवेश का महाकुम्भ कुंभी में देखने को मिल रहा है, जहां बलरामपुर चीनी मिल लिमिटेड द्वारा 2850 करोड़ की लागत से देश का पहला बायोपॉलिमर संयंत्र स्थापित होगा। सरकार ने देश के पहले बायोप्लास्टिक प्लांट का जो एमओयू किया था, उसे आज जमीनी धरातल पर उतारा गया है। यह अपनी तरह का देश का पहला निवेश है। यह बायोप्लास्टिक प्लांट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को साकार करेगा। यहां बनने वाली बोतल, प्लेट, कप और कैरी बैग्स पूरी तरह से डिस्पोजेबल होंगे और महज तीन महीने में खुद ही मिट्टी में मिल जाएंगे। ये बातें मुख्यमंत्री योगी ने शनिवार को लखीमपुर खीरी के कुंभी चीनी मिल परिसर में 2,850 करोड़ की लागत से देश के प्रथम बायोपॉलिमर संयंत्र के शिलान्यास कार्यक्रम में कही। सीएम योगी ने कहा कि आज पूरी दुनिया उत्तर प्रदेश के महाकुम्भ में भागीदार बनने के लिए उत्साहित है। उन्होंने कहा कि 13 जनवरी से 22 फरवरी तक अब तक 60 करोड़ श्रद्धालु संगम में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। उन्होंने कहा कि मैं यहां से गोला गोकर्णनाथ और फिर प्रयागराज जाऊंगा, लेकिन कुंभी में ही मुझे महाकुंभ दिख गया। यह निवेश का महाकुंभ है। सीएम ने कहा कि 2850 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह संयंत्र भारत का पहला इंटीग्रेटेड यूनिट होगा। इससे हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा और किसानों की आमदनी में भी बढ़ोतरी होगी। यूपी सरकार यहां के युवाओं के स्किल डेवलपमेंट के लिए प्लांट के साथ एमओयू करेगी, जिससे पढ़ाई कर रहे छात्र सीधे रोजगार से जुड़ सकें।सीएम योगी ने पर्यावरण संकट पर चिंता जताते हुए कहा कि ग्लोबल वॉर्मिंग के कारण असमय बारिश और सूखे जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि यूपी सरकार जीरो लिक्विड डिस्चार्ज तकनीक को अपनाकर नदियों और नहरों को सुरक्षित रखने का प्रयास कर रही है। सीएम ने कहा कि यूपी में 45 लाख करोड़ रुपये का निवेश प्रस्ताव आया है। अब तक 15 लाख करोड़ का निवेश हो चुका है और 3 से 5 लाख करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट पाइपलाइन में हैं। इससे 7 से 8 लाख युवाओं को नौकरी भी मिल चुकी है।

# भाजपा का पर्याय बन गया है झूठ बोलना: अखिलेश यादव

- भाजपा के वर्ष 2029 में यूपी की अर्थव्यवस्था वन ट्रिलियन डॉलर की होने के दावे पर उठाए सवाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि जो अपने काम में असफल होते हैं, वो लक्ष्य की 'समय-सीमा' बदलते हैं, देश-प्रदेश का भविष्य नहीं। यादव ने कहा कि 2021 में भाजपाइयों ने कहा था कि 2024 तक उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था 1 ट्रिलियन डॉलर की हो जाएगी और अब 2025 में कह रहे हैं, 2029 में उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था 1 ट्रिलियन डॉलर की हो जाएगी। जनता को न इनके बीते कल के वादे पर विश्वास था, न आने वाले कल के दावे पर भरोसा है।

अखिलेश यादव ने कहा कि झूठ भाजपा का पर्याय बन गया है। उन्होंने कहा कि झूठे वादे करने और झूठ बोलने में भाजपा के लोग दुनिया में नंबर एक पर है। यादव ने कहा कि भाजपा देश के किसानों, नौजवानों, महिलाओं से अब तक न जाने कितने झूठ बोल चुकी है। समाज का हर वर्ग समझ चुका है कि भाजपा बेईमानी और झूठ राजनीति करती है। ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था से पहले भाजपा ने किसानों की आय दोगुनी करने, गन्ना किसानों का 14 दिन में गन्ना मूल्य का भुगतान कराने और समय सीमा में भुगतान न होने पर ब्याज समेत भुगतान करने, हर साल दो करोड़ नौजवानों को नौकरी देने। छात्रों को लैपटॉप देने, महंगाई, खत्म करने समेत-तमाम वादे किए थे। लेकिन भाजपा और उनके नेताओं के सारे वादे झूठे साबित हुए है।

# वकीलों की फ्रीडम ऑफ स्पीच को खत्म करने का हो रहा कुत्सित प्रयास: अजय राय

- अधिवक्ता अधिनियम विधेयक 2025 के कई संशोधनों को बताया संविधान विरोधी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा है कि केन्द्र सरकार द्वारा अधिवक्ता अधिनियम (संशोधन) विधेयक 2025 का जो मसौदा जारी किया गया है उसके कई संशोधन संविधान विरोधी हैं और अधिवक्ताओं के संवैधानिक अधिकारों को कमजोर करने की एक सुनियोजित साजिश है।

राय ने कहा कि यह विधेयक वकीलों की फ्रीडम आफ स्पीच को खत्म करने का एक कुत्सित प्रयास है। इस अधिनियम के तहत वकीलों को कोर्ट के काम-काज से हड़ताल या बहिष्कार करने पर रोक लगाई गयी है जो उनके संवैधानिक अधिकार ( अनुच्छेद 19-अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और अनुच्छेद 21-जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता) का हनन करता है।

राय ने कहा कि लोकतंत्र में अपनी मांगों और समस्याओं को उठाने के लिए शान्तिपूर्ण हड़ताल या बहिष्कार एक लोकतांत्रिक अधिकार है और इसको छीनने का प्रयास लोकतंत्र का गला घोंटने जैसा है। अधिनियम में वकीलों पर 3 लाख रुपए तक का जुर्माना लगाने का प्रावधान है जिससे सरकार को उन पर अनावश्यक दबाव बनाने की तानाशाही ताकत मिलेगी। बार काउंसिल आफ इंडिया को भी किसी की अधिवक्ता को तरंत निलम्बित (धारा 36) करने का अधिकार दिया जा रहा है जो न सिर्फ वकीलों के शोषण को बढ़ावा देगा बल्कि बिना उचित जांच के किसी का भी निलम्बन अन्यायपूर्ण भी है और अलोकतांत्रिक भी है। अजय राय ने कहा कि सच तो यह है कि मोदी सरकार हर स्तर पर लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन कर रही है और अपने खिलाफ उठने वाले विरोध के स्वर को कुचल देना चाहती है। यह अधिनियम भी उसी दिशा में एक कदम है। जिसके प्रावधानों का सहारा लेकर सरकार अधिवक्ताओं पर अनावश्यक दबाव बनाएगी और उनकी स्वतंत्रता को कमजोर करेगी। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि यह दमनकारी बिल है और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए खतरा भी है। कांग्रेस पार्टी पूरी ताकत से इसका विरोध करेगी और सरकार को उसके नापाक मंसूबों को सफल नहीं होने देगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने अधिवक्ता अधिनियम (संशोधन) विधेयक 2025 को तत्काल वापस लेने हेतु महामहिम राष्ट्रति को पत्र लिखकर मांग की है। पत्र की प्रति संलग्न है।

# मौलाना अबुल कलाम आजाद और कस्तूरबा गांधी की पुण्यतिथि पर किया नमन



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**महान** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी-देश के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद एवं महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की धर्मपत्नी कस्तूरबा गांधी की पुण्यतिथि प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मनाई गई। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय सहित कई वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने मौलाना अबुल कलाम आजाद एवं कस्तूरबा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस मौके पर अजय राय ने दोनों महान स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुए उनके त्याग और देश के प्रति किए गए योगदान को याद किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के अलावा पूर्व विधायक सतीश अजमानी एवं हाजी इकराम कुरैशी, मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीश हिंदवी, संजय सिंह, शहर अध्यक्ष डॉ. शहजाद आलम, पुष्पेन्द्र सिंह एडवोकेट, पंकज तिवारी, दयानन्द तिवारी, दिनेश सिंह यादव, शमशाद आलम, बदरे आलम, नीरज तिवारी, आशुतोष मिश्रा, राकेश पाण्डेय, रामबरन गौतम, अमित तिवारी, अनोखे लाल तिवारी आदि कांग्रेसजन मौजूद रहे।

# अधिवक्ताओं का प्रतिनिधिमंडल अखिलेश यादव से मिला

- अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 के प्रति विरोध जताते हुए सौंपा ज्ञापन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से शनिवार को अधिवक्ताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपा जिसमें अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 के प्रति विरोध जताते हुए अधिवक्ताओं की समस्याओं के समाधान हेतु उनके समर्थन की अपेक्षा की गई है।

अधिवक्ता समुदाय ने एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट के पक्ष में समर्थन जुटाते हुए केन्द्र सरकार के एडवोकेट एक्ट 1961 में संशोधन कर नया कानून लाने की तैयारी का घोर विरोध किया है और इसे भारतीय संविधान पर हमला बताया है। ज्ञापन में अधिवक्ताओं का कहना है कि यदि एडवोकेट संशोधन बिल 2025 के ड्राफ्ट में (प्रस्तावित संशोधन धारा-4) के अनुसार बार काउंसिल में तीन सदस्य केन्द्र सरकार द्वारा नामित होने से काउंसिल में सीधे सीधे सरकार का दखल हो जाएगा। प्रस्तावित संशोधन धारा 35ए के अनुसार अधिवक्ता हड़ताल नहीं कर सकेंगे। न हीं किसी न्यायालय का वह बहिस्कार करेगा। ऐसा करने पर उसे एडवोकेट रोललिस्ट से हटा दिया जाएगा। (प्रस्तावित संशोधन धारा 26ए) इस संशोधन बिल में अधिवक्ता के व्यवहार की जांच सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के पूर्व जज द्वारा किए जाने का प्रस्ताव है। तीन साल या अधिक की सजा होने पर अधिवक्ता को रोल लिस्ट से हटा दिया जाएगा और विदेशी लॉ फर्म को भी देश में वकालत की अनुमति दी जा सकेगी। ज्ञापन में कहा गया है कि प्रस्तावित नए कानून में ऐसे प्राविधान हैं जो अधिवक्ताओं के हित को सीधे-सीधे प्रभावित कर रहे है। इसलिए इस प्रस्तावित कानून का विरोध उचित और न्याय के हित में है। अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी अधिवक्ताओं के साथ है। भाजपा सरकार का तानाशाही रवैया लोकतंत्र और संविधान के लिए खतरा है। भाजपा एक-एक कर लोगों के संवैधानिक अधिकारों पर हमला कर रही है। अधिवक्ताओं के संवैधानिक अधिकार अनुच्छेद-19 अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और अनुच्छेद-21 जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का हनन करता है। इससे शांतिपूर्ण तरीके से सरकार की गलत नीतियों के विरोध का अधिकार भी समाप्त हो जाएगा किसानों, नौजवानों, महिलाओं की तरह अधिवक्ताओं के साथ भी धोखा हो रहा है।

# सपा प्रतिनिधिमंडल आज जाएगा रायबरेली

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल रविवार 23 फरवरी 2025 को रायबरेली जायेगा। सपा प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि जनपद रायबरेली के ग्राम-पूरे टांघन एवं चिचौली, थाना-जगतपुर,तहसील-ऊंचाहार निवासी शोभा देवी पत्नी राजाराम, अमृतलाल, बैजनाथ, राम ने भूमि गाटा संख्या-207 मि. से 384 वर्ग मीटर क्षेत्रफल भूखण्ड का बैनामा भू-स्वामी से कराकर नींव भरा दी थी। उसी भूमि को विधायक ऊंचाहार मनोज कुमार पाण्डेय ने बैनामा कराकर उपरोक्त भू-स्वामियों की जमीन पर मिट्टी डलवाकर जबरन कब्जा कर लिया है। जिसकी जानकारी तथा पीड़ित परिवारों से मिलने हेतु प्रतिनिधि मण्डल ग्राम-पूरे टांघन तथा चिचौली, जनपद-रायबरेली पहुंचेगा। प्रतिनिधिमंडल में लाल बिहारी यादव नेता प्रतिपक्ष, विधान परिषद, पंकज पटेल विधायक, इं. वीरेन्द्र यादव जिलाध्यक्ष, समाजवादी पार्टी रायबरेली, पासी सीएल वर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष, समाजवादी पार्टी, रामकरन निर्मल प्रदेश अध्यक्ष, समाजवादी लोहिया वाहिनी, चौ. सुरेश निर्मल, पूर्व प्रत्याशी विधान सभा सलोन एवं जगदेव यादव विधान सभा क्षेत्र ऊंचाहार के अध्यक्ष आदि शामिल रहेंगे।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे प्राइवेट भूखण्ड संख्या 19 रकबा 100 वर्गगज जो कि आराजी संख्या 601 जिसका खाता खतौनी सं. 227 है का आंशिक भाग स्थित ग्राम मकसूदाबाद कानपुर नगर का मूल बैनामा वास्तव मे कही खो गया है जिसका प्रयोग अवैध होगा । श्रीमती आशा राठौर पत्नी श्री सुभाषचंद्र राठौर निवासी 1282, बारासिरोही आई.आई.टी. कानपुर नगर

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती गेंदावती, सरला, पदमावती, मुन्नी देवी, सुनीता देवी पुत्रीगण स्व0 शिवपाल सिंह व ओम प्रकाश सिंह, राजेश सिंह, नरेन्द्र सिंह, अमर सिंह पुत्रगण स्व0 शिवपाल सिंह के नाम खसरा सं0 1968, ग्राम अमौसी सरोजनी नगर, लखनऊ मे संक्रमणीय भूमिधर ने रूप में राजस्व अभिलेखो में दर्ज है। सुनीता देवी अपने हिस्से में से भूखण्ड रकबा 450 वर्गफिट जो खसरा सं0 1968 का भाग है स्थित ग्राम अमौसी सरोजनी नगर लखनऊ का विक्रय श्रीमती अनुस्मृति मिश्रा के पक्ष में कर रही हैं। उपरोक्त सम्पत्ति एम0एच0आई0एल0 से लोन के सापेक्ष बन्धक की जायेगी। यदि किसी भी व्यक्ति/संस्था को उपरोक्त विक्रय के संदर्भ में कोई आपत्ति या हित है तो साक्ष्य व दस्तावेजो के साथ इस सूचना के प्रकाशन से 7 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरी से संम्पर्क करे। **अमित कुमार सिंह राठौर**, अधिवक्ता, पता- चेम्बर 7, यू0जी0एफ0, कृष्णा टावर, चकबस्त रोड, कैसरबाग, लखनऊ। मो0 9559811119

सूचना

सूचना

मैं रानू सरीन पुत्री श्री उमेश कुमार अग्रवाल निवासी मकान संख्या D 201, 202 Lake pleasant Lake Home phase 2, निकट गोपाल शर्मा स्कूल off AS मार्ग पवई, मुंबई, महाराष्ट्र घोषणा करती हूं कि मैंने अपना मूल पट्टा विलेख दिनांक 26.01.1981 बही संख्या 1 जिल्द संख्या 2690 पृष्ठ संख्या 220/224 क्रमांक संख्या 1884 पर उप निबंधक कार्यालय में पंजीकृत है कहीं खो दिया है। जो की संपति है HIG 115 सेक्टर ई अलीगंज लखनऊ। मैं यह संपति अनिकेत एनी एवं श्रीमती श्वेता श्रीवास्तव को बेच रही हूं, संपति का वित्त पोषण एसबीआई आर.ए.सी.पी.सी शाखा अलीगंज लखनऊ द्वारा किया जाएगा यदि किसी को आपत्ति हो तो कृपया एसबीआई आर.ए.सी.पी.सी शाखा अलीगंज लखनऊ से संपर्क करें।
खोई हुई लीज डीड के संबंध दिनांक 20.02.2025 में एफ.आई.आर संख्या 20250000127733 के तहत पुलिस में एफ.आई.आर भी दर्ज करवा दिया गया है।

# राजनीतिक लाभ के लिए सनातन विरोधी बन गए हैं कुछ दलों के नेता: मिथिलेशनंदिनी



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ गोरखपुर

**महाकुंभ** को सनातन की अनादिकाल से चली आ रही परंपरा है। कुछ राजनीतिक दलों के नेता अपने राजनीतिक लाभ के लिए अनादिकाल से जारी की इस परंपरा के विरोधी बन गए हैं।

सनातन का तिरस्कार राष्ट्र और महाकुंभ में आए 60 करोड़ लोगों की भावना का तिरस्कार है। ऐसा करने वालों की राजनीति के ज्यादा दिन शेष नहीं है। राजनीतिक कारणों से महाकुंभ का तिरस्कार गहरी कुंठा का प्रतीक है। ये बातें श्रीहनुमन्निवास धाम अयोध्या के महंत आचार्य मिथिलेशनंदिनी शरण ने कही। वे शनिवार को यहां महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ में महाकुंभ 2025 पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजनीतिक प्रतिबद्धता के कारण महाकुंभ का तिरस्कार करने वालों के लिए आत्म समीक्षा का समय है। ऐसे लोग राजनीति पर, अपनी सीटों पर विमर्श करें तो बेहतर होगा, महाकुंभ पर विमर्श उनके सामर्थ्य का विषय नहीं है। ऐसे राजनीतिक यदि जनमत के निर्णय को मानते हैं तो उन्हें महाकुंभ के रूप में जनमत का सम्मान करना चाहिए।

# कोरोना काल में अनाथ हुए बच्चों के प्रति संवेदनशील है सरकार: अनुपम मिश्र

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**राष्ट्रीय** लोकदल के राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा ने प्रदेश की योगी सरकार के बजट व कार्य शैली की सराहना करते हुए कहा कि किसी भी सरकार के कल्याणकारी व लोक हितकारी कदमों की पहचान तभी होती है जब वह समाज के सर्वाधिक पीड़ित व असहाय वर्ग के हितों का संरक्षण व संवर्धन करती है। कोरोना काल में जिन बच्चों ने अपने माता-पिता को खो दिया था और अनाथ हो गए थे उनके भावी भविष्य को लेकर सरकार ने जिस संवेदनशीलता से उन्हें उस समय सहारा दिया था वही संवेदनशीलता बजट 2025-26 में एक बार पुनः देखने को मिली जब बाल सेवा योजना के तहत 250 करोड़ रुपए की धनराशि का आवंटन सरकार ने इन अनाथ बच्चों के लिए किया। यह न केवल काबिल-ए-तारीफ है बल्कि यह इस बात का एहसास भी कराती है कि सूबे में एक संवेदनशील सरकार का राज है जो आधारभूत ढांचे, रोज़गार, उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य ,क़ानून व्यवस्था, एक्सप्रेसवे, गांव-ग़रीब, किसान, नौजवान और महिलाओं के लिए ही न केवल प्रावधान करती है बल्कि मानवीय संवेदनाओं पर भी पैनी नज़र रखती है। अनुपम मिश्रा ने कहा कि उनकी जानकारी के अनुसार 22 बच्चे शहर में ऐसे हैं जिन्होंने अपने माता पिता दोनों को खो दिया था और 178 बच्चों ने माता-पिता में से एक को खो दिया था ऐसे में सरकार द्वारा उनके बालिग़ होने तक उन्हें दी जाने वाली चार हजार रुपये की मासिक आर्थिक सहायता उनके जीवन की रिक्तता को भरने का सरकार का एक बहुत ही संवेदनशील प्रयास है जिसकी सराहना जितनी की जाए उतनी कम है।

HDFC BANK
We understand your world

कानूनी प्रकोष्ठ, एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, दूसरी मंजिल, वर्धन खंड गोमती नगर एक्स., लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226010

मांग सचूना

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत मांग सूचना** निम्नलिखित कर्जदारों एवं सह-कर्जदारों ने एचडीएफसी बैंक लि. से नीचे वर्णित प्रतिभूत ऋण प्राप्त किए थे। निम्नवर्णित कर्जदारों एवं सह-कर्जदारों के ऋण उनकी संबंधित सम्पत्तियों के बंधक द्वारा प्रतिभूत हैं। चूंकि वे संबंधित ऋण अनुबंधों के नियम एवं शर्तों का पालन करने में असफल रहे हैं और अनियमित हो गए हैं, अतः उनके ऋण आरबीआई दिशानिर्देशों के अनुसार एनपीए की श्रेणी में सूचीबद्ध किए गए हैं। उनके द्वारा एचडीएफसी बैंक लिमिटेड को देय शेष राशि नीचे तालिका में वर्णित है और उक्त राशि पर आगे ब्याज भी लागू अनुसार देय होगा जो उसकी संबंधित तिथि से प्रभारित किया जाएगा।

| | | |
|---|---|---|
| उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं/बंधककर्ता का नामः- 1. मेसर्स श्री मोबाइल (उधारकर्ता) इसके प्रोपाराईटर श्री अवधेश ओझा के माध्यम से पताः - सी/ओ श्रीमती गायत्री देवी, लाला खेड़ा, अली नगर, सुनहरा, सरोजिनी नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226016<br>2. श्रीमती गायत्री देवी (सह-उधारकर्ता एवं बंधककर्ता) पत्नी श्री प्राग दत्त ओझा पताः टाइप-2-182/बी, मल्टी स्टोरी, वी. जी. कॉलोनी, आलमबाग, लखनऊ जी.पी.ओ. लखनऊ, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226001 औरः पताः पतारू मकान नं. 655-भाग, मिनजुमला खसरा नं. 655, अली नगर सुनेहरा (लाला खेड़ा), वार्ड-सरोजनी, नगर सेकेंड, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226008<br>3. श्री अवधेश ओझा (सह-उधारकर्ता) पुत्र श्री प्राग दत्त ओझा, पताः 182/बी, ताल कटोरा रोड, कृष्णा ऑयल मिल के पास, मल्टी स्टोरी वी.जी. कॉलोनी आलमबाग, पी.ओ. आलमबाग बेंती लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226005 | | अचल संपत्ति और प्रतिभूति की अनुसूचीः खसरा संख्या 655 मिन के प्लॉट पर बना मकान, क्षेत्रफल 249.44 वर्ग मीटर, ग्राम- अली नगर, सुनहरा, वार्ड- सरोजनी नगर, तहसील और जिला-लखनऊ। (संपत्ति श्रीमती गायत्री देवी के स्वामित्व में है)। निम्नानुसार सीमाएं -पूर्वः 15 फीट चौड़ी सड़क पश्चिमः नन्हकाऊ की आराजी उत्तरः दीगर की आराजी, दक्षिणः राम किशोर की आराजी। |
| **ऋण सुविधा का प्रकार और खाता सं.** संपत्ति समक्ष ऋण खाता सं. 86656051 | **13(2) के अनुसार बकाया राशि /सूचना तिथि** रु. 27,52,675.00 दिनांक 10.01.2025 तक / नोटिस की तिथि 10.01.2025 | **एनपीए की तिथिः** 06.12.2024 |

दिनांकः 23.02.2025, स्थान : उत्तर प्रदेश
कृते एचडीएफसी बैंक लि. प्राधिकृत अधिकारी

HDFC BANK
We understand your world

कानूनी प्रकोष्ठ, एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, दूसरी मंजिल, वर्धन खंड गोमती नगर एक्स., लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226010

कब्जा सूचना परिशिष्ट IV [नियम 8(1)]

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियो के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम के प्रवर्तन के **एचडीएफसी बैंक लि.** का प्राधिकृत अधिकारी होने तथा प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत शक्तियो के अंतर्गत कर्जदार को एक मांग सूचना जारी किया था जिसमें सूचना में उल्लेखित राशि को उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर प्रति भुगतान करने को कहा गया था। विवरण निम्नानुसार दिया गया :-

| ग्राहक का नामः | अचल संपत्ति का विवरण | |
|---|---|---|
| 1. श्री धीरज कुमार मिश्रा, श्री गणेश प्रसाद मिश्रा (उधारकर्ता एवं बंधककर्ता)<br>2. श्री गणेश प्रसाद मिश्रा पुत्र अमृत लाल मिश्रा (सह-उधारकर्ता) | आराजी नं. 328 पर निर्मित मकान, क्षेत्रफल 173.22 वर्ग. मी., मौजा मुबारकपुर कोटवा, परगना एवं तहसील सदर, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश, (संपत्ति श्री धीरज कुमार मिश्रा के स्वामित्व में)। निम्नानुसार परिबद्धः- पूर्वः बेची गई आराजी का हिस्सा, उत्तरः बेची गई आराजी का भाग, पश्चिमः 18 फुट. चौड़ा कच्चा रास्ता, दक्षिणः आकांक्षा देवी पत्नी लवकुश का प्लॉट | 13(2) नोटिस तिथिः 28.11.2024<br>नोटिस राशि रु. 10,41,263.00<br>कब्जा की तिथिः 20.02.2025<br>स्थानः प्रयागराज |
| 1. मेसर्स जालीवाला प्रा. लि., इसके निदेशकों श्रीमती रूबी रानी अग्रवाल, श्री सिद्धार्थ कुमार अग्रवाल एवं सुरेन्द्र कुमार अग्रवाल (उधारकर्ता) के माध्यम से 2. श्रीमती रूबी रानी अग्रवाल, श्री सुरेन्द्र कुमार अग्रवाल की पत्नी (सह-उधारकर्ता एवं निदेशक) 3. श्री सिद्धार्थ कुमार अग्रवाल, सुरेन्द्र कुमार अग्रवाल के पुत्र (सह-उधारकर्ता एवं निदेशक) 4. श्री सुरेन्द्र कुमार अग्रवाल पुत्र श्री श्रवण कुमार अग्रवाल (सह-उधारकर्ता एवं निदेशक एवं बंधककर्ता) 5. मेसर्स जालीवाला, इसके प्रोपराईटर श्रीमती रूबी रानी अग्रवाल (सह-उधारकर्ता) के माध्यम से | संपत्ति दुकान सं. 42, गौतम बुद्ध मार्ग और मेसर्स अग्रवाल सेल्स के परिसर के रूप में भी ज्ञात, लखनऊ उत्तर प्रदेश 226018 (श्री सुरेन्द्र कुमार अग्रवाल के स्वामित्व वाली संपत्ति)। निम्नलिखित रूप से सीमाबद्धः - पूर्वः श्री अब्दुल रहमान और अब्दुल सत्तार की संपत्ति, उत्तरः श्री महेश कुमार की दुकान पश्चिमः गौतम बुद्ध मार्ग दक्षिणः श्री पवन कुमार की दुकान | 13(2) नोटिस तिथिः 26.11.2024<br>नोटिस राशि रु. 29,38,967.00<br>कब्जा की तिथिः 19.02.2025<br>स्थानः लखनऊ |

कर्जदार(रों) राशि का प्रतिभुगतान करने मे असफल हो गये है, इसलिए एतद्द्वारा कर्जदार(रों) तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त वर्णित संपत्ति का कब्जा, उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4), उक्त नियम 2002 के नियम 8 के साथ पठित के अधीन उन्हे प्रदत्त शक्तियों के इस्तेमाल के अन्तर्गत सम्पत्ति का कब्जा ऊपर वर्णित दिनांकों को लिया है। विशेष रूप से कर्जदार तथा जनसाधारण को एतद्द्वारा उक्त संपत्ति के साथ लेन-देन न करने के लिए सावधान किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी लेन देन **एचडीएफसी बैंक लि.**, के ऊपर वर्णित प्रभार वास्ते राशि और ब्याज साथ में खर्चे एवं प्रभार इत्यादि सहित वसूली घटाकर, यदि कोई हो, के अधीन होगा। कर्जदार का ध्यान एक्ट की धारा 13 की उप धारा (8), के प्रावधानों के अंतर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के मुक्त करने हेतु उपलब्ध समय सीमा की ओर आकर्षित किया जाता है।

स्थानः प्रयागराज/लखनऊ
प्राधिकृत अधिकारी, एचडीएफसी बैंक लि.

पायनियर
लखनऊ, रविवार, 23 फरवरी, 2025



# विधानसभा आधुनिक तकनीकों व सांस्कृतिक धरोहर का उत्कृष्ट उदाहरण: आनंदीबेन

## राज्यपाल ने विधानसभा गैलरी का अवलोकन कर की नवीनीकरण और आधुनिकीकरण कार्यों की प्रशंसा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**राज्यपाल** आनंदीबेन पटेल ने उत्तर प्रदेश विधानसभा गैलरी का भ्रमण कर वहां के नवीनीकरण एवं आधुनिकीकरण कार्यों का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने विधानसभा परिसर में स्थित विभिन्न भित्तिचित्रों, अत्याधुनिक हाईटेक सुविधाओं, डिजिटल गैलरी और विधानसभा की ऐतिहासिक धरोहर को संजोने वाले नवाचारों को ध्यानपूर्वक देखा और सराहा। उन्होंने डिजिटल म्यूजियम, साउंड ऐंड लाइट शो, विधान सभा के कार्यालय, बैठक कक्ष, राजर्षि पुरुषोत्तम दास हॉल, विधान सभा मंडप, संसदीय दल के कार्यालय का अवलोकन भी किया।

राज्यपाल ने विधानसभा में स्थापित भित्तिचित्रों का अवलोकन किया, जिनमें भारत की ऐतिहासिक घटनाओं और राजनीतिक परंपराओं को चित्रित किया गया है। उन्होंने उत्तर प्रदेश विधानसभा में हुए नवीनीकरण कार्यों और तकनीकी उन्नयन की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि विधानसभा का आधुनिकीकरण इसे भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप बना रहा है। इस दौरान उन्होंने विधानसभा डिजिटल गैलरी का भी अवलोकन किया, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री, राज्यपाल, कैबिनेट मंत्रियों, राज्य मंत्रियों और विधायकों की तस्वीरों के साथ-साथ सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी डिजिटल माध्यम से प्रदर्शित की गई है। राज्यपाल ने गैलरी में लगी हाईटेक स्क्रीन पर विभिन्न विभागों और समितियों की जानकारी, विधायकों एवं मंत्रियों के कार्यक्षेत्र और उनकी जिम्मेदारियों की डिजिटल प्रदर्शनी को भी देखा और इसे एक प्रभावी पहल बताया। उन्होंने हेलीकॉप्टर सिमुलेशन का भी अवलोकन किया, जहां उत्तर प्रदेश के महत्वपूर्ण पौराणिक एवं आध्यात्मिक स्थानों का वर्चुअल भ्रमण हेलीकॉप्टर सिमुलेशन के माध्यम से कराया जाता है। उन्होंने इसे एक अद्भुत अनुभव बताया। विधानसभा डिजिटल कॉरिडोर में पिछले 5 वर्षों में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किए गए कार्यों को उन्होंने सराहा। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना और उनकी पूरी टीम को इस शानदार कार्य के लिए हार्दिक बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि आपके प्रयासों से विधानसभा का विकास और सौंदर्यीकरण अद्वितीय है। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने राज्यपाल को रामायण की तीन खंडों वाली पुस्तक भेंट की, जिसे राज्यपाल ने अत्यंत हर्ष के साथ स्वीकार किया। उन्होंने इस पुस्तक को विशेष रूप से उत्कृष्ट बताते हुए इसे ज्ञानवर्धक बताया। इसके साथ ही, विधानसभा अध्यक्ष ने राज्यपाल को उत्तर प्रदेश विधानसभा का स्मृति चिन्ह भी भेंट किया। राज्यपाल ने विधानसभा में हुए सौंदर्यीकरण और नवीनीकरण कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह आधुनिक तकनीकों और सांस्कृतिक धरोहर के समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण है। इन नवाचारों से आम जनता और जनप्रतिनिधियों को उत्तर प्रदेश विधानसभा के ऐतिहासिक महत्व और कार्यप्रणाली को समझने में सहायता मिलेगी। इस अवसर पर प्रमुख सचिव, विधानसभा सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एलडीए ने काकोरी में चलाया अभियान, दो अवैध प्लाटिंग ध्वस्त



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**काकोरी** में एलडीए द्वारा 2 अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई की गयी। विहित प्र्ाािकारी द्वारा वाद दर्ज कर ध्वस्तीकरण के आदेश दिए थे। आदेश पर प्रवर्तन टीम द्वारा नाली, सड़क, बाउड्रीवाल को ध्वस्त किया गया।

शनिवार को एलडीए की टीम ने काकोरी क्षेत्र में 2 अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया। प्रवर्तन जोन.3 की जोनल अधिकारी वन्दना पाण्डेय ने बताया कि नीरज यादव उर्फ पुजारी यादव व अन्य द्वारा काकोरी के पालेन्हड़ा में लगभग 4 बीघा क्षेत्रफ्ल में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए अवैध कालोनी विकसित करने का प्रयास किया जा रहा था। इसके अलावा हिमान्शु यादव उर्फगोलू व अन्य द्वारा काकोरी के ग्राम.बेहटा में लगभग 2 बीघा क्षेत्रफल में अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। प्राधिकरण से ले.आउट स्वीकृत कराये बिना की जा रही इन दोनों अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध विहित न्यायालय द्वारा वाद योजित करते हुए ध्वस्तीकरण के आदेश पारित किये गये थे। जिसके अनुपालन में प्रवर्तन टीम ने स्थानीय पुलिस बल के सहयोग से दोनों अवैध प्लाटिंग के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही करायी। इस दौरान प्रॉपर्टी डीलरों द्वारा स्थल पर विकसित की गयी सड़क, नाली, बाउन्ड्रीवॉल व भूखंडों के डिमार्केशन के लिए ईंट से किये गये चिनाई आदि के कार्य को ध्वस्त कर दिया गया।

# इंटीग्रेटेड कमांड कॉल सेंटर की लगातार शिकायत पर महापौर ने किया निरीक्षण



### अपर नगर आयुक्त को डिटेल रिपोर्ट पेश करने के दिए निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**स्मार्ट** सिटी लखनऊ के इंटीग्रेटेड कमांड सेंटर का महापौर द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महापौर द्वारा शिकायतो के निस्तारण में मिल रही खामियों को परखा गया। महापौर द्वारा स्वयं 1533 पर काल कर हकीकत की जांच की गयी, जिसमें जल्दी न उठने की लापरवाही पायी गयी। वहीं, अपर नगर आयुक्त को कम्पलेन की काल डिटेल की रिर्पोट को पेश करने का निर्देश दिया गया।

महापौर सुषमा खर्कवाल ने स्मार्ट सिटी के कॉल सेंटर की शिकायत मिलने के बाद अपने पर्सनल नंबर से 1533 पर कॉल किया। इस दौरान 9 मिनट तक कॉल वेटिंग पर रही। 9 मिनट तक कॉल का कोई रिस्पॉन्स नहीं मिलने पर उन्होंने कॉल कट कर दिया। महापौर ने जब दोबारा कॉल किया तो तीन मिनट बाद कॉल रीसीव हुआ। उन्होंने खुद का परिचय न देते हुए एक आम नागरिक की तरह बात की। इस दौरान कॉल को रीसीव करने वाले ऑपरेटर का व्यवहार उन्हें काफ ी खराब लगा। जिसके बाद महापौर ने कॉल को काट दिया। महापौर ने इस मामले में तुरंत एक्शन लेते हुए अपर नगर आयुक्त ललित कुमार के साथ प्राइवेट वाहन से लालबाग स्थित स्मार्ट सिटी के इंटीग्रेटेड कमांड सेंटर पहुंची। वहां उन्होंने कॉल सेंटर में काम करने वाले ऑपरेटरों से ब्यौरा लिया। इस दौरान उन्होंने कॉल ऑपरेटरों को कड़ी फटकार भी लगाई। उन्होंने कहा कि हम यहां जनता की सेवा के लिए बैठे हैं।

हम उनसे कठोर और ऊंची आवाज में बात नहीं कर सकते हैं। कॉल सेंटर में ऑपरेटर को नरम स्वभाव का होना चाहिए। उसे किसी भी व्यक्ति से ऊंची और कठोर आवाज में बात करने का हक नहीं है।

### दो दिन के कॉल रिकॉर्ड किए चेक

**महापौर** ने इस दौरान पिछले दो दिन के कॉल रिकॉर्ड चेक किए। इसके साथ ही जितनी शिकायतें इंटीग्रेटेड कमांड सेंटर में आईं थीं उनपर अब तक क्या कार्रवाई हुई उसका ब्यौरा जाना। इसके साथ ही अपर नगर आयुक्त ललित कुमार को एक दिन में इस पूरे रिकॉर्ड की जांच कर रिपोर्ट पेश करने के लिए निर्देशित किया है। इसके साथ ही महापौर ने रियलिटी चेक के दौरान कॉल 9 मिनट तक नहीं उठने के प्रकरण की भी जांच के लिए निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि इसको लेकर कार्रवाई की जाए।

### शिकायतकर्ता को कॉल बैक कर महापौर ने लिया फीडबैक

**जानकीपुरम** के एक व्यक्ति द्वारा कंट्रोल रूम में पिछले शनिवार को घर के पास स्ट्रीट लाइट लगातार जलने की शिकायत दर्ज कारवाई थी। ऐसे में महापौर ने उन्हें फीडबैक के लिए कॉल किया। इस दौरान खुलासा हुआ कि उन्होंने बीते हफ्ते शनिवार को ये शिकायत दर्ज कारवाई थी। जिसपर कार्रवाई नहीं होने पर उन्होंने दोबारा शुक्रवार को उस समस्या को लेकर कंट्रोल रूम में शिकायत दर्ज कारवाई। जिसके बाद इस हफ्ते शनिवार को उनकी समस्या का समाधान किया गया।

### दो ऑपरेटरों के खिलाफ होगी कार्रवाई

**अपर** नगर आयुक्त ललित कुमार ने बताया कि इस पूरे प्रकरण में उन्होंने भी कॉल सेंटर पर कॉल किया था जिसमें उन्हें ऑपरेटरों द्वारा कॉल पर सही व्यवहार नहीं पाया गया। इसके साथ ही महापौर ने औचक निरीक्षण के दौरान दो ऑपरेटरों पर कार्रवाई के लिए निर्देश दिए हैं। ऐसे में इस प्रकरण में दोनों ऑपरेटरों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। वहीं मामले की जांच की जा रही है।

# अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के वेब पोर्टल का मंत्री ने किया शुभारंभ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**को**-ऑपरेटिव बैंक के सभागार में सहकारिता मंत्री जे.पी.एस. राठौर ने शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के प्रचार-प्रसार और गतिविधियों की निगरानी के लिए एक विशेष वेब पोर्टल का शुभारंभ किया। यह पोर्टल संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के तहत सहकारी संगठनों द्वारा कराये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों को डिजिटल रूप से जनता के समक्ष प्रस्तुत करने और मॉनिटर करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। इस पोर्टल के माध्यम से समय समय पर विभिन्न कार्यक्रमों में जन भागीदारी भी करायी जा सकेगी। यह पोर्टल सहकारी गतिविधियों को प्रचारित करने, युवाओं से जुड़ने और सहकारिता आंदोलन की सशक्त उपस्थिति स्थापित करने में अत्यंत सहायक सिद्ध होगा।

इसके माध्यम से सहकारी संगठनों को एक डिजिटल मंच मिलेगा, जिससे वे अपनी पहलों को व्यापक स्तर पर साझा कर सकेंगे।

इस अवसर पर सहकारिता विभाग के आयुक्त एवं निबंधक कार्यालय को ई-ऑफिस प्लेटफॉर्म पर ऑनबोर्ड करने की प्रक्रिया भी पूर्ण की गई, जिससे विभागीय कार्यों में दक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। कार्यक्रम के दौरान सहकारिता विभाग के अधिकारियों की एक समीक्षा बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न सहकारी संगठनों की वर्तमान स्थिति और भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में प्रमुख सचिव सहकारिता सौरभ बाबू, अयुक्त एवं निबंधक सहकारिता अनिल कुमार सिंह, प्रबंध निदेशन उत्तर प्रदेश को-ऑपरेटिव बैंक आर. के. कुलश्रेष्ठ, प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव यूनियन श्रीकांत गोस्वामी, समस्त संयुक्त आयुक्त एवं संयुक्त निबंधक सहकारिता, उपाअयुक्त एवं उपनिबंधक सहकारिता सहित कई गणमान्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# सिंगल टेबल क्लीयरेंस-डे में 52 प्रकरणों का निस्तारण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**एलडीए** में शनिवार को प्राधिकरण में सिंगल टेबल क्लीयरेंस डे का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत समस्त अनुभागों के अधिकारी व कर्मचारी फाइलों के साथ पारिजात सभागार में उपस्थित हुए। कार्यवाही के दौरान विभिन्न प्रकरणों से सम्बंधित कुल 52 फाइलों का निस्तारण किया गया।

एलडीए में सिंगल टेबल क्लीयरेंस डे का आयोजन हुआ। अपर सचिव सीपी त्रिपाठी ने बताया कि प्राधिकरण में लंबित फाइलों के निस्तारण के लिए सिंगल टेबल क्लीयरेंस डे का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत समस्त विशेष कार्याधिकारी, सहायक लेखाधिकारी, अनुभाग अधिकारी, लिपिक व अभियंतागण अपने अनुभाग की लंबित फाइलों के साथ सुबह 11 बजे मीटिंग हॉल में उपस्थित हुए। इस दौरान सचिव विवेक श्रीवास्तव ने स्वयं लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और फाइलों पर तुरंत निर्णय लेते हुए कार्यवाही सम्पादित करायी। सिंगल टेबल क्लीयरेंस डे पर प्रस्तुत की गयी सभी लंबित फ ाइलों पर शत प्रतिशत कार्यवाही करते हुए कुल 52 फ ाइलों का निस्तारण किया गया। इसके अंतर्गत रिफं ड के 4, रजिस्ट्री के 15, फ्र ी.होल्ड के 2, नामांतरण के 23 व अभियंत्रण की 8 पत्रावलियों का निस्तारण किया।

# स्कूटी से टकराई बस, गुस्से में शीशा व ड्राइवर का सिर फोड़ा



**संवाददाता।** मोहनलालगंज

**प्रयागराज** में महाकुम्भ से सवारियां लेकर राजधानी आ रही रोडवेज बस कस्बे में स्कूटी सवार से टकरा गई। बस की ठोकर से स्कूटी सवार रोड पर गिर पड़ा। जिसे लेकर बस ड्राइवर और स्कूटी सवार में विवाद शुरू हो गया। इसी बीच स्कूटी सवार की ओर से आए युवक ने बस पर पथराव कर ड्राइवर का सिर फोड़ दिया। पुलिसकर्मियों ने किसी तरह जख्मी बस ड्राइवर को बाहर निकालकर सीएचसी पहुंचाया। मामले में एफआईआर दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

सिद्धार्थनगर निवासी ड्राइवर प्रदीप मिश्र शनिवार की शाम प्रयागराज महाकुम्भ से सवारियां लेकर बस लखनऊ ले जा रहे थे। रायबरेली हाईवे पर मोहनलालगंज कस्बे में बस याकूब उर्फ राजू की स्कूटी से टकरा गई। जिससे याकूब रोड पर गिर पड़े। जिसे लेकर याकूब और बस ड्राइवर प्रदीप में विवाद होने लगा। तभी उसके भतीजे अदनान उर्फ साहिल ने पत्थर मारकर बस का शीशा तोड़कर ड्राइवर प्रदीप का सिर फोड़ दिया। बीचबचाव में जौनपुर निवासी बस कंडक्टर संतोष कुमार दुबे भी चोटिल हो गए। उधर मारपीट से बस की सवारियों में अफरातफरी मच गई। पुलिसकर्मियों ने फौरन मौके पर पहुंचकर बस ड्राइवर प्रदीप को सीएचसी ले जाकर भर्ती कराया। एसएचओ अमर सिंह ने बताया बस ड्राइवर की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही है।

# नवयुग में साईफिएस्टा 2.0 का आयोजन



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**आगामी** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उत्सव को ध्यान में रखते हुए, नवयुग कन्या महाविद्यालय राजेन्द्र नगर लखनऊ में 'साईफिएस्टा 2.0 वेयर माइंड्स मीट्स एंड आइडियाज इग्नाइट्स' का भव्य आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रति उत्साही छात्र-छात्राओं के लिए एक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। कार्यक्रम का औपचारिक शुभारम्भ दीपप्रज्वलन और साईफिएस्टा 2.0 के उदघाटन से हुआ। कार्यक्रम में डॉ. ऋतु त्रिवेदी, प्रिंसिपल साइंटिस्ट, एंडोर्निोलॉजी डिवीजन , केंद्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान, लखनऊ, श्री संदीप कुमार शिवहरे, रजिस्ट्रार, बीरबल साहनी इंस्टीट्यूट ऑफ पेलियोसाइंसेज, डॉ . दीपनारायण पांडे, जेअनयू , डॉ .मृदुल कुमार शर्मा, सीनियर टेक्निकल ऑफिसर, एनबीआरआई लखनऊ , अंशुल विद्यार्थी, प्रांत संगठन मंत्री एबीवीपी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहें। कार्यक्रम में विभिन्न कॉलेजों के छात्र-छात्राओं ने जिनमें एकेटीयू लखनऊ विश्वविद्यालय, नारी शिक्षा निकेतन, बीएसएनवी, डीएवी, महिला कॉलेज, एसकेडी कॉलेज, आईटी कॉलेज, महाराजा बिजली पासी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जैसे प्रतिष्ठित संस्थान शामिल थे जिन्होंने अपने वर्किंग मॉडलों से विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में अपने ज्ञान और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया।

# राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष ने ओबीसी छात्रावास का किया लोकार्पण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**बाबा** साहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के छात्रों के लिए नवनिर्मित पुरुष छात्रावास का लोकार्पण शनिवार को उत्तर प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति शिवकुमार द्विवेदी, आयोग के सदस्य रमाशंकर साहू और कुलसचिव यू.वी. किरण सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

समारोह को संबोधित करते हुए राजेश वर्मा ने कहा कि यह छात्रावास अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रों के शैक्षिक और सामाजिक उत्थान के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों में समावेशी शिक्षा का वातावरण तैयार करने के लिए इस तरह की आवासीय सुविधाएं अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए इसे एक मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षा समाज के विकास की नींव है और यह छात्रावास पिछड़े वर्ग के छात्रों को आगे बढ़ने के लिए एक नया मंच प्रदान करेगा। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह छात्रावास शिक्षा के माध्यम से सामाजिक उत्थान का उदाहरण प्रस्तुत करेगा।

# महाशिवरात्रि से पहले डीएम ने शहर के प्रमुख मंदिरों में लिया व्यवस्थाओं का जायजा

### मंदिर मार्ग की सभी स्ट्रीट लाइट दुरुस्त करने, अतिक्रमण हटाने व साफ-सफाई के निर्देश दिए

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**महाशिवरात्रि** पर्व के दृष्टिगत जिलाधिकारी विशाख जी. ने शहर के मनकामेश्वर और बुद्धेश्वरन मंदिर पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा मंदिर मार्ग की स्ट्रीट लाइटों की जांच के निर्देश दिए ,साथ ही बुद्धेश्वरन मंदिर के पास बने फ्लाई ओवर के नीचे अतिक्रमण हटाने और साफ-सफाई के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मनकामेश्वर मंदिर पहुंच कर मंदिर तक के रूट और मंदिर परिसर का भ्रमण किया। जिलाधिकारी ने नगर निगम को निर्देश दिए कि मंदिर के पहुंच मार्ग पर जो स्ट्रीट लाइट लगी है सबकी चेकिंग कराना सुनिश्चित किया जाए। जो लाइट खराब है उनको तत्काल बदलते हुए मार्ग प्रकाश की व्यापक व्यवस्था को सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान अपर नगर मजिस्ट्रेट पंचम ने बताया कि शिवरात्रि के पर्व के समय रात्रि 3 बजे से दूसरे दिन की रात्रि 11 बजे तक बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने आते है। जिसके लिए बंधे के नीचे के रोड पर वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित होता है, केवल पैदल ही आवागमन होता है। साथ ही मंदिर गेट से मंदिर तक बैरीकेडिंग करके महिला और पुरुष श्रद्धालुओं की अलग अलग लाइन लगवा कर दर्शन कराया जाता है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने नगर निगम को निर्देश दिया कि मंदिर परिसर के आस पास साफ सफ ाई की पर्याप्त व्यवस्था को सुनिश्चित कराया जाए। साथ ही निर्देश दिया कि बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आवागमन के तहत पार्किंग स्थलों को चिन्हित करते हुए पार्किंग प्लान और क्राउड मैनेजमेंट प्लान बनाना सुनिश्चित किया जाएं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि दर्शन के लिए आने वाले किसी भी श्रद्धालु को कोई असुविधा न होने पाए। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि मंदिर के पास एम्बुलेंस की व्यवस्था, पेयजल और मेडिकल कैम्प की व्यवस्था को भी सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण में नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, उप जिलाधिकारी सदर सौरभ सिंह, अधिशासी अभियंता विद्युत, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, जोनल अधिकारी नगर निगम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### राउंड द क्लाक तैनाती कर इंट्रीग्रेटेड कंट्रोल रूम की स्थापना की जाए

**जिलाधिकारी** ने निर्देशित किया कि मनकामेश्वर पुलिस चौकी व मंदिर प्रांगण पर पुलिस व अपर नगर मजिस्ट्रेट व नगर निगम व स्वास्थ्य विभाग विद्युत विभाग आदि विभागों के अधिकारियों को राउंड द क्लाक तैनाती कर इंट्रीग्रेटेड कंट्रोल रूम की स्थापना की जाए। श्रद्धालुओं के आने जाने के लिए पर्याप्त जगह हो यह भी सुनिश्चित किए जाने के लिए स्थानीय दुकानदारों के साथ पहले ही बैठक कर जगह निर्धारित किया जाए। जिलाधिकारी ने बुद्धेश्वर मंदिर परिसर का भी निरीक्षण किया। थानाध्यक्ष पारा ने बताया कि बुद्धेश्वर चौराहे से मंदिर तक नो व्हीकल जोन रहता है। चौराहे से मंदिर तक श्रद्धालुओं का आवागमन पैदल होता है। गेट नंबर 1 से एंट्री और गेट नंबर 3 से निकास है। प्रवेश गेट पर महिला पुरुष की अलग अलग लाइन लगा कर प्रवेश दिया जाता है। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान संपूर्ण मंदिर परिसर, सीता कुंड और सीता रसोई का भी भ्रमण किया। भ्रमण करते हुए जिलाधिकारी ने जोनल अधिकारी नगर निगम को साफ-सफाई और मार्ग प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उप जिलाधिकारी सदर ने बताया कि मंदिर परिसर स्थित जिला प्रशासन कैम्प कार्यालय में पुलिस और जिला प्रशासन का संयुक्त कंट्रोल रूम बनाया है जहां परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की लाइव फीड से मॉनिटरिंग की जाती है। जिसके सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि यदि सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता है तो उसे बढ़ाया जाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि फ्लाईओवर के नीचे जो अतिक्रमण है 24 फ रवरी की शाम तक उसे हटवाकर साफ सफाई करायी जाए।

# पदभार संभालते ही एक्शन में सरकार के मंत्री

## प्रवेश वर्मा ने किया बारापुला परियोजना का मुआयना



सराय काले खां में बारापुला के तीसरे चरण की परियोजना की प्रगति की समीक्षा करते मंत्री प्रवेश वर्मा।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

लोक निर्माण विभाग मंत्री प्रवेश वर्मा ने शनिवार को दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के सराय काले खां में बारापुला के तीसरे चरण की परियोजना की प्रगति की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान वर्मा ने निर्माण श्रमिकों और सुपरवाइजर से बातचीत की और उन्हें उचित सड़क निर्माण और प्रभावी जल निकासी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वर्मा के साथ पीडब्ल्यूडी के अधिकारी और सुपरवाइजर भी थे। बारापुला के तीसरे चरण की परियोजना एक एलिवेटेड कॉरिडोर है जो मयूर विहार-एक को सराय काले खां से जोड़ता है। वर्मा ने एक्स पर इस बात पर जोर दिया कि क्षेत्र में हर निवासी को सुचारू यातायात प्रवाह और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

उन्होंने कहा, इन परियोजनाओं को पूरा करना मेरी प्राथमिकता है ताकि हर किसी को विकास के बेहतर अवसर मिले।

विकास की यह यात्रा अब नहीं रुकेगी। जल्द ही जनता को अच्छी सड़कें मुहैया कराई जाएंगी। यह

### ● पीडब्ल्यूडी मंत्री ने उचित सड़क निर्माण और प्रभावी जल निकासी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए

दिल्ली के लोगों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता है। पीडब्ल्यूडी के अलावा वर्मा को जल, विधाई मामले, सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग की जिम्मेदारी दी गई है।

## आशीष सूद ने गृह मंत्री के रूप में कार्यभार संभाला

### ● विभाग के अधिकारियों संग पहली महत्वपूर्ण बैठक की

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

भाजपा विधायक आशीष सूद ने शनिवार को गृह मंत्री के रूप में कार्यभार संभाला और विभाग के अधिकारियों के साथ अपनी पहली आधिकारिक बैठक की। जनकपुरी से पहली बार विधायक बने सूद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की कैबिनेट में एक प्रमुख पंजाबी चेहरा हैं। कार्यभार संभालने के बाद मंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मैंने दिल्ली के गृह मंत्री के रूप में पदभार ग्रहण किया और इस विभाग के अधिकारियों के साथ अपनी पहली महत्वपूर्ण बैठक की है।

आशीष सूद ने बताया कि बैठक के दौरान राष्ट्रीय राजधानी में कानून व्यवस्था को मजबूत करने और प्रशासनिक दक्षता में सुधार करने पर चर्चा हुई। वह यह सुनिश्चित करेंगे कि गृह विभाग पूरी पारदर्शिता और समर्पण के साथ काम करे।

गृह विभाग के अलावा, सूद को बिजली, शहरी विकास, शिक्षा, उच्च शिक्षा, प्रशिक्षण और तकनीकी शिक्षा विभाग आवंटित किए गए हैं। अपनी प्राथमिकताओं के बारे में मंत्री ने कहा, हम कानून व्यवस्था, आपदा प्रबंधन, यातायात व्यवस्था और अन्य संबंधित मामलों पर विशेष ध्यान देंगे। हमारा लक्ष्य दिल्ली को एक ऐसा शहर बनाना है, जहां हर नागरिक सम्मान और गर्व के साथ रह सके।



## राव तुला अस्पताल पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री



**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य मंत्री पंकज सिंह ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद कमलजीत सहरावत के साथ शनिवार को राव तुला राम मेमोरियल अस्पताल का निरीक्षण किया। मोहल्ला क्लीनिक के कामकाज में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए उनकी स्थिति पर एक विस्तृत रिपोर्ट जल्द ही जारी की जाएगी।पंकज सिंह ने कहा, एक बार जब मुझे रिपोर्ट मिल जाएगी तो वह मोहल्ला क्लीनिक से संबंधित सभी सवालों के जवाब दूंगा। आधिकारिक दस्तावेजों के बिना वह कोई दावा नहीं कर सकते। रिपोर्ट से इन क्लीनिक की वास्तविक स्थिति का पता चलेगा और इनके संचालन में किसी भी तरह की अनियमितता का खुलासा हो जाएगा।

# पुलिस मुठभेड़ के बाद भाऊ बवाना गिरोह के तीन बदमाश गिरफ्तार

### ● आरोपियों पर हत्या, जबरन वसूली और सशस्त्र डकैती से संबंधित मामले दर्ज है : पुलिस



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

रोहिणी इलाके में गोलीबारी के बाद दिल्ली पुलिस ने हिमांशु भाऊ नीरज बवाना गिरोह से जुड़े तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इन गिरफ्तारियों और आरोपियों से अवैध हथियारों की जब्ती के साथ, दिल्ली और हरियाणा में संभावित लक्षित हत्याओं को टाला गया। आरोपियों की पहचान अतुल, रोहित और प्रिंस के रूप में हुई है।

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त संजय भाटिया के अनुसार, सूचना मिली थी कि तीन बदमाश किसी को गोली मारने के इरादे से मोटरसाइकिल पर सवार होकर बवाना की तरफ जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि तुरंत पुलिस की एक टीम गठित की और रोहिणी के दीप विहार स्थित प्रेम आधार अस्पताल के पास जाल बिछाया गया और देर रात करीब 10:30 बजे पुलिस ने एक मोटरसाइकिल को रोका, जिस पर तीन आरोपी सवार थे। जब उन्हें रुकने के लिए कहा गया, तो अपराधियों ने भागने की कोशिश की, लेकिन वे बाइक पर से नियंत्रण खो बैठे। उनमें से एक ने पुलिस टीम पर गोली चला दी, जो एक हेड कांस्टेबल के बुलेट प्रूफ जैकेट में लगी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी गोली चलाई, जिससे हमलावर के पैर में चोट लग गई, जबकि अन्य दो संदिग्धों को काबू कर गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों के पास से एक अर्ध-स्वचालित पिस्तौल, दो देशी पिस्तौल, पांच कारतूस और मोटरसाइकिल जब्त की गई।

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों का इतिहास हिंसक अपराधों का है, जिसमें हत्या, जबरन वसूली और सशस्त्र डकैती शामिल है। अतुल पहले भी हत्या, जबरन वसूली और शस्त्र अधिनियम उल्लंघन सहित सात आपराधिक मामलों में शामिल था। जेल में रहते हुए उसने बवाना के एक राजनेता को जबरन वसूली के लिए फोन भी किए थे। पुलिस के मुताबिक, रोहित, भारतीय सेना का एक पूर्व सैनिक है, जो बाद में अपराध की दुनिया में उतर गया। वह हत्या, डकैती और चोरी के छह मामलों में शामिल था। पुलिस ने बताया कि तीनों में सबसे छोटा प्रिंस अतुल के बहकावे में आकर गिरोह में शामिल हो गया।

# बहन को परेशान करने पर युवक की हत्या

### ● सीसीटीवी की मदद से आरोपी गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली के उत्तम नगर इलाके में एक व्यक्ति ने कथित तौर पर अपनी बहन को परेशान करने पर विक्की टक्कर गिरोह के एक सदस्य की हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी सोनू (27) ने धमार उर्फ फिरोज खान के सिर पर कंक्रीट के एक बड़े टुकड़े से हमला कर दिया।

घटना की रिपोर्ट 10 फरवरी को शिकायतकर्ता राहुल ने दर्ज कराई थी, जिसने रात 10:45 बजे भूतल से झगड़े की आवाज सुनी थी। अधिकारी ने बताया कि जब राहुल सीढ़ियों के पास पहुंचा तो उसने तीन लड़कों को खान पर हमला करते हुए देखा।पुलिस उपायुक्त (अपराध) सतीश कुमार ने कहा, जब राहुल ने हस्तक्षेप करने का प्रयास किया, तो हमलावरों में से एक ने उसे धमकाया और दूर रहने की चेतावनी दी। इसके बाद तीनों लड़कों ने खान को सड़क पर खींच लिया, जहां उन्होंने उसे पीटना जारी रखा। बाद में सोनू ने कंक्रीट का एक टुकड़ा लिया और फिरोज खान के सिर पर वार किया, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। उन्होंने बताया कि हमले के बाद हमलावर मौके से भाग गए। राहुल ने तुरंत पुलिस को फोन किया, जिसके बाद पीड़ित को डीडीयू अस्पताल ले जाया गया। कुमार ने बताया कि खान की इलाज के दौरान मौत हो गई। उन्होंने कहा कि प्राथमिकी 11 फरवरी को दर्ज की गई। पुलिस ने घटनास्थल और आसपास के इलाकों से सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया जिसमें एक संदिग्ध की पहचान सोनू के रूप में हुई। पुलिस ने दिल्ली और गाजियाबाद में कई किलोमीटर के दायरे में लगे 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के जरिए संदिग्ध की पहचान की और गुप्त सूचना के बाद उसे उत्तर प्रदेश के एटा से पकड़ लिया गया। अधिकारी के अनुसार, गिरफ्तार व्यक्ति ने बताया कि मारा गया व्यक्ति उसके पड़ोस में रहने वाला कुख्यात अपराधी था, जो कई चेतावनियों के बावजूद अकसर उसकी बहन को परेशान करता था।

# प्रधानमंत्री मोदी से मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने की मुलाकात

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली की नई मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उनके आवास पर मुलाकात की। यह पदभार संभालने के बाद उनकी प्रधानमंत्री के साथ पहली औपचारिक मुलाकात थी।

शालीमार बाग सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की विधायक गुप्ता ने बृहस्पतिवार को मोदी की मौजूदगी में रामलीला मैदान में एक भव्य समारोह में दिल्ली के 9वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। उन्होंने एक्स पर मुलाकात की तस्वीर के साथ पोस्ट किया, प्रधानमंत्री आवास पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने कहा

### ● सीएम बोलीं, पीएम के मार्गदर्शन में डबल इंजन की सरकार दिल्ली का करेगी विकास

कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और नेतृत्व में भाजपा की डबल इंजन सरकार जन कल्याण और सुशासन के मार्ग पर चलते हुए दिल्लीवासियों के विकसित दिल्ली के सपने को साकार करने के लिए समर्पित है। पांच फरवरी को हुए चुनाव में भाजपा ने 70 विधानसभा सीट में से 48 सीट जीतकर 26 साल बाद दिल्ली की सत्ता में वापसी की और रेखा को मुख्यमंत्री बनाया गया।

# मासिक सहायता स्कीम पर सीएम से मांगा समय

### ● पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी बोली, 2500 रुपये देने का वादा पूरा करे भाजपा सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



पूर्व सीएम आतिशी ने विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान भारतीय जनता पार्टी द्वारा किए गए महिलाओं को 2,500 रुपए मासिक सहायता देने के वादे पर चर्चा के लिए आम आदमी पार्टी (आप) विधायकों की दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ बैठक के लिए समय मांगा है।

आतिशी ने गुप्ता को लिखे पत्र में सवाल उठाया कि महिलाओं को वित्तीय सहायता देने की योजना को नई सरकार की पहली कैबिनेट बैठक में मंजूरी क्यों नहीं दी गई, जबकि प्रधानमंत्री ने एक चुनावी रैली में इसका वादा किया था। भाजपा ने इस महीने की शुरुआत में हुए विधानसभा चुनाव में आप को शिकस्त दी थी, जिसके बाद गुप्ता और उनकी मंत्रिपरिषद ने बृहस्पतिवार को पद की शपथ ली थी। आप ने चुनाव में 22 सीट जीतीं। आतिशी की कालकाजी सीट भी उनमें से एक है। दिल्ली की 70 सदस्ईय विधानसभा में भाजपा ने 48 सीट पर जीत हासिल की। पिछली आप सरकार में मुख्यमंत्री रहीं आतिशी ने 23 फरवरी को अपने पार्टी विधायकों के साथ मुख्यमंत्री से मिलने का समय मांगा है।

आतिशी ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 31 जनवरी को द्वारका में एक चुनावी रैली में दिल्ली की माताओं और बहनों से वादा किया था कि भाजपा की सरकार बनने के बाद पहली कैबिनेट बैठक में 2,500 रुपए मासिक भुगतान की योजना पारित की जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की पहली कैबिनेट बैठक 20 फरवरी को हुई थी, लेकिन योजना पारित नहीं की गई। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जिन महिलाओं ने मोदी की गारंटी पर विश्वास किया, वे ठगा हुआ महसूस कर रही हैं। मुख्यमंत्री गुप्ता सहित भाजपा नेताओं ने कहा है कि पार्टी द्वारा किए गए वादे के अनुसार योजना मार्च से लागू की जाएगी।

# अकबर रोड और हुमायूं रोड के साइनबोर्ड पर कालिख पोती

**नई दिल्ली।** अकबर रोड और हुमायूं रोड पर लगे साइनबोर्ड पर कालिख पोती गई और उन पर छत्रपति शिवाजी के पोस्टर चिपका दिए गए।

पुलिस ने बताया कि यह घटना कुछ लोगों के विक्की कौशल अभिनीत हिंदी फिल्म छावा देखने के बाद हुई। यह मराठा योद्धा राजा छत्रपति संभाजी पर आधारित फिल्म है। इस कृत्य के कई कथित वीडियो अलग-अलग सोशल मीडिया मंचों पर सामने आए, जिसमें कुछ युवा साइनबोर्ड पर काली कालिख लगाते और मराठा साम्राज्य के संस्थापक शिवाजी की तस्वीरें चिपकाते हुए दिखाई दे रहे हैं। शिवाजी के बेटे संभाजी, साम्राज्य के दूसरे राजा थे। पुलिस दल और नगर निगम अधिकारियों को तुरंत मौके पर भेजा गया तथा क्षतिग्रस्त बोर्ड को साफ कराया गया। अधिकारियों ने जांच शुरू कर दी है और अपराधियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रहे हैं।

### ● शरारती तत्वों ने शिवाजी के पोस्टर चिपकाए

# आग लगने से मंदिर के पुजारी की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

रोहिणी क्षेत्र में स्थित एक मंदिर में शनिवार को आग लग गई। इस हादसे में मंदिर के पुजारी झुलस गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि पीड़ित की पहचान पंडित बनवारी लाल शर्मा (65) के रूप में हुई है। इसने बताया कि बनवारी लाल शर्मा परिसर के अंदर फंसे हुए पाए गए और बाद में उनकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि शनिवार को प्रेम नगर पुलिस थाने में सूर्य मंदिर में आग लगने की सूचना मिली थी।

इसने बताया कि पुलिस की टीम दमकल विभाग के साथ मौके पर पहुंची और दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पा लिया, लेकिन शर्मा अंदर बेहोश मिले। पुलिस ने बताया कि उन्हें तुरंत संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### ● जांच में कमरे के अंदर चालू हीटर के कारण आग लगने की आशंका

पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में कमरे के अंदर चालू हीटर के कारण आग लगने की आशंका है। अधिकारियों ने चार गवाहों के बयान दर्ज किए हैं, जिनमें शर्मा के परिवार के दो सदस्य, एक पड़ोसी और आग की सूचना देने वाला व्यक्ति शामिल है। इनमें से किसी ने भी घटना के बारे में कोई संदेह नहीं जताया। इसने बताया कि आग लगने का सही कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस और फोरेंसिक टीमें घटनास्थल की जांच कर रही हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, हम सभी संभावित पहलुओं की जांच कर रहे हैं, लेकिन अभी तक किसी बाहरी संलिप्तता का कोई सबूत नहीं मिला है।

## उदित राज को जान से मारने की धमकी, मामला दर्ज

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता उदित राज ने शनिवार को आरोप लगाया गया कि बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती के इशारे पर बसपा कार्यकर्ता उन्हें जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। उन्होंने इस संदर्भ में पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई है।

उदित ने शिकायत की प्रति एक्स पर साझा करते हुए पोस्ट किया, मायावती और आकाश के इशारे पर बसपा के समर्थकों द्वारा जान से मारने पर इनाम घोषित करने तथा कॉल व सोशल मीडिया पर धमकी के खिलाफ कार्रवाई के लिए पुलिस आयुक्त से मुलाकात करके आवेदन दिया।

# तस्कर की 1.78 करोड़ की अवैध संपत्ति जब्त

**नई दिल्ली।** भलस्वा डेयरी इलाके में मादक पदार्थों के एक तस्कर से जुड़ी 1.78 करोड़ रुपए की अवैध संपत्ति को दिल्ली पुलिस ने जब्त किया है। आरोपी तस्लीमा उर्फ पुट्टी को जून 2024 में 400 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया था।

पुलिस उपायुक्त निधि वलसन ने बताया कि व्यापक जांच के तहत पुलिस को मादक पदार्थों के पैसे के बड़े पैमाने पर लेन-देन का पता चला और तस्लीमा के मादक पदार्थ कारोबार से जुड़ी सात संपत्तियों की पहचान की गई, जिनकी कीमत 1.78 करोड़ आंकी गई।

इन संपत्तियों को मादक पदार्थों की तस्करी से प्राप्त आय का उपयोग करके खरीदे जाने का संदेह है, जिन्हें एनडीपीएस अधिनियम, 1985 की धारा 68 एफ (1) के तहत जब्त कर लिया गया है।

जब्ती के आदेश को अंतिम मंजूरी के लिए वित्त मंत्रालय, राजस्व विभाग, लोक नायक भवन, नई दिल्ली को भेज दिया गया है। डीसीपी ने बताया कि संपत्तियों का पूरा ब्यौरा वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग को भेजा गया, जिसके बाद आरोपी को समन जारी कर संपत्तियों का वैध स्रोत बताने को कहा गया. लेकिन तस्लीमा अपनी संपत्तियों का सही स्रोत नहीं बता पाई. इसके बाद संपत्तियों को जब्त करने का आदेश जारी कर दिया गया। मामले में पुलसक ीजांच जारी है।

# निगम का स्वच्छ स्कूल अभियान शुरू

### ● हर महीने सर्वश्रेष्ठ तीन विद्यालयों को सम्मानित किया जाएगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम के शिक्षा विभाग, रोहिणी ज़ोन ने स्कूली छात्रों में स्वास्थ्य और स्वच्छता के स्तर को बढ़ाने के लिए 'स्वच्छ विद्यालय, स्वस्थ विद्यार्थी अभियान' शुरू किया है। यह पहल सभी विद्यालय प्रमुखों की उपस्थिति में लॉन्च की गई, जिसका उद्देश्य स्कूलों में स्वच्छता को व्यवस्थित रूप से सुधारना और छात्रों के बीच बेहतर स्वच्छता प्रथाओं को बढ़ावा देना है।

इस अभियान के तहत, एक मानक संचालन प्रक्रिया तैयार की गई है, जिसमें तीन-स्तरीय मूल्यांकन प्रक्रिया शामिल है ताकि अभियान का सही तरीके से संचालन सुनिश्चित किया जा सके। इस पहल के तहत हर महीने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले तीन विद्यालयों को पुरस्कृत किया जाएगा, जो स्वच्छता, सफाई और संपूर्ण विद्यालय पर्यावरण को बनाए रखने में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। इस अभियान के तहत विद्यालय अपना मासिक मूल्यांकन करेंगे, जिसके बाद शिक्षा के उप निदेशक के अधीन एक समिति द्वारा निरीक्षण किया जाएगा और अंत में रोहिणी ज़ोन के उपायुक्त की अध्यक्षता में एक टीम द्वारा अंतिम मूल्यांकन किया जाएगा। इसके साथ डेम्स और बागवानी विभाग के साथ विद्यालयों को इन विभागों से स्वच्छता और हरियाली सुधारने के लिए नियमित सहायता मिलेगी। मान्यता और पुरस्कार, हर महीने सर्वश्रेष्ठ तीन विद्यालयों को सम्मानित किया जाएगा। छात्रों का कल्याण, नियमित स्वास्थ्य जांच, स्वच्छता सुविधाओं और शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

# पलाश के फूलों से महका गोल्फ कोर्स डिस्ट्रिक्ट पार्क

### ● उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने किया उद्घाटन, द्वारका के बाद मयूर विहार फेज 3 में होगा आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




द्वारका के सेक्टर 16 में आयोजित 'पलाश' पुष्प महोत्सव का उद्घाटन करते उपराज्यपाल वीके सक्सेना।

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने शनिवार को दिल्ली विकास प्राधिकरण के संयोजन में द्वारका के सेक्टर 16 के गोल्फ कोर्स रोड स्थित डिस्ट्रिक्ट पार्क में आयोजित दो दिवसीय 'पलाश' पुष्प महोत्सव का उद्घाटन कर दिल्ली वासियों को कर वसंत ऋतु के आगमन का जश्न मनाने का अवसर प्रदान किया।

यह पुष्प महोत्सव इसके बाद 28 फरवरी से 2 मार्च तक मयूर विहार फेज-3 स्थित स्मृति वन में मनाया जाएगा। इस महोत्सव में फूलों और पौधों की जीवंत प्रदर्शनी लगाई जाएगी, जिसका उद्देश्य दिल्ली के हरित क्षेत्र और पुष्प आकर्षण को बढ़ाना है। पलाश महोत्सव का पहला चरण 22 और 23 फरवरी को द्वारका में मनाया जा रहा है, जबकि दूसरा चरण 28 फरवरी, 1 और 2 मार्च को स्मृति वन मयूर विहार फेज-3 में आयोजित किया जाएगा। सक्सेना ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, द्वारका में डीडीए के जीवंत पुष्प महोत्सव, पलाश 2025 का उद्घाटन किया, जो फूलों और पौधों की शानदार श्रृंखला के साथ दिल्ली में वसंत की सुंदरता का जश्न मनाता है। यह आकर्षक कार्यक्रम प्रकृति, संस्कृति और आनंद को जोड़ता है, जो दिल्ली के फूलों के शहर बनने की यात्रा को चिह्नित करता है। मैं सभी को 28 फरवरी से 2 मार्च, 2025 तक डिस्ट्रिक्ट पार्क, सेक्टर 16, द्वारका गोल्फ कोर्स रोड और बाद में स्मृति वन, कोंडली घरोली, मयूर विहार फेज-3 में जाकर इस पुष्प महोत्सव के अनुभव करने के लिए प्रोत्साहित करता हूँ।

## उद्यान पर्यटन उत्सव में नन्हें चितेरों ने भरे प्रकृति के रंग

*नई दिल्ली। दिल्ली पर्यटन द्वारा आयोजित 37 वें उद्यान पर्यटन उत्सव में विभिन्न फूलों की खुशबू संपूर्ण वातावरण को महका रही है। इस उत्वस के अंतर्गत शनिवार को आयोजित आशु चित्रकला प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों ने भाग लिया। स्कूली बच्चों ने स्वास्थ और खुशहाली बागवानी के साथ। बच्चों ने प्रतियोगिता के शीर्षक को अपनी परिकल्पना के रंगों से संजोया । इसके साथ ही बच्चों द्वारा हीर रांझा नाटक का मंचन किया जिसे आगंतुकों द्वारा अत्यधिक सराहा गया।*

# महिला कानून के बढ़ते दुरुपयोग पर चर्चा

### ● धारा 498 (ए) में कमियां , जिसमें संशोधन की मांग उठना लाजिमी है : इंद्रेश कुमार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



विश्व नारी अभ्युदय संस्थान और पीजी डीएवीकॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय चिंतन दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में संस्थान की राष्ट्रीय अध्यक्ष रीता जायसवाल ने धारा 498 (ए) में बदलाव की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस कानून का कई महिलाएं गलत इस्तेमाल कर रही हैं। दिल्ली चैप्टर की अध्यक्षा एडवोकेट अर्चना सिंह ने संगठन ने कहा कि पारिवारिक बिखराव को रोकने के लिए कानून की शरण के साथ-साथ नैतिक मूल्यों को आत्मसात करना पड़ेगा। यह जिम्मेदारी स्त्री पुरुष सबकी है। संगोष्ठी में डीएवी संध्या कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आर के गुप्ता ने कहा कि समाज को मानवीय मुद्दों के प्रति संवेदनशील बनना पड़ेगा इसके बिना कानूनी दुरुपयों को रोका नहीं जा सकता। दिल्ली चैप्टर की अध्यक्षा एडवोकेट अर्चना सिंह ने पारिवारिक बिखराव को रोकने के लिए कानून की शरण के साथ-साथ नैतिक मूल्यों को आत्मसात करना पड़ेगा। जस्टिस लक्ष्मण सिंह सोलंकी ने कहा कि ऐसे कई ऐसे मामले सामने आते हैं जिसका निदान बातचीत से संभव हो सकता है। मुख्य अतिथि इंद्रेश कुमार ने कहा कि धारा 498 (ए) में बहुत ही कमियां हैं। जिसमें संशोधन की मांग उठना लाजिमी है। कहा कि समाज में कोई भी पूर्ण नहीं होता। परिवार को जोड़कर रखने के लिए मानवीय मूल्यों को सहेजकर रखना होगा।

# डीएम ने श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत बनाए गए अस्थायी विश्राम स्थल का किया निरीक्षण

**● डीएम ने स्वंय झांकी पर पहुँचकर श्रद्धालुओं को लाइन में लगाकर करवाया मां का दर्शन**



**मीरजापुर।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने चल रहे महाकुम्भ मेला-2025 के दृष्टिगत गुलाब कली बालिका इण्टर कालेज मोहनपुर जिगना, महाशक्ति इण्टर कालेज बिहसड़ा, वैद्य श्रीकान्त पाण्डेय कन्या इण्टर कालेज भटेवररा में बनाए गए अस्थायी विश्राम स्थल (होल्डिंग एरिया) का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मेन सड़क पर अस्थायी विश्राम स्थल से सम्बन्धित होर्डिंग लगवाए ताकि आने वाले श्रद्धालुओ को यह जानकारी हो सके कि यहां पर निशुल्क विश्राम स्थल बनाया गया हैं। उन्होंने कहा कि पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था रखते हुए शौचालयों की निरंतर साफ सफाई कराते रहें। तत्पश्चात जिलाधिकारी द्वारा कालीखोह मन्दिर पहुचंकर ड्यूटी में तैनात पुलिस अधिकारियों निर्देशित करते हुए कहा कि श्रद्धालुओं से साथ विन्रम व्यवहार रखते हुए उन्हें सुगमतापूर्वक दर्शन कराए। डीएम ने विन्ध्याचल पहुंचकर परिक्रमा पथ व झांकी दर्शन का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि पूरे परिसर की निरंतर साफ सफाई कराते रहें। उन्होंने श्रद्धालुओं को सुगमता पूर्वक दर्शन कराने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। साथ ही साथ जिलाधिकारी ने स्वयं झांकी पर पहुँचकर श्रद्धालुओं को लाइन में लगाकर दर्शन कराया। निरीक्षण के दौरान एक वृद्ध महिला व्हील चेयर से मां का दर्शन कराने उनके परिजन लाइन में लगे था जिन्हे जिलाधिकारी के निर्देश पर ड्यूटीरत मजिस्ट्रेट के द्वारा से वी0आई0पी0 मार्ग से सुगमतापूर्वक दर्शन करवाया गया। तदुपरान्त जिलाधिकारी ने नटवा चौकी/जौनपुर तिराहा पहुंच कर ट्रैफ्कि व्यवस्था में लगे पुलिस अधिकारियों से वार्ता की। उन्होंने जाम की स्थिति न बनने पाए इसके लिए पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान अपर जिाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे देवेन्द्र प्रताप सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका गोवा लाल सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

## शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे का मंत्रियों के साथ महाकुंभ में आगमन कल

**महाकुंभ नगर।** आस्था श्रद्धा और सनातन संस्कृति के महापर्व महाकुंभ में एक और ऐतिहासिक क्षण जुड़ने जा रहा है। महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री और शिवसेना मुखिया एकनाथ शिंदे 24 फरवरी सोमवार को तीर्थराज प्रयागराज की पावन धरती पर पदार्पण करेंगे। शिव सेना प्रदेश सचिव रुचि अभिषेक तिवारी ने बताया कि एकनाथ शिंदे राज्य विशिष्ट अतिथि के रूप में महाराष्ट्र सरकार के मंत्रियों के साथ महाकुंभ में पधारेंगे। वह पवित्र संगम में आस्था की डुबकी लगाकर धर्माचार्यों एवं संत समाज का आशीर्वाद ग्रहण करेंगे। शिवसेना उत्तर प्रदेश संगठन मंत्री की ओर से यह आधिकारिक सूचना आज जारी की गई है। इस भव्य आगमन के स्वागत में प्रदेश प्रमुख अभय प्रदेश संगठन मंत्री अरविंद एवं अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी 24 फरवरी को पूर्वाह्न 11 बजे अरैल हेलीपैड पर उपस्थित रहेंगे।

# सभी पटलों पर कार्यों पर संतोष व्यक्त करते हुए सराहना की, कहां बेहतर कार्य किया जा रहा है : आयुक्त



**अंबेडकर नगर।** आयुक्त अयोध्या मण्डल अयोध्या गौरव दयाल द्वारा कलेक्ट्रेट के भूलेख अनुभाग, राजस्व अभिलेखागार, नगरीय निकाय, संयुक्त कार्यालय, नजारत, कोषागार, बंदोबस्त चकबंदी कार्यालय, आपदा पटलए खनन विभागएसहित अन्य पटलो का भौतिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा विभिन्न पटलों के कार्यों एवं अभिनव प्रयासों के बारे में जानकारी दी गई। कलेक्ट्रेट के विभिन्न पटलों के निरीक्षण के उपरांत मंडल आयुक्त द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्ट्रेट के विभिन्न पटल प्रभारियों के साथ आवश्यक बैठक की। इस अवसर पर मंडलायुक्त ने सभी पटलों के कार्यों पर संतोष व्यक्त करते हुए सराहना कीए उन्होंने कहा कि सभी पटलों पर कार्मिकों द्वारा बेहतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कलेक्ट्रेट के सभी कार्यालयों एवं परिसर में बेहतर साफ्सफाई व्यवस्था पर जिलाधिकारी की सराहना की। उन्होंने कहा कि कलेक्ट्रेट के सभी कार्मिकों का एक ड्रेस कोड की सराहना की। सभी अधिकारी एवं कार्मिक गर्व के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें, अपने पटल, कार्यालय को नियमित साफ सुथरा रखेंए सकारात्मक भाव से कार्य करें, अनावश्यक पत्राचार न करें, कार्यालय में मामले के पत्रावली में कमियों को फरियादी से समन्वय कर दूर कराकर त्वरित निस्तारण करें। अंत में डीएम द्वारा मंडलायुक्त का धन्यवाद देते हुए आवश्वस्त किया कि शासन व आपकी अपेक्षाओं के अनुरूप समस्त क्षेत्रों में बेहतर कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर अपर आयुक्त अजय कांत सैनी, पुलिस अधीक्षक केशव कुमार, मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉक्टर सदानंद गुप्ता सहित अन्य संबंधित पटल प्रभारी एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

# बजट पर चर्चा कर गिनाई उपलब्धियां बताएं विकास ही विकासः जायसवाल



**सोनभद्र।** रावर्टसगंज सिविल लाइन रोड स्थित एक होटल परिसर में शनिवार को जिले के प्रभारी मंत्री रविंद्र जायसवाल द्वारा बजट पर चर्चा प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए बताई गई उपलब्धियां ।प्रभारी मंत्री रविंद्र जायसवाल ने बताया कि केंद्र व राज्य के जो बजट पेश हुए हैं उसमें आम जनमानस के हित सहित किसान नौजवान शिक्षा स्वास्थ्य सभी क्षेत्रों में विकास को लेकर सरकार द्वारा पेश किया गया है वही श्री जायसवाल ने बताया कि 9 लाख आउटसोर्स कर्मियों की सैलरी बढ़ाई गयी अब साइकिल का जमाना गया स्कूल में पढ़ने वाली छात्राओं के लिए फ्री स्कूटी सरकार ने युवाओं को स्मार्टफोन और टैबलेट देने की योजना को जारी रखा है -प्रदेश में युवाओं को स्वरोजगार के लिए ब्याज मुक्त लोन उपलब्ध कराया जाएगा मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत हर जिले में सरकारी कोचिंग सेंटर खोले जाएंगे। इस मौके पर जिला प्रभारी अनिल सिंह ,भाजपा जिला अध्यक्ष नंदलाल गुप्ता, पूर्व सांसद नरेंद्र कुशवाहा ,पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक मिश्रा, डॉक्टर धर्मवीर तिवारी, रमेश मिश्रा ,अजीत चौबे सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत, जिला मीडिया प्रभारी अनूप तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

# प्रकृति, पर्यावरण व मानवीय उन्नति की वृद्धि का महासमागम है महाकुम्भ

**● फ्रांसीसी कलमकार व पूर्व यूएन पार्लियामेंटेरियन हर्वे जुविन ने आयोजित ग्लोबल कुम्भ समिट में की शिरकत, मानवता के सबसे बड़े समागम में आकर खुद को माना धन्य**

**● हर्वे जुविन के अनुसार प्रकृति, वायु, जल और अंतरिक्ष के साथ ही मानवीय मूल्यों और धरती के संरक्षण की दिशा में भी महाकुम्भ महा समागम का है व्यापक योगदान**

**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ मानवता के इतिहास में अब तक के सबसे बड़े आयोजन के तौर पर तो प्रचलित है ही प्रकृति पर्यावरण और मानवीय उन्नति के लिए विमर्श का भी एक सकारात्मक माध्यम बनकर उभर रहा है। महाकुम्भ मेला क्षेत्र के अंतर्गत आयोजित ग्लोबल कुम्भ समिट में शनिवार को देश दुनिया के दिग्गज विचारकों द्वारा अपने संवाद से लोगों को सकारात्मक संदेश देने का प्रयास तो जारी है ही मगर यहां हो रहा विमर्श सकल विश्व के कल्याण का भी प्रयोजन सिद्ध करेगा ऐसा दिग्गजों का मानना है। इसी क्रम में फ्रांसीसी कलमकार व पूर्व यूएन पार्लियामेंटेरियन हर्वे जुविन ने महाकुम्भ को लेकर बड़ी बात कही। उनका कहना है कि प्रकृति वायु जल और अंतरिक्ष के साथ ही मानवीय मूल्यों और धरती के संरक्षण की दिशा में भी महाकुम्भ महासमागम का व्यापक योगदान है। वहीं एक अन्य फ्रेंच पर्यटक डोमिनिक के अनुसार महाकुम्भ ब्रह्मांडीय सद्भाव को खुद में आत्मसात करना एक अविस्मरणीय क्षण है। गोवर्धन ईको विलेज के प्रतिनिधि मोहन विलास दास के अनुसार सनातन से सकल विश्व पर्यावरण संबंधी चुनौतियों से निपटने के साथ ही बहुत कुछ सीख सकता है और निश्चित तौर पर महाकुम्भ इस दिशा में सहायक सिद्ध हो रहा है।

द इंडिया फाउंडेशन के निमंत्रण पर महाकुम्भ मेला में आए फ्रांसीसी कलमकार व पूर्व यूएन पार्लियामेंटेरियन हर्वे जुविन इंटरनेशनल लोकलिस्ट मूवमेंट के प्रेसीडेंट भी हैं। उन्होंने कहा कि प्रकृति वायु जल और अंतरिक्ष मानवता से जुड़कर बेहतर तौर पर जीवन जीने का तरीका सिखाती है। निश्चित तौर पर महाकुम्भ भी एक ऐसा ही क्षण है। उन्होंने कहा कि मानवता के इस सबसे बड़े समागम का हर क्षण विशिष्ट है ऐसे में यहां की सकारात्मकता का संचार सकल विश्व में होना चाहिए। कुम्भ ग्लोबल समिट में मानवता के सबसे महत्वपूर्ण विषयों पर विमर्श हो रहा है। यह डेवलपमेंट प्रोग्रेस और सस्टेनेबिलिटी को लेकर एक मार्ग प्रशस्त करने वाला विमर्श है जहां पर्यावरण संरक्षण के मूल्यों पर भी चर्चा हो रही है। हमें अपने जीवन को आनंदपूर्वक जीना चाहिए और आनंद की अनुभूति प्रकृति के अनुपम सौंदर्य से बढ़कर भला कौन दे सकता हैए इसलिए आनंदपूर्वक जीवनयापन के लिए प्रकृति से जुड़कर हमें उसके विभिन्न पहलुओं का समर्थन संरक्षण करना होगा। फ्रेंच पर्यटक डोमिनिक ने कहा कि निश्चित तौर पर मेरे जीवन का सबसे बड़ा क्षण महाकुम्भ मेले का हिस्सा बनना है। यह अद्भुत है अकल्पनीय है और अतुलनीय है। महाकुम्भ के जरिए ब्रह्मांडीय सद्भाव को खुद में आत्मसात करना अविस्मरणीय अनुभूति है और यही कारण है कि महाकुम्भ मानव कल्याण के लिए व्यक्तिगत और सामाजिक दोनों ही स्तरों पर व्यापक भूमिका का निर्वहन कर रहा है। करोड़ों लोग एक आस्था की डोर में बंधे यहां आ रहे हैं जो धर्म की खूबसूरती को दर्शाने के साथ ही एकता का संदेश भी देता है। ग्लोबल कुम्भ समिट में मुंबई के पालघर स्थित गोवर्धन ईको विलेज के प्रतिनिधि मोहन विलास दास ने बड़ी बात कही। उन्होंने कहा कि सनातन से सकल विश्व पर्यावरण संबंधी चुनौतियों से निपटने के साथ ही बहुत कुछ सीख सकता है और निश्चित तौर पर महाकुम्भ इस दिशा में सहायक सिद्ध हो रहा है।

# वृक्षारोपण अभियान से जुड़े सभी विभाग आवश्यक तैयारियॉ निर्धारित समय के अन्दर करें पूर्णः डीएम



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बीएन सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में वर्षाकाल में होने वाले वृक्षारोपण की तैयारियों के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पर्यावरण व पानी के लिए पौधे लगाना जरूरी है, पेड़ से आक्सीजन मिलने के साथ ही पर्यावरण को संतुलित करने में भी काफी मदद करते हैं। उन्होंने कहा कि जनपद के विभिन्न विभागों द्वारा पौध रोपित करने के लिए शासन द्वारा 1 करोड़ 48 लाख 14 हजार 479 लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिलाधिकारी ने इस वृक्षारोपण को सफल बनाने के निमित्त गढ्ढों की खोदाई, गोबर खाद व अन्य कीटनाशक दवाओं आदि के सम्बन्ध में अधिकारियों को दायित्वबोध कराते हुए आवश्यक प्रबन्ध करने के निर्देश दियें। उन्होंने कहा कि सोनभद्र जिले के लिए शासन द्वारा जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है, उसके सापेक्ष सम्बन्धित विभाग अपने-अपने आवंटित पौध रोपण स्थल पर जाकर पौध रोपण करने वाले स्थलों का भ्रमण कर लें। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण अभियान में पर्यावरण वन विभाग व अन्य सरकारी विभागों के साथ ही जन सहभागिता से लक्ष्य को पूरा करायें।जिलाधिकारी ने वर्षाकाल में होने वाले वृक्षारोपण की तैयारियों की बैठक करते हुए कहा कि शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए पौध रोपण स्थल का चिन्हांकन करते हुए गढ्ढ़ा खोदने की सूची 15 मार्च तक तैयार करते हुए सम्बन्धित विभाग को हर हाल में उपलब्ध कराया जाये। ज्यादा पौधे बीज के जरिये उगाया जाये, बीज के जरिये उगे पौधों का विकास बेहतर होता है, इसके लिए सम्बन्धित विभाग तैयारी पहले से ही करना सुनिश्चित करेंगें। उन्होंने कहा कि जनपद के जिन क्षेत्रों में पौधों के लिए जमीन व वातावरण अनुकूल हों, ऐसे पौंधों की प्रजातियों का चिन्हांकन करते हुए क्षेत्र में स्थल का चयन करने में विशेष ध्यान दिया जाये, जिससे पौधों का विकास होने के साथ ही संरक्षण की भी व्यवस्था की जा सकें। डीएम ने इस मौके पर उपस्थित जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्राम स्तर पर पौध रोपण संबंधी बैठक करते हुए लोगों में जागरूकता लाया जाये, जिससे पौध रोपण के लिए स्थल के चयन में सहयोग मिल सके। जिन विभागों को शासन द्वारा लक्ष्य निर्धारित है, किन्तु उनके पास भूमि स्थल का अभाव है, तो वो विभाग समय से पहले अपने निर्धारित लक्ष्य को कम करने के लिए पत्र के माध्यम से अवगत कराते हुए क्षमता के अनुरूप ही लक्ष्य प्राप्त करें। सीडीओ जागृति अवस्थी, डीएफओगण के साथ सम्बन्धि विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## प्रभारी मंत्री ने सदर ब्लाक प्रमुख को किया सम्मानित

**सोनभद्र।** जनपद सोनभद्र के दौरे पर आए जनपद के प्रभारी मंत्री रविंद्र जायसवाल द्वारा शनिवार को सदर ब्लाक प्रमुख व अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष अजीत रावत को दिल्ली विधानसभा क्षेत्र मंगोलपुरी में 33 साल बाद भाजपा प्रत्याशी को विगत तीन माह से लगातार प्रचार प्रसार कर जीत दिलाई जाने पर अंग वस्त्र एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रभारी मंत्री रविंद्र जायसवाल ने कहा कि यह जीत आम जनमानस की जीत है जिसमें सभी कार्यकर्ताओं ने कदम से कदम बढ़ाकर लोगों के बीच केंद्र और राज्य के कल्याणकारी योजनाओं को बताते हुए सभी उम्मीदवारों को विजई बनवाया सभी को ह्रदय से आभार। इस मौके पर जिला प्रभारी अनिल सिंह भाजपा जिला अध्यक्ष नंदलाल गुप्ता पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक मिश्रा रमेश मिश्रा जिला महामंत्री कृष्ण मुरारी गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

## महाकुम्भ से जोड़कर फैलाई अफवाह, 34 सोशल मीडिया अकाउंट पर कार्रवाई

**महाकुम्भ नगर।** बांग्लादेश में ट्रेन में आग लगने की पुरानी घटना को प्रयागराज के महाकुम्भ से जोड़कर सोशल मीडिया पर भ्रामक प्रचार करने वाले 34 अकाउंट्स पर पुलिस ने कड़ी कार्रवाई की है। सोशल मीडिया मॉनिटरिंग में पाया गया कि 22 फरवरी 2025 को कुछ सोशल मीडिया अकाउंटस द्वारा वर्ष 2022 में बांग्लादेश के परबत एक्सप्रेस ट्रेन में लगी आग के वीडियो को प्रयागराज से जोड़कर यह झूठी खबर फैलाई गई कि महाकुम्भ जाने वाली ट्रेन में 14 फरवरी 2025 को आग लगने से 300 लोगों की मौत हो गई। पुलिस जांच में पुष्टि हुई कि यह वीडियो बांग्लादेश की पुरानी घटना का है। उत्तर प्रदेश पुलिस एवं कुम्भ मेला पुलिस ने सोशल मीडिया पर इसका खंडन किया। इन अफवाहों को फैलाने वाले 34 सोशल मीडिया अकाउंट्स की पहचान कर कोतवाली कुम्भ मेला पुलिस ने उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# स्वतंत्र न्यायपालिका के लिए बार का निर्भीक होना जरूरीः सोशल रिफार्म

**प्रयागराज।** सेंटर फार कांस्टीट्यूशनल एण्ड सोसल रिफार्म के राष्ट्रीय अध्यक्ष और वरिष्ठ अधिवक्ता ए एन त्रिपाठी ने कहा कि कहावत है एक सिविलाइज्ड देश के लिए मजबूत स्वतंत्र व निष्पक्ष न्यायपालिका का होना जरूरी है। श्री त्रिपाठी ने कहा एडवोकेट एक्ट 1961 में प्रस्तावित संशोधन वकीलों ही नहीं अपितु न्यायपालिका एवं सरकार के हितों के खिलाफहै। यह संशोधन बिल अधिवक्ताओं की स्वतंत्रता एवं निष्पक्षता को छीनने वाला है। यदि इसे लागू किया गया तो इसका दूरगामी परिणाम होगा और इससे न्यायपालिका की स्वतंत्रता भी प्रभावित होगी। इसलिए केंद्र सरकार गणतंत्र के तीसरे स्तंभ न्यायपालिका को कमजोर करने का बिल वापस ले।या अनुच्छेद 143 में राष्ट्रपति के जरिए सुप्रीम कोर्ट को रिफरेंस भेजकर राय लेकर काम करें। श्री त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय संविधान प्रत्येक नागरिक को अपनी मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन करने का मूल अधिकार देता है। अधिवक्ताओं के न्यायिक कार्य बहिष्कार को हड़ताल कह प्रतिबंधित करना संविधान की मूल भावना के विरुद्ध है। साथ ही नागरिकों को अनुच्छेद 19 ए 19 सी व 19 जी के तहत संगठन बनाने और स्वायत्त संचालन करने का भी अधिकार दिया गया है। यह प्रस्तावित संशोधन बिल बार काउंसिल के स्वायत्त अधिकारों में कटौती करता है। निश्चित ही यदि बार कमजोर होगी तो स्वाभाविक रूप से न्यायपालिका कमजोर होगी। श्री त्रिपाठी ने कहा स्वतंत्र न्यायपालिका के लिए स्वतंत्र व निर्भीक बार एसोसिएशन का होना जरूरी है। यह संशोधन केवल अधिवक्ताओं की स्वतंत्रता छीनने वाला है। इससे किसी का हित नहीं होगा। वादकारी यदि अधिवक्ता की बहस से संतुष्ट नहीं तो उसे कार्यवाही का अधिकार देने से विधि व्यवसाय की निर्भीकता समाप्त होगी। श्री त्रिपाठी ने कहा वकालत एक नोबल प्रोफेशन है। महात्मा गांधी लेनिन अधिवक्ता रहे हैं।

# महाकुंभ में मेडिकल टीम ने डेढ़ लाख से अधिक तीर्थयात्रियों को उपलब्ध कराई स्वास्थ्य सेवाएं

**महाकुंभ नगर।** जैसे जैसे प्रयागराज में महाकुंभ मेला अपने अंतिम चरण में प्रवेश कर रहा है अमृता मेडिकल टीम ने अब तक डेढ़ लाख से अधिक श्रद्धालुओं को निशुल्क और व्यापक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर उनकी सेवा की प्रतिबद्धता को और मजबूत किया है। दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक और धार्मिक आयोजनों में से एक में गुणवत्तापूर्ण और सुलभ स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करना हमारा प्रमुख लक्ष्य रहा है। अमृता अस्पताल फरीदाबाद के प्रशासनिक निदेशक स्वामी निजामृतानंद पुरी ने इस पहल के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा अम्मा के निर्देशानुसार हमने कुंभ मेले में मेडिकल टीम भेजकर यह सुनिश्चित किया है कि हर व्यक्ति चाहे उसकी सामाजिक पृष्ठभूमि जो भी हो गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच बना सके। वरिष्ठ संन्यासी ब्रह्मचारी मोक्षामृत चैतन्य ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा हम



जानते हैं कि कैंसर भारत में एक प्रमुख स्वास्थ्य चुनौती बनी हुई है जो सभी आयु वर्गों और समुदायों के लाखों लोगों को प्रभावित करती है। महाकुंभ मेला 45 दिनों तक चला। जिसमें करोड़ों श्रद्धालु गंगा यमुना और पौराणिक सरस्वती नदी के संगम में आस्था की डुबकी लगाने पहुंचे। इस आयोजन में करीब साठ करोड़ लोगों के आने की संभावना को देखते हुए स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता अत्यंत आवश्यक थी। श्रद्धालुओं की विशाल संख्या के कारण संक्रामक रोग श्वसन संबंधी समस्याएं और पुरानी बीमारियों से जुड़ी आपात स्थितियों का खतरा बढ़ गया था। जिससे कुंभ मेले में मेडिकल सेवाओं की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो गई। अमृता मेडिकल टीम ने पंद्रह डॉक्टरों पंद्रह नर्सों दस पैरा मेडिकल स्टाफ और कई अन्य सहयोगी कर्मियों और स्वयंसेवकों के साथ सेवा प्रदान की। इस दौरान एक अस्थायी अस्पताल स्थापित किया गया। जिसमें दस बिस्तर एक अत्याधुनिक टेलीमेडिसिन वाहन एक एंबुलेंस और निशुल्क मैमो ग्राफी जांच की सुविधा वाला एक स्तन कैंसर जागरूकता बस शामिल था। कहा कि यह सिर्फ एक आंकड़ा नहीं है बल्कि हमारे परिवारों दोस्तों और प्रियजनों के जीवन को गहराई से प्रभावित करता है। समय पर जांच जागरूकता बढ़ाने और निशुल्क स्क्रीनिंग उपलब्ध कराने से हम इस गंभीर बीमारी के प्रभाव को कम करने और जीवन बचाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा सकते हैं।

# सीएम डैशबोर्ड राजस्व की समीक्षा में राजस्व से संबंधित 17 मदो में मण्डल के तीनों जनपदों को ए प्लस श्रेणी प्राप्त



**मीरजापुर।** मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में राजस्व विभाग अन्तर्गत संचालित कार्यक्रमो की समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में अपर आयुक्त प्रशासन डॉ विश्राम, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 भदोही, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 सोनभद्र, अपर जिलाधिकारी भू0/रा0 सत्य प्रकाश सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें। सीएम डैशबोर्ड राजस्व से संबंधित की समीक्षा में मण्डल के तीनों जनपदो को 17 मदो में ए प्लस श्रेणी प्राप्त हुई हैं। मण्डलायुक्त ने बी0 व सी0 श्रेणी वाले विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अगले माह योजनाओं में व्यक्तिगत रूचि लेकर प्रगति में सुधार लाते हुए ए प्लस श्रेणी लाना सुनिश्चित करें। जिन मदो में ए प्लस श्रेणी प्राप्त हुआ है यथा- पेट्रोल पम्पो का सत्यापन/मुद्राकंन ए प्लस, मुख्य कृषक दुर्घटना सहायता योजना ए प्लस, औषधि विक्रय लाइसेंस ए प्लस, संकलित नमूना एवं कृत कार्यवाही खाद्य ए प्लस, एनएफएसएईपीडीएस लाभार्थी ए प्लस, ट्रेड सर्टिफिकेट जारी करनाए प्लस, एलओआई के लिए आनलाइन आवेदन प्रक्रिया ए प्लस, कृषि भूमि से गैर कृषि ए प्लस, अधिवास प्रमाण पत्र ए प्लस, आय प्रमाण पत्र ए प्लस, एकीकृत आपदा राहत प्रबंधन ए प्लस, एंटी भू माफिया ए प्लस, जाति प्रमाण पत्र ए प्लस, भू लेख ए प्लस, साल्वेंसी सर्टिफिकेट ए प्लस, मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष ए प्लस, भूत पूर्व सैनिक हेतु परिचय हेतु आनलाइन सेवाए ए प्लस प्राप्त हुई हैं।

मण्डलायुक्त ने नगर मजिस्ट्रेट के बैठक में अनुपस्थित व भवन के मानचित्र में प्रगति खराब होने पर स्पष्टीकरण, प्राधिकरण के अपर अभियंता के अनुपस्थित रहने पर स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया। एवं अपर जिलाधिकारी भू0/रा0 सोनभद्र के कुछ मदो में प्रगति खराब होने पर कड़ी चेतवानी देते हुए निर्देशित किया कि अगले माह प्रगति में सुधार लाएं। आईजीआरएस समीक्षा में मण्डल के तीनों जनपदो के अत्यधिक फीडबैंक आ रहे है, जिस मण्डलायुक्त ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए मण्डल के तीनो जनदों आईजीआरएस के नोडल अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे स्वंय इसकी समीक्षा करे। धारा-24 एवं धारा-34 की समीक्षा में मण्डलायुक्त ने मण्डल तीनो अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 को निर्देशित किया कि 05 वर्ष अधिक पुराने वादो का शत प्रतिशत निस्तारण कराएं। खनन विभाग समीक्षा में निर्देशित किया कि लक्ष्य सापेक्ष वसूली करते हुए प्रगति में सुधार लाएं। पी0एम0 आवास योजना शहरी में निर्देशित करते हुए कहा कि मीरजापुर की प्रगति खराब होने पर अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रगति में सुधार लाएं।

## ग्राम पंचायत चुर्क में तीन दिवसीय एकात्म अभियान कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

**सोनभद्र।** राबर्ट्सगंज ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत चुर्क में एकात्म अभियान के तहत तीन दिवसीय कार्यक्रम शनिवार को संपन्न हुआ। केंद्र एवं राज्य सरकार की पहल पर हार्टफुलनेस ध्यान जन-जन तक पहुंचाने के लिए आठ राज्यों में एकात्म अभियान संचालित करने के लिए शासनादेश जारी किया गया है। हार्टफुलनेस प्रशिक्षक एवं वॉलिंटियर्स के द्वारा योग एवं ज्ञान के माध्यम से लोगों में सकारात्मक विचार एवं दृष्टिकोण विकसित किया जा रहा है। तीन दिन के 30 मिनट के प्रत्येक सत्र में शारीरिक एवं मानसिक शांति तथा आनंद का अनुभव हुआ। किसानों को प्राकृतिक तरीके से, कृषि के तरीके भी बताए जा रहे हैं। हार्टफुलनेस अभ्यास करने से मैं से हम, स्वार्थ से निस्वार्थ, क्रोध से प्रेम, अहंकार से विनम्रता, भय से साहस, बेचैन से शांत,भारी से हल्का, जटिल से सरल, असंतुलन से संतुलन और अपेक्षा से स्वीकार्यता में परिवर्तन सरलता से हो जाता है।

# कांग्रेस पदाधिकारी ने आम आदमी पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर ली सदस्यता

**● आप के प्रदेश सचिव सुनील कुमार पांडे ने दिलाई सदस्यता मो. आरिफ अंसारी को बनाया गया आप (छात्र विंग) का नया जिला अध्यक्ष**



**मिर्जापुर।** आम आदमी पार्टी के जिला कार्यालय पर मिर्जापुर कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सभासद उम्मीदवार रहे मोहम्मद आरिफ अंसारी ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता से त्यागपत्र देकर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी एवं आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद एवं प्रदेश प्रभारी संजय सिंह जी के नीतियों सिद्धांतों पर विश्वास जताते हुए आम आदमी पार्टी की सदस्यता पार्टी कार्यालय पर आम आदमी पार्टी के प्रदेश सचिव सुनील कुमार पांडे एडवोकेट एवं आम आदमी पार्टी मिर्जापुर के जिला अध्यक्ष प्रोफेसर बी सिंह के समक्ष ग्रहण की। उन्होंने आम आदमी पार्टी को मिर्ज़ापुर नगर और जिले में मजबूत करने का संकल्प लिया। आप के प्रदेश सचिव एवं जिला प्रभारी भदोही सुनील कुमार पांडे एडवोकेट एवं जिला अध्यक्ष मिर्जापुर प्रोफेसर बी सिंह ने मो. आरिफअंसारी को आम आदमी पार्टी (छात्र विंग) मिर्जापुर का नया जिला अध्यक्ष मनोनीत करते हुए नियुक्ति पत्र सौंपा। मो. आरिफअंसारी को आम आदमी पार्टी छात्र विंग का नया जिला अध्यक्ष मनोनीत करने पर आम आदमी पार्टी के जिला महासचिव दिलीप सिंह गहरवार एड. आप यूथ विंग के जिला महामंत्री आनंद कुमार सिंह नगर प्रभारी मनबोध दुबे आम आदमी पार्टी यूथ विंग के नगर अध्यक्ष संतोष सोनी एवं नगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉक्टर अशोक खरवार जी ने बधाई दिया। आप के प्रदेश सचिव काशी प्रांत सुनील कुमार पांडे एड. एवं जिला अध्यक्ष प्रोफेसर बी सिंह दिलीप सिंह गहरवार एडवोकेट इत्यादि नेताओं ने मिर्जापुर के एमएलसी श्री श्याम नारायण सिंह उर्फ विनीत सिंह के माता जी के निधन पर उनके आवास चोलापुर गोला गांव वाराणसी जाकर उनसे मुलाकात करके अपनी शोक संवेदना व्यक्त किया।

# हाईवे पर वाहन ने कुंभ श्रद्धालुओं को कुचला, तीन की हुई मौत

संवाददाता। फतेहपुर

**थरियांव** थाना क्षेत्र के बाईपास एनएच-2 पर शनिवार की सुबह प्रयागराज से वापस जा रहे श्रद्धालु वाहन से उतरकर पानी ले रहे श्रद्धालुओं को चार पहिया वाहन कुचलते हुए खड़ी पिकअप से टकरा गई। जिससे दो सगे भाईयों समेत तीन की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं किशोर सहित दो लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार राजस्थान प्रान्त के जिला दौलपुर थाना मनिया गांव सकठपुर निवासी स्व. लक्ष्मण सिंह 45 वर्षीय पुत्र श्रीराम अपने छोटे भाई जसवन्त सिंह 32 मामा प्रेम सिंह पुत्र स्व. जोखीराम 65 निवासी खरगपुर थाना कोलारी राजेश पुत्र भूप सिंह 32 निवासी फूलपुर थाना मनिया एवं जसवन्त का पुत्र कृष्णा 12 वर्ष सभी पिकअप में सवार होकर प्रयागराज संगम स्नान करने के बाद शनिवार की सुबह सात बजे सभी लोग वापस राजस्थान की ओर जा रहे थे। तभी थरियांव थाने के बाईपास एनएच-2 पर वाहन खडाकर उसमें बैठी कुछ महिलाएं उतरकर ढाबे में चली गयी। वहीं श्रीराम, जसवन्त, प्रेम सिह, राजेश व कृष्णा वाहन से उतर कर बोतलों में पानी भर रहे थे।

**● दुर्घटना में 2 घायल, वाहन से उतरकर पानी लेने जाते समय हुआ हादसा**

इसी बीच तेज रफ्तार आ रही चार वाहन ने हाइवे किनारे खडे श्रद्धालुओं को टक्कर मारते हुये पिकअप से जा टकरायी। हादसे में श्रीराम, जसवंत व प्रेम सिंह की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। वहीं राजेश व कृष्णा बुरी तरह घायल हो गये। घटना के कुछ देर बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया।

सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने घायलों को तत्काल सरकारी एम्बुलेंस द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। वहीं तीनो शवों को जिला चिकित्सालय के मार्च्युरी हाउस में रखवा दिया गया। दोपहर बाद तीनो शवों का पंचनामा भर विच्छेदन ग्रह भेज दिया गया। घटना के बाद मृतको के परिजनों में कोहराम मच गया।

# एग्जाम क्वालिफाई नहीं होने से डिप्रेशन में था छात्र, की सुसाइड

**फतेहपुर।** कर्मचारी चयन आयोग के एंट्रेंस एग्जाम में सफलता नहीं मिलने से डिप्रेशन में चल रहे एक 20 वर्षीय प्रतियोगी छात्र ने खौफनाक कदम उठाते हुए फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। घटना के समय छात्र घर मे अकेला था। बताया जा रहा है कि पिता ड्यूटी चले गए थे। मां शहर मार्केटिंग के लिए गई थी। वहीं भाई मलवा कस्बा बाजार गया था। घटना की जानकारी पर घर पहुंचे परिजनों में शव देख कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

मां मार्केटिंग और पिता ड्यूटी पर थे, घर पर अकेला था छात्र: जानकारी के अनुसार, मलवां थाना क्षेत्र के अमौरा गांव निवासी अनिल द्विवेदी का 20 वर्षीय पुत्र विवेक द्विवेदी एसएससी की तैयारी करने के बाद एग्जाम दिया था। बताया जा रहा है कि परीक्षा क्वालीफाई नहीं कर पाया था। जिसके चलते विवेक मानसिक तनाव में रहता था। पिता मलवां की फैक्ट्री में ड्यूटी चले गए थे। वही मां गुड़िया देवी फतेहपुर शहर मार्केटिंग के लिए घर से गई थीं। छोटा भाई अभिषेक द्विवेदी भी मलवां कस्बा बाजार चला गया था। इस दौरान विवेक घर पर अकेला था। जब दोपहर बाद भाई अभिषेक घर वापस लौटा तो बंद कमरे के अंदर छत के हुक में रस्सी के सहारे विवेक का शव लटक रहा था।

अभिषेक की चीख पुकार सुनकर आस पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे। और मृतक माता-पिता को इस दुखद घटना की जानकारी दी गई। जानकारी मिलते ही घर पहुंचे मां-बाप बेटे का शव देखकर बिलख पड़े। घटना की सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंची। परिजनों ने पोस्टमार्टम ना कराने का थाना पुलिस से आग्रह किया। थाना प्रभारी अभिलाष तिवारी ने बताया कि पंचनामा की कार्रवाई की गई है। इसके बाद शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

# बुंदेलखंड राज्य निर्माण के लिए सांसद दिखाएं एकजुटता

**खागा** (फतेहपुर)। बुंदेलखंड राज्य निर्माण आंदोलन एक नए मोड़ पर पहुंच गया है। उत्तर प्रदेश विधानसभा में झांसी सदर विधायक रवि शर्मा द्वारा बुंदेलखंड राज्य की मांग उठाने के बाद महोबा सहित छह विधायकों ने उनके समर्थन में खुलकर साथ दिया। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के केंद्रीय अध्यक्ष प्रवीण पांडेय ने कहा कि अब केवल विधायक ही नहीं, बल्कि सांसदों को भी इस आंदोलन में खुलकर सामने आना होगा। प्रवीण पांडेय ने कहा कि अब बुंदेलखंड के जनप्रतिनिधियों को अपना स्पष्ट रुख दिखाना होगा या तो वे बुंदेलखंड राज्य की मांग के समर्थन में आगे आएं, या फिर अपने पदों से इस्तीफा दें। उन्होंने कहा कि अब सिर्फ बयानबाजी से काम नहीं चलेगा। यदि सांसद और विधायक सच में बुंदेलखंड राज्य चाहते हैं, तो उन्हें खुलकर इस आंदोलन में भाग लेना होगा। यदि वे चुप रहे, तो जनता उन्हें सत्ता से बाहर करने में देर नहीं करेगी। श्री पांडेय 42 बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर बुंदेलखंड राज्य की मांग उठा चुके हैं। उन्होने कहा कि 1989 से जारी इस संघर्ष में पहली बार विधायकों की एकजुटता देखने को मिली है, लेकिन अब तक सांसदों ने चुप्पी साध रखी है। कहा कि 2018 में जब हमीरपुर के तत्कालीन विधायक अशोक सिंह चंदेल की अगुवाई में विधायकों ने विधानसभा में समर्थन दिया था, तो योगी सरकार ने बुंदेलखंड विकास बोर्ड का गठन किया था। बुंदेलखंड राष्ट्र समिति अब विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक संगठनों को एकजुट कर महागठबंधन बना रही है। आने वाले दिनों में जनसभाएँ, पद यात्राएं, धरना प्रदर्शन और बड़े पैमाने पर किए जाएंगे, ताकि सरकार पर दबाव बनाया जा सके। राष्ट्रीय कार्यशाला में बनेगी नई रणनीति: 29 से 31 मार्च 2025 को झांसी में बुंदेलखंड राष्ट्र समिति की राष्ट्रीय कार्यकर्ता कार्यशाला आयोजित की जाएगी। इस कार्यशाला में चित्रकूट धाम क्षेत्र, झांसी क्षेत्र और अंतर्वेद क्षेत्र के बुंदेली स्वयंसेवक शामिल होंगे, जहाँ आंदोलन की आगामी रणनीति तय की जाएगी।

बुंदेलखंड की पुकार, अब निर्णायक लड़ाई: बुंदेलखंड की जनता अब अपने सांसदों से स्पष्ट जवाब चाहती है क्या वे बुंदेलखंड राज्य के समर्थन में हैं? यदि हाँ, तो उन्हें खुलकर आंदोलन में भाग लेना चाहिए। अगर वे ऐसा नहीं करते, तो जनता उन्हें चुनाव में सबक सिखाने के लिए तैयार है।

## दो दिवसीय मीना मंच प्रशिक्षण का हुआ समापन, एबीईओ ने बांटे प्रमाण पत्र

**झींझक कानपुर देहात।** मीना मंच पंजिका, माड्यूल प्रगति के पंख तथा मीना मंच की बालिकाओं एवं पावर एंजल को सक्रिय करके सामाजिक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा सकती है। उक्त बात खण्ड शिक्षा अधिकारी झींझक शैलेश कुमार द्विवेदी ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए कही।

मैं लड़की हूं मुझे पढ़ना है मुझको भी आगे बढ़ाना है के गीत के साथ मीना मंच के मास्टर ट्रेनर नवीन कुमार दीक्षित बीआरसी झींझक में बालिकाओं का विद्यालय में बच्चों के ठहराव एबालिकाओं की जिज्ञासाओं का शमनए रचनात्मक लेखनए नेतृत्व क्षमता संवर्धनए सोशल मीडिया का प्रभाव एशारीरिक क्षमताए यौन वस्तुकरण चैम्पियन बनना जेंडर स्टीरियो टाइपए शारीरिक तुलनाएजन संचार का प्रभावएस्कूल हर दिन आएंएआओ परिवेश बदलेंएएक कदम स्वच्छता की ओरए चुप्पी तोड़ोए दर्पण की ओट मेंएआओ मिलकर करें प्रयास विषयों पर कहानी के माध्यम से मीना मंच के प्रशिक्षार्थियों को सम्बोधित करते हुए कही।

मास्टर ट्रेनर कुलदीप सैनी ने बाल विवाह ए दहेज प्रथाए दहेज प्रथा कानून का दुरुपयोग, जेण्डर इक्विटीए सामाजिक भेदभाव जैसी सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए मीना मंच के बच्चों जागरूक करने के बारे में जानकारी दी। गांव की बालिकाओं को ही अपने गांव का शत.प्रतिशत नामांकनए जिज्ञासाओं का निदान पर चर्चा के साथ शिक्षा से जोड़ना एवं सहयोग की भावना का विकास करना है इस अवसर किया। शीतू गुप्ताए सुनीता पाल, देवेन्द्र अग्निहोत्रीए महेश चंद्र यादव, सुनील यादवए शशि राजपूतए खुशबू मौर्या दीपिका राजपूत आदि की उपस्थिति रही।

## श्रीमद् भागवत कथा पांचवा दिवस

**चौडगरा** (फतेहपुर)। मलवा विकासखंड के अभयपुर ग्राम सभा के रानीपुर गांव में चल रही संगीतमई आनंदमई अमृतमई श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिवस पर भागवत भूषण आचार्य महेश देव पांडेय ने वकाशुर, अघाशुर जैसे राक्षसों की कथा विस्तार से कहीं। पूतना वध की कथा कहते हुए भागवताचार्य ने कहा कि नंद जी के यहां भगवान कृष्ण का उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा था, भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव पर भक्तगण भाव-विभोर होकर झूम कर नाचने लगे। तभी भगवान कृष्ण पालने पर लेटे हुए अपने नेत्रों को बंद कर देखते हैं कि पूतना मौसी का रूप लेकर मां यशोदा से दूध पिलाने का आग्रह कर विष का पान कराती है जिस पर भगवान कृष्ण कहते हैं कि निर्मल मन जन सो मोहि पावा मोहि कपट छल छिद्र न भावा। भगवान कहते हैं कि निर्मल मनुष्य ही मुझे पाते हैं और जिनके अंदर छल कपट होता है वह ईश्वर को नहीं भाता है। कथा में प्रमुख रूप से परीक्षित शिवराज सिंह, किरण देवी, अनंन्ती देवी, आचार्य महेश दत्त उपाध्याय, अरविन्द पाठक, आशीष पाठक, प्रियम द्विवेदी, अवनीश सिंह, आशीष सिंह, ऋषि, सुरभि, आराध्या, वसुंधरा, जय बहादुर सिंह, शिवबहादुर सिंह, रज्जन सिंह भदौरिया सहित सैकड़ो भक्तों ने कथा का रसपान किया।

## विद्यालय के वार्षिकोत्सव में राजनीतिक हस्तियों का जमावड़ा

**● सरकार व प्रतिपक्ष एक ही मंच पर, शिक्षा एवं भाईचारे पर दिया बल**

संवाददाता। फतेहपुर



**प्रजातंत्र** जूनियर हाईस्कूल पट्टी शाह ब्लाक हथगाम के 75 वर्ष पूरे होने पर अतहर हुसैन मजहर हुसैन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अमृत महोत्सव में आयोजित वार्षिकोत्सव में सरकार एवं विपक्ष एक ही मंच पर दिखाई दिया। अध्यक्ष शाहिद रजा नकवी, मजहर सलमान, मजहर मोइन, सिकंदर गनी, वरिष्ठ पत्रकार सीमाब नकवी के नेतृत्व में अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया। कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर, राकेश सचान, नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय, सांसद नरेश उत्तम पटेल, जखनिया विधायक बेदी राम, पूर्व एमएलसी दीपक सिंह, चेयरमैन नगर पालिका परिषद राजकुमार मौर्य, धीरेंद्र कुमार उर्फ मुन्ना बाबू, पूर्व ब्लॉक प्रमुख दुरबीन सिंह, रीता प्रजापति आदि बड़ी राजनीतिक हस्तियां शामिल हुई। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का दिल जीत लिया। इसके पहले विद्यालय के संस्थापकों अतहर हुसैन नकवी एवं मजहर हैदर नकवी उर्फ मज्जू मियां को श्रद्धांजलि दी गई।

पंचायती राज एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय के कैबिनेटमंत्री एवं चर्चित नेता ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि जैसे रिचार्ज के बिना मोबाइल धारक बेचैन हो जाते हैं इस तरह शिक्षा के बिना भी हमें बेचैन रहना चाहिए क्योंकि शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो पीता है वही दहाड़ता है। जो पड़ेगा वही आगे बढ़ेगा फिर सावित्रीबाई फुले का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्हीं की देन है कि द्रौपदी मुर्मू देश की राष्ट्रपति है। महात्मा बुद्ध की तरह बुद्ध की शरण में जाइए। उन्होंने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन की तरह वे मांग करते हैं कि वन नेशन वन एजुकेशन की व्यवस्था लागू की जाए और सबको समान शिक्षा दी जाए। नेता प्रतिपक्ष एवं वरिष्ठ सपा नेता माता प्रसाद पांडेय ने कहा कि शिक्षा के प्रचार प्रसार में प्राइवेट स्कूलों का बड़ा योगदान है। यह भाईचारे की ही बात है कि इस स्कूल में ब्राह्मण प्रिंसिपल और मालिक मुसलमान हैं। आज इसी भाईचारे को खत्म किया जा रहा है जिसे बचाने की जरूरत है। देश तभी मजबूत होगा जब आपसी भाईचारा और समरसता रहेगी।

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**फतेहपुर।** बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के दरवेशाबाद के समीप शुक्रवार की शाम अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से 39 वर्षीय बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार मलवां थाना क्षेत्र के भदबा गांव निवासी शिवराज का पुत्र धनीराम बाइक से बिंदकी किसी काम से गया था। वापस लौटते समय देर शाम जब वह दरवेशाबाद के पास पहुंचा तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मारता हुआ निकल गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया।

## ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

**फतेहपुर।** राधानगर थाना क्षेत्र के दुर्गा मंदिर के समीप शनिवार की सुबह ट्रेन की चपेट में आ जाने से 28 वर्षीय युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार जाफरगंज थाना क्षेत्र के पूरेदान निवासी राजेश सिंह पुत्र अनिरूद्ध प्रताप सिंह उर्फ शुभम आज सुबह दुर्गा मंदिर के समीप ट्रेन की चपेट में आ जाने से उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। इस घटना को लेकर कुछ लोगो का कहना है कि युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या की है, क्योंकि घटनास्थल से कुछ दूरी पर मृतक की बाइक खडी थी। उधर पुलिस की कहना है कि मामले तहकीकात की जा रही है।

## अलग-अलग सड़क हादसों में आधा दर्जन घायल

**फतेहपुर।** जनपद अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अर्न्तगत हुए सड़क हादसों के दौरान आधा दर्जन लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार कौशांबी जनपद थाना सैनी गांव भरेन्डे निवासी श्रीराम का 24 वर्षीय पुत्र दीपक अपने पिता श्रीराम पुत्र स्व. तेजीलाल मां केशवती 50 के साथ मोटर साइकिल से अपने पिता के मामा रामलखन का निधन हो गया था। जिस पर वह अपने माता पिता का बाइक में बैठाकर असोथर थाना क्षेत्र के कटरा गांव आ रहा था। जैसे ही यह लोग खागा कोतवाली क्षेत्र के अर्न्तगत ओवरब्रिज के पास पहुचें तभी चार पहिया वाहन ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे तीनो घायल हो गये। इसी प्रकार खागा कस्बा के मोहल्ला गढी निवासी शिवभोला का 50 वर्षीय पुत्र मुन्ना सिंह बाइक से किसी काम से जा रहा था। तभी नौबस्ता के पास सामने का आ रही बाइक से भिन्डत हो गयी। जिससे वह घायल हो गया। जबकि मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम अलानापुर गांव निवासी दुर्गा प्रसाद का पुत्र छोटू बाइक से मलवां जा रहा था। तभी चार पहिया ने टक्कर मार दिया। जिससे वह घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने सभी घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

## चाइल्ड हेल्पलाइन टीम ने रुकवाया बाल विवाह

**फतेहपुर।** जाफरगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में बाल की विवाह की सूचना पर चाइल्ड हेल्पलाइन टीम ने पुलिस के साथ पहुंचकर विवाह को रुकवाया व बालिका को परिजनों की सुपुर्दगी में देकर बाल विवाह के संबंध में लोगों को जागरूक किया। टीम को मिली सूचना पर चाइल्ड हेल्पलाइन जिला समन्वयक नीरू पाठक ने जाफरगंज थाने की टीम व समिति के सदस्यों के साथ विवाह स्थल पहुँची जहां नाबालिग बालिका का विवाह की तैयारी हो रही थी। सूचना को प्राप्त होते ही हरकत में आयी चाईल्ड हेल्पलाइन टीम ने पहुँचकर विवाह को रुकवाते हुए लोगों को बताया गया कि बाल विवाह कानूनन अपराध है। बालिका को परिजनों के साथ न्यायपीठ बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात बाल कल्याण समिति के निर्देशानुसार उपरोक्त विवाह को निरस्त करते हुए बालिका को उनके परिजनो को सुपुर्द कर दिया। संयुक्त टीम में चाइल्ड हेल्पलाइन में परामर्शदाता अंकित जायसवाल डीसीपीयू से अमित दुबे व जफरगंज थाने एसआई आकाश सिंह रहे।

## रमवां पंथुवा के नवनिर्वाचित प्रधान का हुआ स्वागत

**फतेहपुर।** हसवा विकास खंड की ग्राम पंचायत रमवा पंथुआ में प्रधान पद के उपचुनाव में रमेश पासवान ने 1368 मत हासिल किया। दूसरे नंबर की प्रत्याशी मोहिनी ने 1321 मत हासिल किए। राम कुमार 1303 मत प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रहे। जैसे ही ग्राम वासियों को रमेश पासवान की जीत की खबर लगी तो ढोल बाजे और माला लेकर उनका स्वागत किया। पूरे गांव का भ्रमण कर रमेश ने सभी का आभार जताया। समर्थकों ने रमेश पासवान जिंदाबाद के नारे भी लगाए। जयराज सिंह ने अपने साथियों के साथ मिलकर ग्राम प्रधान का मुंह मीठा कराया। इस अवसर पर अनिल सिंह, हुस्सन सिंह, संदीप सिंह, नीरज पाल, कल गुप्ता, सानू, पुत्तन सिंह, अभिषेक सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## जन्मदिन पर छात्र ने विद्यालय में रोपे फलदार पौधे

**फतेहपुर।** महर्षि विद्या मंदिर के कक्षा सात में पढ़ने वाले छात्र अर्णव श्रीवास्तव ने 14 वर्ष पूर्ण होने पर 14 फलदार पौध विद्यालय प्रांगण में लगाकर अपना जन्मदिन मनाया। शहर के चौधराना निवासी अर्णव के पिता डॉ अनुराग श्रीवास्तव समाजसेवी व मां वर्षा श्रीवास्तव हैं। अर्णव अपने पिता द्वारा अनवरत चलाए जा रहे पर्यावरण व जल संरक्षण अभियानों से बहुत प्रभावित हैं इसलिए उन्होंने अपना जन्मदिन 14 फलदार पौध आम, अमरूद, अनार, आंवला, नींबू, शहतूत आदि लगाकर मनाया। इसके पश्चात अर्णव ने बिरसा मुंडा सरस्वती संस्कार केंद्र के बच्चों के बीच पहुंचकर उन्हें बिस्कुट टाफियां व दक्षिणा इत्यादि वितरित की। इस अवसर पर महर्षि विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य प्रमोद त्रिपाठी, आचार्य रामनारायण सहित अनुष्का उपस्थित रहीं।

## अधिवक्ता अधि. संशोधन बिल का विरोध

**खागा** (फतेहपुर)। केंद्र सरकार द्वारा लाए जा रहे अधिवक्ता अधिनियम संशोधन बिल 2025 के विरोध में बार काउंसिल आफ उ.प्र. के आवाहन पर सरकार की अधिवक्ता विरोधी नीतियों के विरुद्ध आज समस्त अधिवक्ता गण न्यायिक कार्य से विरत रहें और काली पट्टी बांधकर विरोध प्रकट किया। बार काउंसिल के निर्देशों के क्रम में उप जिलाधिकारी खागा के माध्यम से मुख्यमंत्री द्वारा भारत के राष्ट्रपति को अधिवक्ता अधिनियम संशोधन बिल 2025 वापस लेने की मांग किया।

## कैबिनेट मंत्री को ग्रामीण सफाई कर्मी संघ ने सौंपा ज्ञापन

**● सेवा नियमावली बनाने व शिक्षिक कर्मियों का प्रमोशन किए जाने की मांग**

संवाददाता। फतेहपुर



**उप्र** पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मी संघ ने शनिवार को प्रदेश सरकार के पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर को ज्ञापन सौंपकर सफाई कर्मियों की सेवा नियमावली बनाने के साथ ही इंटर पास शिक्षिक सफाई कर्मियों का ग्राम पंचायत अधिकारी के पद पर प्रमोशन किए जाने की मांग की। बताते चलें कि कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर एक विद्यालय के वार्षिकोत्सव में भाग लेने यहां आए थे। इसकी जानकारी मिलने पर उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मी संघ के पदाधिकारी पहुंचे और कैबिनेट मंत्री का माला पहनाकर एवं बुके भेंटकर स्वागत किया तत्पश्चात उन्हें एक ज्ञापन सौंपकर सफाई कर्मी को शिक्षा के हिसाब से ग्राम पंचायत अधिकारी के पद पर प्रमोशन दिलाए जाने की मांग की। यदि नई ग्राम पंचायत अधिकारी की भर्ती होती है तो उसका वेतन ग्रेड पे 2000 है तथा सफाई कर्मचारियों का वेतन ग्रेड पे 2400 रूपया है। इनका प्रमोशन करने से वित्तीय भार में वृद्धि भी नहीं होगी।

शासन स्तर से जो कार्य ग्राम पंचायत में कराने के लिए भेजे जाते हैं उनका सही से अनुपालन नहीं हो पाता। इसका मुख्य कारण यह है कि ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम विकास अधिकारी मिलकर भी कम पड़ जाते हैं। जिससे एक ग्राम पंचायत सचिव को सात से आठ ग्राम पंचायत आवंटित की जाती है। ऐसे में अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना असंभव है। कहा कि सफाई कर्मी अच्छी सेवाएं दे रहे हैं। यदि इन कार्यालयों से कर्मी हटा लिए जाएं तो निश्चित है कि शासन की योजनाओं के कार्य प्रगति में बाधा आएगी। कहा कि इनकी सेवा नियमावली व ग्राम पंचायत अधिकारी के पद पर प्रमोशन व सफाई कर्मी का नाम बदलकर पंचायत सेवक करने से किसी प्रकार का संसय नहीं होना चाहिए। मांग किया कि सभी पंचायत राज ग्रामीण सफाई कर्मियों की सेवा नियमावली बनाने व इंटर पास शिक्षित सफाई कर्मियों का ग्राम पंचायत अधिकारी के पद पर प्रमोशन करने के हित में विचार कर नियमावली व प्रमोशन का लाभ दिलाया जाए।

## जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने थाना समाधान दिवस के दौरान सुनी जन समस्याएं

**कानपुर देहात।** जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से माह के चतुर्थ शनिवार को जनपद के सभी थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी आलोक सिंह व पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति ने थाना अकबरपुर पहुंचकर जन समस्याओं को सुना एवं उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद सभी राजस्व निरीक्षक व लेखपालों से उनके क्षेत्रों की समस्याओं के बारे में जानकारी लेकर प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने सभी लेखपालों तथा कानूनगो को निर्देशित किया कि उनके क्षेत्र से सम्बन्धित शिकायतें चाहे भूमि विवाद से संबंधित होए नालीए चकमार्ग पर कब्जे, सरकारी भूमि पर कब्जा, तालाबों पर कब्जा, अवैध अतिक्रमण आदि का तत्काल संज्ञान में लेकर आवश्यक कार्यवाही करायी जाये, जहां पर पुलिस बल की आवश्यकता हो वहां पर संबंधित थाने से संपर्क कर पुलिस टीम के साथ मौके पर जाकर शिकायतों का निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी लेखपाल तथा कानूनगो के क्षेत्र में कोई भी शिकायत लंबित पाई गई तो संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। मौके पर तहसीलदार अकबरपुर, थानाध्यक्ष अकबरपुर सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

**सहनी पुर मजरे रसूल पुर का मामला**

## बिना विधिक कार्यवाही के कब्जा पड़ा महंगा, गरजा बुलडोजर

**हुसैनगंज** फतेहपुर)। सहनीपुर मजरे रसूलपुर में आज राजस्व विभाग की टीम ने भारी पुलिस बल के साथ आबादी के लिए सुरक्षित जमीन गाटा संख्या -71 में बुलडोजर की कार्यवाही कर दी। विजय कुमार पुत्र स्व. छोटे लाल, उमाकांत पुत्र शिव बालक तथा राजेश पुत्र राम गोपाल के कब्जे को हटा दिया। इसी नम्बर पर राम खेलावन पुत्र राम प्रसाद, भगवती पुत्र के.सी., श्रीराम पुत्र चंद्र नारायण, राम किशोर पुत्र मन्ना तथा चंद्र नारायन पुत्र शिव बालक के पक्के मकान बने है जिनको देख कर बुलडोजर ठिठक गया। गांव में चक मार्ग नम्बर -62, नाली नम्बर 75, खलिहान नम्बर -69, कूप की जमीन- 63, तालाबी नम्बर-460 में किये गए कब्जा धारकों में हड़कम्प मच गया है। अधिकारियों का कहना था कि नोटिस देकर सभी को स्वयं कब्जा हटाने को कहा जायेगा, न हटाने पर कार्यवाही होगी। राजस्व टीम में नायब तहसील दार ,कानून गो चंद्र पाल, लेखपाल महेंद्र सिंह तथा बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद था। क़ानूनगो चंद्रपाल ने बताया कि अस्थाई कब्जे हटा दिए गए हैं। सारे अवैध कब्जे हटेंगे, इसके लिए धारा -67 के तहत कार्यवाही की जा रही है। किसी भी अवैध कब्जे धारक को बख्शा नहीँ जाएगा। सवाल: आबादी की सुरक्षित जमीन से कब्जा बेदखली का आदेश 19 जनवरी 2015 को तहसीदार ने दिया था जिसका अनुपालन अब हुआ है जो कई तरह के सवाल खड़ा कर रहा है।

## भिटौरा ब्लाक परिसर में लोहारी ने लगवाया कैंप



**फतेहपुर।** भाजपा नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सिंह उर्फ रिंकू लोहारी ने भिटौरा ब्लाक परिसर में सामाजिक अधिकारिता शिविर वरिष्ठ नागरिक नि:शुल्क सहायता उपकरण कैंप का आयोजन किया। जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रीय ग्रामीणों ने शिरकत करके अपना-अपना रजिस्ट्रेशन करवाया। कैंप के दौरान ब्लाक के लगभग दो सौ वरिष्ठ एवं दिव्यांग व्यक्तियों को चिन्हित किया गया। जिसमें जमरावां, भिटौरा गांव के अलावा क्षेत्र के सैकड़ो व्यक्ति चिन्हित किए गए। कैंप में जिला पंचायत सदस्य लोहारी ने बताया कि राष्ट्रीय वयोश्री योजना के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ अधिक से अधिक लोगों को योजना का लाभ दिलाए जाने के लिए कैंप का आयोजन किया गया है। जिसमें 62 वरिष्ठ एवं 85 दिव्यांग व्यक्तियों का रजिस्ट्रेशन करवाया गया। सभी वृद्धजनों व दिव्यांगजनों के चेहरों पर रजिस्ट्रेशन के बाद खुशी साफदिखाई दी। जिला पंचायत सदस्य ने बताया कि यदि कोई पात्र व्यक्ति छूट गया हो तो वह पांच मार्च को पुन: तहसील प्रांगण में लगने वाले कैंप में अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकता है।

## इजराइल, जर्मनी व जापान में रोजगार हेतु करें आवेदन

**फतेहपुर।** उप्र शासन एवं प्रशिक्षण एवं सेवायोजन विभाग के संकल्प हर हाथ, हर परिवार को रोजगार उपलब्ध कराकर उसे आत्मनिर्भर बनाने हेतु नर्सिंग क्षेत्र में शैक्षणिक योग्यता रखने वाले युवाओं के लिए इजराइल, जर्मनी व जापान में रोजगार हेतु आवेदन मांगे गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी सेवायोजन विभाग के एकीकृत पोर्टल पर जॉब सीकर के रूप में पंजीकरण कर आवेदन कर सकते है। इजराइल में केयर गिवर पद हेतु बीएससी नर्सिंग, एएनएम, जीएनएम उर्तीण पुरूष व महिला अभ्यर्थी की आयु 25 से 45 वर्ष वेतन 1,31,818 प्रतिमाह, जापान में केयर गिवर पद हेतु बीएससी नर्सिंग, एएनएम, जीएनएम उर्तीण पुरूष व महिला अभ्यर्थी जिनकी आयु 20 से 27 वर्ष, वेतन 1,16,976 प्रतिमाह एवं जर्मनी में सहायक नर्स पद हेतु बीएससी नर्सिंग, जीएनएम उर्तीण पुरुष व महिला अभ्यर्थी की आयु 24 से 40 वर्ष, वेतन 2,29,925 प्रतिमाह के लिए आवेदन कर सकते है। अभ्यर्थी आवेदन सम्बन्धी जानकारी हेतु किसी भी कार्यदिवस पर कार्यालय में उपस्थित होकर सम्पर्क कर सकते हैं।

## प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अन्तर्गत चल रहे आवास प्लस सर्वेक्षण 2024 की प्रगति हुई समीक्षा

**● सर्वेक्षण कार्य का आम जनमानस में किया जाये व्यापक प्रचार-प्रसार**

संवाददाता। कानपुर देहात

**प्रधानमंत्री** आवास योजना ग्रामीण के अन्तर्गत चल रहे आवास प्लस सर्वेक्षण 2024 की प्रगति समीक्षा उपायुक्त ;आवासद्धए आयुक्त ग्राम्य विकासए लखनऊ एण् केण् सिंह द्वारा सर्किट हाउसए माती में की गयी। प्रगति समीक्षा में वीरेन्द्र सिंहए परियोजना निदेशकए जिला ग्राम्य विकास अभिकरण एवं समस्त खण्ड विकास अधिकारी उपस्थित रहे। उपायुक्त ;आवासद्ध द्वारा अवगत कराया गया कि योजना भारत सरकार की अत्यन्त महत्वपूर्ण एवं महत्वाकांक्षी योजना हैए इसके तहत भारत सरकार द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को पक्के घर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उनकी पात्रता निर्धारित कर एक पारदर्शी प्राथमिकता सूची तैयार अगले 4.5 वर्षों में उन गरीब परिवारों को पक्की छत उपलब्ध कराने हेतु यह सर्वेक्षण कराया जा रहा है। सर्वेक्षण को सफल एवं ससमय पूर्ण कराने हेतु समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि सर्वेक्षण कार्य का आम जनमानस में व्यापक प्रचार प्रसार करते हुये सर्वेयर के द्वारा सर्वे कराने के साथ.साथ सेल्फसर्वे प्रक्रिया से भी अवगत करायें। मा. जनप्रतिनिधि मा. विधान सभा एवं विधान मडण्ल की समितियों में प्राप्त शिकायती पत्रों के जवाब में तथा आईजीआरएसए सीएम सन्दर्भए सीएम हेल्पलाइनए जनता दर्शन एवं शासन तथा विभिन्न स्तरों से प्राप्त शिकायती प्रार्थनापत्रए जिनकी जांच में रिपोर्ट लगाई गयी है कि लाभार्थी पात्र हैए किन्तु सूची में नाम सम्मिलित नहीं हैए इन लाभार्थियों का आवास प्लस की साइट खुलने पर नाम अंकित करते हुए नियमानुसार आवास आवंटन की कार्यवाही की जायेए इस तरह के प्रकरण भी सर्वेयर के द्वारा अवश्य देखे जाए तथा पात्र पाये जाने की स्थिति में इनका भी विवरण आवास प्लस एप पर नियमानुसार अंकित करने की कार्यवाही की जाय। आवास प्लस सर्वेक्षण का कार्य 31 मार्च 2025 तक प्रत्येक दशा में पूर्ण किया जाना है। सर्वेक्षण एवं उसके उपरान्त विकास खण्ड स्तरीय चेकर व जिलास्तरीय चेकर का चयन सुनिश्चित करते हुये उनका विवरण वेबसाइट पर अपलोड कर क्रास वेरीफिकेशन का कार्य भी उक्त निर्धारित तिथि तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें। जीरो पॉवर्टी सर्वेक्षण में सम्मिलित परिवारों की सूची ग्राम पंचायतवार प्रिन्ट निकालकर संबंधित सर्वेयर को इस निर्देश के साथ उपलब्ध करा दें कि यदि सूची में अंकित व्यक्ति आवास हेतु पात्र है तो उसका सर्वेक्षण अनिवार्य रूप से कर लें।

# सीडीओ ने किया बीडीओ कार्यालय का निरीक्षण

**अमेठी।** मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने आज खंड विकास अधिकारी कार्यालय भादर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान खंड विकास अधिकारी रतन कुमार सिंह अपने अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने कार्यालय कक्ष में इंटरनेट वायरिंग और अन्य विद्युत केबलों की अस्वस्थ व्यवस्थाओं को लेकर असंतोष व्यक्त किया। मनरेगा सेल के कंप्यूटर कक्ष में अभिलेखों के रखरखाव और स्वच्छता की स्थिति संतोषजनक नहीं पाई गई। बीडीओ भादर को निर्देश दिए गए कि वे जल्द से जल्द इन कमियों को सुधारें और ग्राम पंचायत वार अभिलेखों को अलमारी में अद्यतन करने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। सीडीओ ने कार्यालय प्रांगण में निर्माणाधीन आवासीय और अनावासीय भवन का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परियोजना स्थल पर कोई भी श्रमिक कार्यरत नहीं मिला, जिस पर उन्होंने रोष व्यक्त किया।



कार्यदायी संस्था आवास विकास के अधिशासी अभियंता को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए और परियोजना को निर्धारित मानकों और गुणवत्ता के अनुरूप शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही बीडीओ भादर को निर्देशित किया गया कि वे समय.समय पर निर्माण कार्य की निगरानी करें और विस्तृत जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करें। तदोपरांतए सीडीओ ने विकासखंड की ग्राम पंचायत बालीपुर दुहिया में मनरेगा योजना के अंतर्गत गाटा संख्या 516 पर चल रहे तालाब खुदाई कार्य (पार्ट.2) का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मनरेगा श्रमिक कार्यरत पाए गए। बीडीओ भादर, पंचायत सचिव और तकनीकी सहायक मनरेगा को निर्देश दिया गया कि तालाब खुदाई पूर्ण होते ही नियमानुसार उसके चारों ओर वृक्षारोपण किया जाए और उनकी देखभाल भी सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत ग्राम पंचायत बालीपुर दुहिया में निर्माणाधीन आरआरसी का भी निरीक्षण किया गयाए जहां कंसल्टिंग इंजीनियर अनुपस्थित पाए गए। सहा. विकास अधिकारी (पंचायत) को निर्देश दिया गया कि संबंधित अधिकारी से स्पष्टीकरण प्राप्त कर प्रस्तुत करें।

सीडीओ ने जल जीवन मिशन के तहत निर्माणाधीन ग्रामीण पाइप पेयजल परियोजना का भी निरीक्षण किया, जहां कार्य की गति धीमी पाई गई। अधिशासी अभियंता जल निगम को कार्य में तेजी लानेए निर्माण सामग्री की गुणवत्ता जांचने और मानकों के अनुरूप निर्माण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। विस्तृत जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया। सीडीओ ने बीडीओ भादर और अन्य उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं और लाभार्थीपरक योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुँचाया जाए। विशेष रूप से यह सुनिश्चित करने को कहा कि मनरेगा योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में नियमित रूप से कार्य संचालित हो।

## प्रधानमंत्री द्वारा 24 फरवरी को पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त

**अमेठी।** उप कृषि निदेशक सत्येंद्र कुमार ने बताया कि 24 फरवरी को भागलपुर, बिहार में आयोजित होने वाले किसान सम्मान समारोह में प्रधानमंत्री भारत सरकार द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त जारी की जायेगी। इस अवसर पर वर्चुवल रूप लिंक पर किसान सम्मान समारोह का लाइव प्रसारण 24 फरवरी को अपरान्ह 02 बजकर 15 मिनट से अपरान्ह 03 बजकर 30 मिनट तक जनपद के प्रत्येक विकासखण्ड कार्यालयों ध् राजकीय कृषि बीज भण्डारों एवं ग्राम पंचायत पर कार्यकम के प्रसारण की समुचित व्यवस्था करायी जा रही है। जनपद स्तरीय कार्यकम का आयोजन उच्च स्तरीय निर्देशानुसार कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के सहयोग से कृषि विज्ञान केन्द्र, कठौरा, जगदीशपुर में आयोजित किया जा रहा है। जन प्रतिनिधियों की सहभागिता भी सुनिश्चित करायी जाएगी।

# 24 से बोर्ड परीक्षा प्रारम्भ, डीएम-एसपी ने दी जानकारी

**संतकबीरनगर।** शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में पत्रकारों से वार्ता करते हुए जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में माध्यमिक शिक्षा परिषद उप्र प्रयागराज द्वारा संचालित हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा को जनपद में सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सुचितापूर्ण व नकलविहीन संपन्न कराए जाने के लिए संबंधित को दिशा निर्देश दिए गए है। किसी भी परीक्षा केन्द्र पर अनियमितता/ लापरवाही पाये जाने पर संबंधित के विरूद्व सख्त कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने बताया कि बोर्ड परीक्षा को लेकर किसी भी तरह की अफवाहों पर कोई ध्यान न दें। परीक्षा 24 फरवरी से शुरू होकर आगामी 12 मार्च तक संचालित होगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा प्रथम पाली में प्रात: 08 बजे से 11.45 बजे तक एवं द्वितीय पाली में अपरान्ह 02 बजे से 05.15 बजे तक संपन्न कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि बोर्ड परीक्षा वर्ष 2025 को सम्पन्न कराने हेतु कुल 113 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। हाईस्कूल की परीक्षा में कुल 28138 एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षा में कुल 27250 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षा को नकलविहीन एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराये जाने हेतु 113 केन्द्र व्यवस्थापक, 113 बाहय केन्द्र व्यवस्थापक, 03 जोनल मजिस्ट्रेट, 11 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 113 स्टैटिक मजिस्ट्रेट, 1492 कक्ष निरीक्षक (माध्यमिक), 764 कक्षा निरीक्षक (बेसिक) की डयूटी लगायी गयी है। सुचारू मानिटरिंग हेतु 06 सचल दल बनाये गये है। सभी जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेटों व स्टेटिक मजिस्ट्रेटो, केन्द्र व्यवस्थापकों, बाहय केन्द्र व्यवस्थापको तथा प्रश्न पत्रों, उत्तर पुस्तिकाओं को सुरक्षित रखने से लेकर परीक्षा केन्द्रों पर वितरण कराने, परीक्षा के दौरान शतत मॉनीटरिंग करने एवं अपनी डयूटी के अनुसार पूरी निष्ठा के साथ कार्य करने आदि के संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देश दिए गए हैं। परीक्षा केंद्रो में सीसीटीवी कैमरा संचालित रखने, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, फर्नीचर, बाउंड्री वॉल व बैठने की समुचित व्यवस्था कराये सुनिश्चित कराये जाने के लिए केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया गया है।


प्रेसवार्ता करते अधिकारीगण।

# एसपी ने थाना परिसर में हुए सौन्दर्यीकरण कार्यों का किया लोकार्पण एवं निरीक्षण



**अमेठी।** आज पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा थाना मुसाफिरखाना परिसर में इंटरलॉकिंग कार्य, गुलाब वाटिका, पिंक शौचालय व अन्य सौन्दर्यीकरण कार्यों का लोकार्पण किया गया । तदोपरांत पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना मुसाफिरखाना परिसर, कार्यालय, शस्त्रागार, अभिलेख, मेस, बैरिक एवं महिला हेल्प डेस्क, सीसीटीवी कंट्रोल रूम आदि का निरीक्षण किया गया एवं प्रभारी निरीक्षक मुसाफिरखाना व उपस्थित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण को अपराध नियत्रंण, लंबित विवेचना व शिकायती प्रार्थना पत्रों के समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु आवश्यक आदेश निर्देश दिये गये । निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की साफ सफाई व अभिलेखों का रख रखाव अच्छा पाया गया। पुलिस अधीक्षक महोदया द्वारा थानाक्षेत्र मुसाफिरखाना के ग्राम प्रहरियों को पुलिस के सहयोग व लाभप्रद सूचनाओं के संकलन के लिये साफा व मिष्ठान वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस दौरान उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना व क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना श्री अतुल कुमार सिंह व अन्य अधि./कर्मसगण मौजूद रहे ।

# 1800 प्रतिमाओं का 2 से 6 मार्च तक होगा पंचकल्याणक महोत्सव

**● राज्यपाल और सीएम हो सकते हैं शामिल**

**अयोध्या।** श्री दिगंबर जैन अयोध्या तीर्थ क्षेत्र कमेटी के तत्वाधान में फाल्गुन शुक्ल तृतीया 2 मार्च से फाल्गुन शुक्ल सप्तमी 6 मार्च तक पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया गया है। तीन लोक रचना में सिद्ध भगवंतों की 727 जिनप्रतिमाएं विराजमान और भगवान ऋषभदेव से लेकर भगवान महावीर तक की अन्य 1008 प्रतिमाओं का पंचकल्याणक प्रतिष्ठा होगा। यानी लगभग 1800 प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा होगी। कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल समेत अन्य विशिष्टजनों को आमंत्रित किया गया है। पंचकल्याणक महोत्सव को सर्वोच्च जैन साध्वी गणिनीप्रमुख ज्ञानमती माता अपना पावन सानिध्य प्रदान करेंगी। शनिवार को जैन मंदिर रायगंज में गणिनीप्रमुख ज्ञानमती माता ने प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि अयोध्या नगरी प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव आदि पांच भगवंतों की जन्मभूमि है। ऐसी महान तीर्थभूमि पर जैन धर्म के अनेक जिनमंदिर अयोध्या के विभिन्न स्थानों पर दर्शनीय और वंदनाथमि इन जिनमंदिरों में रायगंज स्थित भगवान ऋषभदेव दिगम्बर जैन मंदिर बड़ी मूर्ति का परिसर 6 एकड़ विशाल प्रांगण में अपनी अद्वितीय आभा बिखेरता हुआ जैनधर्म की प्राचीनता एवं इसके इतिहास को जगजाहिर कर रहा है। इस तीनलोक रचना में सिद्ध भगवंतों की 727 जिनप्रतिमाएं विराजमान होंगी। इसी के साथ भगवान ऋषभदेव से लेकर भगवान महावीर तक की अन्य 1008 प्रतिमाओं का भी पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव 2 मार्च से 6 मार्च तक राष्ट्रीय स्तर पर संपन्न होगा।



प्रज्ञाश्रमणी आर्यिका चंदनामती माता एवं तीर्थ के अध्यक्ष पीठाधीश स्वस्तिश्री रवीन्द्रकीर्ति स्वामी ने बताया कि पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव को आचार्यश्री भद्रबाहुसागर, क्षुल्लक ध्यानसागर एवं श्रवणबेलगोला के भट्टारक स्वस्तिश्री चारुकीर्ति का सानिध्य प्राप्त होगा। महोत्सव में देश से पांच हजार भक्तजन शामिल होंगे। अनुष्ठान को प्रतिष्ठाचार्य विजय कुमार जैनए पं. ऋषभसेन जैन उपाध्ये, पं. सतेन्द्र जैनए पं. अकलंक जैन आदि विद्वत जन सम्पन्न करायेंगे। अयोध्या में एक साथ लगभग 1800 प्रतिमाओं के गर्भकल्याणक, जन्मकल्याणक, दीक्षाकल्याणक, केवल ज्ञानकल्याणक, मोक्षकल्याण के साथ इन सारी प्रतिमाओं को मंत्रोच्चार एवं पूर्ण विधिविधान के साथ 6 मार्च को प्रात: भगवान का स्वरूप प्राप्त होगा। 3 मार्च को जन्मकल्याणक मनाया जायेगा। जिसमें विशाल ऐतिहासिक जन्म की खुशियां शोभायात्रा के साथ पूरे अयोक संपूर्ण गृहबंधन छोड़कर दीक्षा का परिदृश्य देखने को मिलेगा। 5 मार्च को भगवानयों को ज्ञान प्राप्त करने वाले दिव्य आत्माओं के समान भगवान को केवलज्ञान की प्राप्ति होगी। 6 मार्च को तीनोंलोकों का ममुद्रा के साथ समस्त आठों कर्मों का नाश करते हुए भगवान अपनी आत्मा को शरीर से पृथक करते हुए सदैव के लिए अजर.अमर बनकर भगवत्ता का स्वरूप प्राप्त करेंगे और मोक्षकल्याणक मनाया जायेगा। समस्त इंद्र.इनंद्राणियों में प्रमुख माने जाने वाले सौधर्म इंद्र के रूप में अध्यात्म.अर्पिता जैन लखनऊ विशेष पुण्यार्जन करेंगे।

## क्विक न्यूज

### देवीपाटन मंडल की आसवानियों का टीम ने किया निरीक्षण

**गोंडा।** शासन के निर्देश पर शनिवार को स्टार लाइट ब्रुकेम आसवानी नबाबगंज गोंडा तथा मैज़ापुर आसवानी गोंडा का निरीक्षण उप आबकारी आयुक्त देवीपाटन प्रभार आलोक कुमार एवं उप गन्ना आयुक्त देवीपाटन मंडल डॉण् आरण्बीण् राम द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मैज़ापुर आसवानी के निरीक्षण के समय उप आबकारी आयुक्त एवं उप गन्ना आयुक्त के साथ सहायक आबकारी आयुक्त अखिलेश कुमार तिवारी, मैज़ापुर चीनी मिल के जीएम केन पीके चतुर्वेदी, उप महाप्रबंधक डिस्टलरी ओमेन्द्र पाल सिंह यादव, मैनेजर सेल्स दिनेश मिश्रा आदि उपस्थित रहे। निरीक्षण के समय एथेनाल व डीनेचर्ड एब्सोल्यूट अल्कोहल के स्टॉक का सत्यापन करते हुए उसके नमूने लिए गये। जिन्हे परीक्षण हेतु क्षेत्रीय प्रयोगशाला में भेजा गया। साथ ही केन जूसध्सिरप के आधार पर उत्पादन का परीक्षण, अभिलेखीय व वास्तविक स्टॉक का मिलान भी किया गया। इसके अतिरिक्त देवीपाटन मंडल की अन्य आसवनियों का भी औचक निरीक्षण उप आबकारी आयुक्त देवीपाटन प्रभार गोंडा द्वारा गठित जाँच दल द्वारा किया गया। इसमें मनकापुर आसवनी गोंडा का निरीक्षण जिला आबकारी अधिकारी गोण्डा एवं जिला गन्ना अधिकारी गोंडाए बभनान आसवानी गोंडा का निरीक्षण सहायक आबकारी आयुक्त प्रवर्तन .1 एवं जिला गन्ना अधिकारी गोंडा सुनील कुमार सिंहए बहराइच की पारले एवं चिलवरिया आसवानी का निरीक्षण जिला आबकारी अधिकारी बहराइच व जिला गन्ना अधिकारी बहराइच द्वारा एवं बलरामपुर जनपद की बलरामपुर आसवानी का निरीक्षण जिला आबकारी अधिकारी बलरामपुर तथा जिला गन्ना अधिकारी बलरामपुर द्वारा किया गया।

### विदेशी श्रद्धालु बेहोशी की हालत में मिला

**रायबरेली।** जिला अस्पताल में एक विदेशी श्रद्धालु बेहोशी की हालत में मिला है। आसपास मौजूद लोगों ने उसे इमरजेंसी में भर्ती कराया जहाँ उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। चिकित्सकों के मुताबिक युवक ऑस्ट्रेलिया मूल का है और कुम्भ से आना बता रहा है। माना जा रहा है कि विदेशी भारत में सनातन धर्म से प्रभावित है और यहाँ किसी संत के साथ अरविन्दम गिरी के नाम से रह रहा है। युवक को भर्ती कराने वाले युवक के मुताबिक विदेशी डॉक्टर जे के लाल की ओपीडी के बाहर बेहोशी की हालत में पड़ा था। गेरूआ वस्त्र पहने होने के कारण वह संत लग रहा था इसलिए उसको इमरजेंसी में भर्ती करा दिया। वहीं इमरजेंसी मेडिकल अफसर डॉक्टर रौशन पटेल ने बताया कि प्रथम दृश्यरू विदेशी ज्यादा नशे की हालत में लग रहा है। उसके वाइटल स्टेबल हैं और खतरे से बाहर है। उधर सीओ सदर ने फोन पर हुई वार्ता के दौरान बताया कि विदेशी युवक के बारे में पूरी जानकारी जुटा कर उसे सुरक्षित उसके ठिकाने पर पहुँचाया जायेगा। फिलहाल यह नहीं पता चल सका है कि युवक जिला अस्पताल कैसे पहुंचा और कुम्भ से किसके साथ आया था।

### आटा टोल से टीम ने बगैर प्रपत्र 20 गिट्टी भरे ट्रकों को पकड़ा

**कालपी ( जालौन )।** खनिज के अवैध परिवहन के खिलाफअभियान जारी है शनिवार को एसडीएम ने टीम के साथ आटा टोल के पास स्थित बंशी ढाबा से बिना प्रपत्र के 20 गिट्टी भरे ट्रकों को कब्जे में लिया है। प्रशासन की इस कार्यवाही से हड़कंप मच गया। प्रशासन की सख्ती के बाद भी खनिज के अवैध परिवहन में लोकेशन का खेल अभी बन्द नहीं हुआ है शनिवार को एसडीएम सुशील कुमार सिंह को जानकारी हुई थी कि आटा टोल प्लाजा के पास स्थित वंशी ढावा पर बड़ी संख्या में ओवरलोड तथा बिना खनिज प्रपत्रों के गिट्टी से भरे ट्रक खड़े है। विदित हो कि रसूखदार होटल संचालक गिट्टी मौरम का परिवहन करने वाले ट्रकों को सुरक्षा की गारंटी देकर उन्हें अपने होटल पर खड़ा कराते है और बदले में भारी किराया भी बसूलते है। सूचना को संज्ञान में लेकर एसडीएम सुशील कुमार सिंह के नेतृत्व में एआरटीओ, खनिज इंस्पेक्टर तथा आटा थाना प्रभारी अजय कुमार सिंह के साथ छापेमारी की जहां से 20 गिट्टी भरे ट्रकों को कब्जे में लेकर सभी ट्रकों को पुलिस सुरक्षा में चमारी स्थित नवीन गल्ला मण्डी में खड़ा कराया गया है। उप जिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह के मुताबिक यह अभियान आगे भी चलता रहेगा। प्रशासनिक अमले की इस कार्यवाही से होटल संचालकों में भी हड़कंप मचा है।

## ठगी के शिकार लोगों ने पीएम ऑफिस पहुंचकर सोसायटी के खिलाफ की शिकायत

**रायबरेली।** रायबरेली में एक बार फिर चित फंड कंपनी ने लगभग 15 साल से अधिक लोगों का करीब 50 करोड रुपए लेकर फरार हो गई कंपनी के खिलाफ पीडितों ने डीएम ऑफिस पहुंचकर नारेबाजी करते हुए शिकायत कर भुगतान कराए जाने की की गई मांग आपको बता दे कि जनपद के कलेक्ट परिसर में कंपनी के कर्मचारी बृजेश कुमार ने जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन करते हुए एक बैनर के तले डीएम को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि एल यूसीसी समिति नाम के कंपनी में रायबरेली जिले के 1500 से अधिक लोगों ने पैसा जमा किया था लगभग 50 करोड रुपए से अधिक की धनराशि कंपनी के लोग लेकर चले गए हैं यह कंपनी वर्ष 2016 से संचालित थी एलयू सीसी नाम की सोसाइटी के नाम से नवंबर 2024 में यह समिति अचानक बंद हो गई जोनल व हेड ऑफिस में ताला लगने से जमा कर्ताओं को चिंता हुई, सोसाइटी में कई योजनाओं के तहत करोडों रुपए जमा कराए गए थे।

# दबंगों ने लाठी-डंडों से ई-रिक्शा चालक के साथ मारपीट कर धमकी दी

**रायबरेली महाराजगंज।** कस्बा में एक ई-रिक्शा चालक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीडित राहुल कुमार ने थाने में शिकायती पत्र दिया है। राहुल हरदोई थाना बछरावां के रहने वाले हैं। राहुल ने बताया कि वह ई-रिक्शा चलाते हैं। 21 फरवरी 2025 को वह अपना ई-रिक्शा लेकर महाराजगंज आए थे। यहां आकाश (अमर का पुत्र) और उसके साथ चार अज्ञात लोगों ने उन्हें रोका। स्टैंड टोकन नहीं देने का हवाला देकर उनके साथ गाली-गलौज की इतना ही नहीं, दबंगों ने लाठी-डंडों से राहुल की पिटाई कर दी। दबंग आकाश ने धमकी दी कि अगर वह दोबारा यहां दिखाई दिए तो जान से मार देंगे। इसके बाद सभी दबंग मौके से फरार हो गए। पुलिस मामले में संबंधित घटना में अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा दिए गए वक्तम बताया गया है की मारपीट की घटना में टोकन विवाद में मारपीट करने वालों को खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है पुलिस छापेमारी कर रही।



### सलोन तहसील प्रशासन बेदखली सहित जुर्माना के आदेश, कार्रवाई शून्य

**सलोन रायबरेली।** जहा एक तरफ योगी सरकार भू-माफियाओं व अवैध कब्जे कारियों पर शिकंजा कसने व कार्रवाई के निर्देश दे रखा वही जिम्मेदार अधिकारी खाऊ कमाऊ नीति के चलते कार्यवाही करना उचित नहीं समझ रहे हैं। मामला रायबरेली के तहसील सलोन के जमुरवा खुर्द गांव का है उपरोक्त गांव निवासी दिलीप सिंह पुत्र राकेश सिंह ने उप जिलाधिकारी सलोन को पत्र देकर कार्रवाई की मांग उठाई है। आरोप है कि गांव के सुधांशु सिंह पुत्र भगवत सिंह आदि लोगों ने सरकारी अभिलेखों में दर्ज खाद गड्ढा की जमीन पर चारों तरफ से बाउंड्री वॉल कर कब्जा कर लिया है। पूर्व में की गई शिकायत व जांच में तहसीलदार की कोर्ट से जुर्माना व बेदखली का आदेश पारित हुआ था लेकिन कब्जा कारियों ने यह दांव खेलकर आवेदन पत्र दाखिल कर कार्रवाई लटकवा दी कि उपरोक्त आदेश पर उनका पक्ष नहीं सुना गया। तहसीलदार कोर्ट ने कब्जा कारियों को मौका दिया आरोप है कि कब्जाकारी न तो हाजिर हुए न अपना पक्ष रखा। पुन: तहसीलदार कोर्ट ने वही आदेश पारित किया लेकिन अभी तक उपरोक्त जमीन अवमुक्त नहीं हो पाई है।

# नकलविहीन बोर्ड परीक्षा हेतु प्रशासन प्रतिबद्ध: नेहा शर्मा

**गोंडा।** जिला पंचायत सभागार में जिलाधिकारी नेहा शर्मा की अध्यक्षता में आगामी शुरू होने वाले बोर्ड परीक्षा की तैयारी के संबंध में समस्त उप जिलाधिकारी समस्त स्टेटिक मजिस्ट्रेट, समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट समस्त जोनल मजिस्ट्रेट सहित सभी अधिकारियों के साथ बैठक की गई। बैठक का संचालन कर रहे जिला विद्यालय निरीक्षक ने सभी बिंदुओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही परीक्षा को शांतिपूर्णए सुचिता पूर्ण एवं नकल विहीन संपन्न कराए जाने के संबंध में की गई तैयारी के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

डीएम ने बोर्ड परीक्षा में लगे सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि बोर्ड परीक्षा शुरू होने से लेकर परीक्षा समाप्त होने तक किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी या सुनिश्चित कर लें कि बोर्ड द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में सभी तैयारियां पूर्ण करते हुए परीक्षा को सफल बनाएं। बोर्ड परीक्षा के लिए जनपद में कुल 149 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिसके लिए कल 149 स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। 04 जोनल मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई हैए तथा 19 सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। सभी परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस फोर्स की भी तैनाती की गई है। बोर्ड परीक्षा में प्रशासन के सभी अधिकारियों की पैनी नजर रहेगी। जिलाधिकारी ने बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि परीक्षा देने वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र पर पानी की व्यवस्था आने.जाने के लिए ट्राफिक की व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से करना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान अपर जिला अधिकारी आलोक कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक रामचन्दर सहित सभी संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बछरावा विस के राजामऊ में पीडीए पीडीए चर्चा कार्यक्रम

**रायबरेली।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आह्वान पर बछरावा विधानसभा क्षेत्र के राजामऊ में पीडीए पीडीए चर्चा कार्यक्रम को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं पूर्व एमएलसी सुनील सिंह यादव ने संबोधित करते हुए कहा बीजेपी सरकार की डबल इंजन सरकार ने दो दो सांड छोडे हैं एक खेत चरने के लिए एवं दूसरे आमजनों की जेब चर रहें हैं भाजपा पोषित लोग अस्पतालों, तहसीलों, थानों में लोगों से धन उगाही कर रहें हैं। आवारा जानवर छोडकर किसानों को फसल की रखवाली के लिए विवश कर दिया है लेकिन इस समस्या का समाधान बीजेपी सरकार से नहीं अपितु बूथ पर वोटों के लुटेरों से वोट की रखवाली कर पीडीए की सरकार अखिलेश यादव के नेतृत्व में बनाकर किसानों, मजदूरों एवं आमजनों की करना है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी सरकार में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा बछरावा क्षेत्र के किसानों, मजदूरों, छात्रों, महिलाओं के सम्मान विकास के लिए अनेकों योजनाएँ शुरू हुई इस क्षेत्र में बिशुनपुर, बेडारू गाँवों में बिजली केंद्रों की स्थापना कर सोलह से अठारह घंटे बिजली, कई चिकित्सालय एवं अनेकों मार्गों का निर्माण की परियोजनाएँ देकर विकास को गति दिया परन्तु भाजपा सरकार ने कोई भी नयी परियोजना नहीं लगाया बल्कि जनहितकारी योजनाएँ बंद कर दी। विधायक बछरावा श्यामसुंदर भारती ने पीडीए जनपंचायत में कहा कि बछरावा क्षेत्र ने सदैव समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत किया है भविष्य में भी प्रदेश की बेहतरी, सौहार्द के लिए सपा को क्षेत्र का पीडीए समाज मजबूती देगा। कार्यक्रमों को मेहरबान सिंह यादव, मुनेश्वर पासी,ब्रजेंद्र चौधरी, विनायक सोनकर, आफताब अहमद, आरपी यादव, ब्रजेश यादव, शकील मंसूरी, रामू अनाडी, आफताब आलम, सुरेश निर्मल, पुत्तन सिंह, वीरेन्द्र बहादुर, समर बहादुर यादव, राकेश यादव, जगदेव यादव, डा. जावेद, कल्लू चौधरी, रामस्वरूप पासी, आलोक यादव, चन्द्रप्रकाश आजाद, विन्देश्वरी पासी, नरेन्द्र यादव, महेश यादव, रामशरण यादव, हशनैन खान आदि ने जनपद के अनेकों सेक्टरों में पीडीए की जनपंचायतों को सम्बोधित कर पिछडों, दलितों, अल्पसंख्यकों एवं आधी आवादी की एकजुटता पर बल दिया।



# जाम से निजात पर डीएम ने बनाई योजना

**● अध्यक्ष जगत व ईओ के साथ डीएम और एसपी ने शहर के महत्वपूर्ण स्थानो का लिया जायजा**

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर व पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने शनिवार की शाम को स्वच्छ शहर-सुंदर शहर व आम जनमानस एवं शहरवासियों कों अतिक्रमण व जाम से निजात दिलाने के उद्देश्य से नगर पालिका अध्यक्ष जगत जायसवाल एवं ईओ नगर पालिका अवधेश कुमार भारती के साथ मेहदावल चौराहा, मुखलिसपुर तिराहा, बैंक चौराहा, रेलवे अंडर पास रोड, बंजरिया रोड का स्थलीय निरीक्षण कर नई कार्य योजनाओं के तहत सड़क चौड़ी किये जाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा शहर में स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिए जाने एवं दैनिक साफ-सफाई व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने से संबंधित निर्देश अधिषाशी अधिकारी नगर पालिका को दिए गए। इस अवसर पर नगर पालिका खलीलाबाद अध्यक्ष जगत जायसवाल, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका अवधेश कुमार भारती, ओएसडी जिलाधिकारी राकेश यादव, कृष्णा गुप्ता व पीआरओ एसपी दुर्गेश पाण्डेय, लिपिक गोरख यादव, उमेश चौधरी, राधेश्याम, पंकज, पूर्व सभासद अरशद खॉ व अब्दुल्लाह खॉ सहित संबंधित आदि उपस्थित रहे।



# सड़क पर खैरात में मौत बांट रहे एक्सप्रेस वे मिट्टी ढुलान कर रहे डंफर

**संवाददाता।** डलमऊ रायबरेली

**मुराई बाग** चौराहे से प्रतिदिन की संख्या में गुजरने वाले डंफर बड़ी दुर्घटनाओं का कारण बनते जा रहे है क्षेत्र में हुए दो अलग.अलग सड़क हादसों में दो लोगों की जान चली गई है। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ हीए एक डंपर वाहन को चालक समेत जब्त किया है वही दूसरे डम्फर वाहन चालक फरार हो गया हैए पुलिस मामले की कार्यवाही शुरू कर दिया है।

पहली घटना रायबरेली.डलमऊ मार्ग पर मुराई बाग रेलवे क्रॉसिंग के पास हुआ। नसीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम मौजमगंज निवासनी अतरून 60 वर्ष निशा पत्नी नियाज बीते 20 फरवरी को डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नरसवां में अपनी भतीजी अनीशा बानो की शादी में शामिल होने आई थी। शनिवार को सुबह करीब 11 बजे बाइक से अपने भतीजे रेहान के साथ बाइक से लालगंज थाना क्षेत्र के बहाई गांव में रिश्तेदार के यहां जा रही थी। इसी दौरान मुराई बाग दिलदार स्वीट हाउस के पास गंगा एक्सप्रेसवे में मिट्टी ढो रहे एक डंपर चालक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने वाहन समेत चालक को मौके पर गिरफ्तार कर लिया है वही शव कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है।वही दूसरी घटना डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के नेवाजगंज के पास की है, कौशांबी जिले ग्राम चकनारा मजरे मंझनपुर निवासी बंटा माली (साधु बाबा) 65 वर्ष पुत्र बचान अपनी बाइक से मुराई बाग से फतेहपुर की तरफ जा रहे थे। तभी नेवाजगंज पचायत सचिवालय के पास मुराई बाग से रायबरेली तरफजा रहे एक ट्रक चालक ने पीछे से जोरदार टक्कर मारकर चालक वाहन लेकर फरार हो गया जब कि साधु की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। इस संबंध मे कोतवाल पवन कुमार सोनकर ने कहा कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक महिला के भतीजे रेहान अहमद पुत्र यूनुस की तहरीर पर संबंधित धाराओं मुकदमा पंजीकृत किया गया है। वही मृतक साधु की तरफ से अभीतक परिजनों ने तहरी नहींदी गई है तहरीर मिलते ही की जाएगी की जाएगी।

# मुख्यमंत्री ने गोला में कॉरीडोर का भूमि पूजन व कुंभी मिल में किया शिलान्यास

● शिव मंदिर में पूजा अर्चना के बाद के बाद जनता को संबोधित करते हुए विधानसभा गोला के विकास का दिखाया सब्जबाग



**गोलागोकर्णनाथ ( खीरी )।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहले कुंभी में बायोप्लास्टिक संयंत्र का शिलान्यास किया बाद में पौराणिक प्राचीन शिव मंदिर में पूजा अर्चना की जिसके बाद कॉरीडोर का भूमि. पूजन किया। नगर के राजेन्द्र गिरि स्टेडियम खेल मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। जिसमें कहा कि गोला का भव्य शिव मंदिर बनेगा पर किसी को भी उजाडा नहीं जाएगा तमाम मकानों व दुकानों का जो ध्वस्तीकरण हुआ है इसके संबंध में निर्देश दिया है कि मकान के बदले मकान व दुकान के बदले दुकान की व्यवस्था होगी। मेरा मकसद केवल शिव मंदिर को भव्य रुप देना है किसी को उजाडना नहीं है। उनका पूरा भाषण कॉरीडोर की भव्यता पर रहा है। उन्होंने कहा कि जनपद लखीमपुर खीरी सबसे बड़ा जनपद है पहले यह सबसे पिछड़ा जनपद माना जाता था पर आज विकास में सबसे अग्रणी है जिसमें लगभग पैंतालीस सौ करोड़ की परियोजना का शिलान्यास किया है। पलिया विधायक रोमी साहनी के क्षेत्र में बाढ की प्रमुख समस्या है जिसका स्थाई समाधान होगा चाहें इसके लिए नदी की धारा को बदलना पडे पर बाढ से नागरिकों को निजात दिलाने की रुप रेखा बनाई है। पर्यटन व टूरिज्म को बढाने का प्रयास जारी है जिससे यहां की बेरोजगारी दूर होगी।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि दुधवा नेशनल पार्क था पर आवागमन के संसाधनों का अभाव था जिसको लेकर एयरपोर्ट विकसित हो रहा है और थारुजनजाति का विकास को लेकर देश के प्रधानमंत्री चिंतित है बहुत जल्दी थारुजनजाति का विकास होगा अब नए युग की शुरुआत है। अतीत की याद ताजा करते हुए कहा कि पहले मलेरिया का बड़ा खौफथा पर आज मलेरिया को जड़ से खत्म करने का अभियान सफ्ल है और मलेरिया का खौफ गायब हो गया है। जनपद के विकास में मेडिकल कॉलेज, बायोप्लास्टिक संयंत्र की स्थापना, शिव मंदिर की भव्यता को लेकर बनारस की तर्ज पर कॉरीडोर की स्थापना जैसे तमाम परियोजना का शिलान्यास कर मै अपने को धन्य मानता हूं। जनपद के जनप्रतिनिधियों का प्रयास व सरकार का सहयोग से पिछड़ा जनपद अब विकास की दौड़ में अग्रणी है। मुख्यमंत्री योगीआदित्यनाथ ने कुंभी में आयोजित भव्य समारोह में बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड के 2850 करोड़ रुपए लागत से बन रहे बायोप्लास्टिक प्लांट का भूमिपूजन किया। जिसके बाद गोला के शिव मंदिर में पूजा अर्चना की जिसके बाद भव्य कॉरीडोर की आधारशिला रखी। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक ओर पूरी दुनिया प्रयागराज महाकुंभ में भागीदार बन रही है वहीं आज कुंभी में ही आपने महाकुंभ रच दिया है। मुझे यहां आना 11 बजे थाए लेकिन दो घंटे पहले नौ बजे ही आ गया। गोला के बाद प्रयागराज जाना है। लोगों की भीड़ देखकर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दृश्य अपने आप में अद्भुत है। कुंभी में निवेश का महाकुंभ नजर आ रहा है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2850 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह संयंत्र भारत का पहला इंटीग्रेटेड यूनिट होगा। इससे हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा और किसानों की आमदनी में भी बढ़ोतरी होगी।यूपी सरकार यहां के युवाओं के स्किल डेवलपमेंट के लिए प्लांट के साथ एमओयू करेगी, जिससे पढ़ाई कर रहे छात्र सीधे रोजगार से जुड़ सकें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह देश का पहला बायोप्लास्टिक प्लांट होगा, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को साकार करेगा। यहां बनने वाली बोतल, प्लेट, कप और कैरी बैग्स पूरी तरह से डिस्पोजेबल होंगे और महज तीन महीने में खुद ही मिट्टी में मिल जाएंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पर्यावरण संकट पर चिंता जताते हुए कहा कि ग्लोबल वॉर्मिंग के कारण असमय बारिश और सूखे जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं।आगे कहा कि यूपी सरकार जीरो लिक्विड डिस्चार्ज तकनीक को अपनाकर नदियों और नहरों को सुरक्षित रखने का प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री योगीआदित्यनाथ ने कहा कि यूपी में 45 लाख करोड़ रुपये का निवेश प्रस्ताव आया है। अब तक 15 लाख करोड़ का निवेश हो चुका है और 3 से 5 लाख करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट लाइन में हैं। 7 से 8 लाख युवाओं को नौकरी भी मिल चुकी है। 13 जनवरी से 22 फरवरी तक अब तक 60 करोड़ श्रद्धालु संगम में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। यूपी में बेहतरीन कानून व्यवस्था और निवेश के अनुकूल माहौल के कारण आज पूरी दुनिया यहां आकर निवेश करना चाहती है। इसके बाद गोला गोकर्णनाथ के प्राचीन शिव मंदिर में जाकर पूजा.अर्चना की बाद में उन्होंने काशी कॉरिडोर का भूमिपूजन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 373 विकास परियोजनाओं का भी शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी का दोनों स्थानों पर भव्य स्वागत हुआ जिसमें प्रदेश सरकार के आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल, गोला विधायक अमन गिरि मोहम्मदी विधायक लोकेन्द्र प्रताप सिंह, रोमी साहनी नगरपालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, जिलाध्यक्ष सुनील सिंह के साथ ही भाजपा के विधायक व नगरपालिका नगर पंचायत के अध्यक्ष थे।

# प्रयागराज में आस्था और कुंभी में निवेश के महाकुम्भ को देश देख रहाः सीएम योगी

● सीएम ने लखीमपुर खीरी के कुंभी चीनी मिल परिसर में 2,850 करोड़ की लागत से देश के प्रथम बायोपॉलिमर संयंत्र का किया शिलान्यास ●बोले, बायोपॉलिमर संयंत्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को करेगा साकार ●संयंत्र से बनी बोतल, प्लेट, कप और कैरी बैग्स पूरी तरह से होंगे डिस्पोजेबल, 3 माह में खुद ही मिट्टी में मिल जाएंगे



प्रथम बायोपॉलिमर संयंत्र के शिलान्यास कार्यक्रम में कही।

**लखीमपुर खीरी।** प्रयागराज में महाकुम्भ के पवित्र स्नान के लिए देश.विदेश के श्रद्धालु उमड़ रहे हैं, वहीं लखीमपुर खीरी में निवेश का महाकुम्भ कुंभी में देखने को मिल रहा है, जहां बलरामपुर चीनी मिल लिमिटेड द्वारा 2850 करोड़ की लागत से देश का पहला बायोपॉलिमर संयंत्र स्थापित होगा। सरकार ने देश के पहले बायोप्लास्टिक प्लांट का जो एमओयू किया थाए उसे आज जमीनी धरातल पर उतारा गया है। यह अपनी तरह का देश का पहला निवेश है। यह बायोप्लास्टिक प्लांट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को साकार करेगा। यहां बनने वाली बोतल, प्लेट, कप और कैरी बैग्स पूरी तरह से डिस्पोजेबल होंगे और महज तीन महीने में खुद ही मिट्टी में मिल जाएंगे। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लखीमपुर खीरी के कुंभी चीनी मिल परिसर में 2,850 करोड़ की लागत से देश के

## भारत का पहला इंटीग्रेटेड यूनिट होगा बायोपॉलिमर संयंत्र

मुख्यमंत्री योगी आदित्याथ ने कहा कि आज पूरी दुनिया उत्तर प्रदेश के महाकुम्भ में भागीदार बनने के लिए उत्साहित है। उन्होंने कहा कि 13 जनवरी से 22 फरवरी तक अब तक 60 करोड़ श्रद्धालु संगम में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। उन्होंने कहा कि मैं यहां से गोला गोकर्णनाथ और फिर प्रयागराज जाऊंगाए लेकिन कुंभी में ही मुझे महाकुंभ दिख गया। यह निवेश का महाकुंभ है। सीएम ने कहा कि 2850 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह संयंत्र भारत का पहला इंटीग्रेटेड यूनिट होगा। इससे हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा और किसानों की आमदनी में भी बढ़ोतरी होगी। यूपी सरकार यहां के युवाओं के स्किल डेवलपमेंट के लिए प्लांट के साथ एमओयू करेगीए जिससे पढ़ाई कर रहे छात्र सीधे रोजगार से जुड़ सकें।

सीएम योगी ने पर्यावरण संकट पर चिंता जताते हुए कहा कि ग्लोबल वॉर्मिंग के कारण असमय बारिश और सूखे जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि यूपी सरकार जीरो लिक्विड डिस्चार्ज तकनीक को अपनाकर नदियों और नहरों को सुरक्षित रखने का प्रयास कर रही है। सीएम ने कहा कि यूपी में 45 लाख करोड़ रुपये का निवेश प्रस्ताव आया है। अब तक 15 लाख करोड़ का निवेश हो चुका है और 3 से 5 लाख करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट पाइपलाइन में हैं। इससे 7 से 8 लाख युवाओं को नौकरी भी मिल चुकी है।

### पाली लैक्टिक एसिड आधारित बायोप्लास्टिक का उत्पादन करेगा संयंत्र

सीएम योगी ने कहा कि संयंत्र पाली लैक्टिक एसिड आधारित बायोप्लास्टिक का उत्पादन करेगा, जिससे पर्यावरण अनुकूल उत्पाद जैसे डिस्पोजेबल बोतलें, खाद्य ट्रे, कटलरी, आइसक्रीम कप और कैरी बैग बनाए जाएंगे। इस प्लास्टिक की विशेषता यह होगी कि यह 3 से 6 महीनों में स्वयं ही मिट्टी में घुलकर नष्ट हो जाएगा, प्रदूषण पर नियंत्रण पाया जा सकेगा। यह संयंत्र शून्य.तरल अपशिष्ट के सिद्धांत पर भी काम करेगा, जिससे कोई भी हानिकारक अपशिष्ट नदियों या नालों में नहीं बहेगा। इस परियोजना से हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा और चीनी उद्योग में नई संभावनाएं खुलेंगी। मुख्यमंत्री ने बलरामपुर चीनी मिल लिमिटेड से संयंत्र को आईटीआई, पॉलिटेक्निक और स्थानीय महाविद्यालयों से जोड़ने के लिए कहाए जिससे यहां के युवाओं को प्रशिक्षित कर उन्हें स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर मिलें।

# समाधान दिवस में एएसपी एवं एसडीएम ने सुनी शिकायतें

● छह शिकायतों में से दो मामलों का मौके पर हुआ निस्तारण

**संवाददाता।** गुरसहायगंज, कन्नौज

**शासन** के निर्देश पर कोतवाली में आयोजित समाधान दिवस के अवसर पर जिले के एएसपी और छिबरामऊ एसडीएम ने पीडितों की समस्याएं सुनी और उनके निस्तारण के लिए आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान कुल छह शिकायतें दर्ज की गईं। जिनमें से दो समस्याओं का मौके पर ही समाधान कर दिया गया।

शनिवार को स्थानीय कोतवाली परिसर में एएसपी अजय कुमार और छिबरामऊ एसडीएम ज्ञानेन्द्र कुमार द्विवेदी के समक्ष चार राजस्व एवं दो पुलिस संबन्धित कुल छह शिकायतें आई जिन्हें गंभीरता से सुनकर एक पुलिस व एक राजस्व संबन्धित समस्या को मौके पर ही निस्तारण कर दिया।



समाधान दिवस में शिकायतें सुनते एएसपी व एसडीएम।

जबकि बाकी चार शिकायतों को राजस्व कर्मियों को सौंपकर समयबद्ध ढंग से जल्द से जल्द उनका समाधान करने के निर्देश देने के उपरान्त एएसपी और एसडीएम ने शिकायतकर्ताओं को भरोसा दिलाया कि प्रशासन उनकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है और आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुवे, निरीक्षक विष्णुकांत तिवारी, शैलेन्द्र कमार सिंह, कानून–गो प्रेमकृष्ण मिश्रा, उपनिरीक्षक राजेश प्रताप सिंह, सुनील चौधरी, रावेन्द्र सिंह, प्रदीप कुमार, लेखपाल कौशल पाण्डेय, अतुल प्रताप सिंह, अभिषाक कटियार, कुलदीप यादव, रोहित यादव सहित तमाम राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### प्रधानमंत्री द्वारा 24 फरवरी को किसान सम्मान निधि की 19वीं किश्त जारी की जायेगी

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी आलोक सिंह के निर्देशन में उप कृषि निदेशक रामबचन राम द्वारा अवगत कराया गया है कि दिनांक 24 फरवरी 2025 को भागलपुर बिहार में आयोजित होने वाले किसान सम्मान समारोह में प्रधानमंत्री जी द्वारा पीएम किसान की 19वीं किश्त जारी की जायेगी जिसका वर्चुअल रूप से प्रसारण लिंक पर अपराह्न 02:00 बजे से 03:30 बजे तक किया जायेगाए उक्त कार्यक्रम के उपलक्ष्य में जनपद स्तर पर कृषि विज्ञान केन्द्र दलीप नगर में किसान सम्मान समारोह थीम पर कार्यक्रम का आयोजन पूर्वाह्न 12:00 बजे से किया जायेगा जिसमें स्थानीय स्तर पर प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी तथा कृषक उत्पादक संगठन का पांचवॉ वर्ष एवं किसान सम्मान निधि का छठवां वर्ष मनाये जाने के उपलक्ष्य पर कृषि विभाग से सम्बन्धित योजनाओं के लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र दिया जायेगा। उपरोक्त के अतिरिक्त जनपद के खण्ड विकास कार्यालयोंए ग्राम सचिवालयों एवं जन सुविधा केन्द्रो पर भी उपरोक्त कार्यक्रम का सीधा प्रसारण प्रसारित करने के साथ–साथ एग्रीस्टेक अन्तर्गत फार्मर रजिस्ट्री/पीएम किसान पंजीकरण/सुधार का कार्य भी किया जायेगा। समस्त सम्मानित किसान भाइयों से अपेक्षा की जाती है कि उपरोक्त कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में प्रतिभाग कर कार्यक्रम को सफ्ल बनाने में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करें।

### मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम 25 फरवरी को मूसानगर में होगा आयोजन

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी आलोक सिंह के निर्देशन में जिला समाज कल्याण अधिकारी गीता सिंह ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024.25 में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत अवशेष लक्ष्य की पूर्ति हेतु जनपद में निम्न विवरण के अनुसार कार्यक्रम का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है वैवाहिक कार्यक्रम हेतु निर्धारित तिथि 25 फरवरी 2025 को नगर निकाय मूसानगरए 01 मार्च 2025 नगर, निकाय राजपुर, 06 मार्च 2025 नगर निकाय अमरौधा में होगा। प्रत्येक जोड़े पर शासन द्वारा निर्धारित कुल धनराशि रू0 51,000 है, जिसमें धनराशि रू0 10,000 की उपहार स्वरूप सामग्री प्रदान की जाती है एवं धनराशि रू0 6,000 वैवाहिक कार्यक्रम आयोजन पर व्यय किया जाता है तथा धनराशि रू0 35,000 कन्या के खाते में स्थानान्तरित की जाती है। जनपद के अधिक से अधिक पात्र आवेदक इस योजना का लाभ लेने के लिए वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है, जिससे उन्हें योजना से लाभान्वित किया जा सके। योजनान्तर्गत पात्रता की मुख्य शर्तें निम्नवत है:. 1. कन्या के परिवार की वार्षिक आय सीना अधिकतम रू0 2.00 लाख तक मान्य होगी। 2. आय प्रमाण पत्र माता.पिताध्अभिभावक का होना अनिवार्य है। 3. पुत्री की आयु शादी की तिथि को 18 वर्ष व वर की आयु 21 वर्ष या उससे अधिक होनी अनिवार्य है। 4. कन्या अविवाहित हो अथवा विधवा, परित्यक्तता/तलाकशुदा जिसका कानूनी रूप से तलाक हो गया होए का पुनर्विवाह किया जाना हो।

### जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट के विभिन्न कार्यालयों का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी आलोक सिंह के द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर के विभिन्न कार्यालयोंध्पटलों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने खनन विभागए आपदाए सूचना कार्यालयए कोषागार सहित अन्य कार्यालयों का निरीक्षण कर पत्रावलियों के रखरखावए साफ सफाई व्यवस्था व अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लेकर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित को दिए। उन्होंने कहा कि पत्रावलियों को सुव्यवस्थित ढंग से रखा जाएए समय.समय पर साफसफाई कराई जाए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित कुमारए अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व दुष्यंत कुमार मौर्य उपस्थित रहे।

## महाशिवरात्रि व कुम्भ स्नान के दृष्टिगत जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने यातायात व्यवस्था का लिया जायजा

**कानपुर देहात।** महाशिवरात्रि व कुम्भ स्नान के दृष्टिगत जिलाधिकारी आलोक सिंह व पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति द्वारा बारा जोड़ पहुंचकर ट्रैफ्कि व्यवस्था जायजा लिया गया। जिलाधिकारी ने यातायात प्रभारी को निर्देशित किया कि हाईवे पर कही भी वाहन खड़े न होने पायेए वाहनों को निर्धारित स्थल पर बने पार्किंग स्थलों में ही खड़ा कराया जाये। अनधिकृत रूप से खड़े वाहनों पर नियमानुसार कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाये कि यातायात सतत् संचालित होता रहे। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि बाराजोड़ मोड़ से लेकर टोल तक अनावश्यक रूप से हाईवे पर कोई भी वाहन खड़ा न होए जगह.जगह पर यातायात पुलिस, एम्बुलेंस आदि की तैनाती की जाये। मौके पर तहसीलदार अकबरपुर, यातायात प्रभारी, पुलिस कर्मी आदि उपस्थित रहे।

# आयुष्मान आरोग्य मंदिर में दवाइयों की कमी पर प्रशासन सख्त

● खबर प्रकाशित होने पर सीएमओ के आदेश पर पहुंचाई गई दवाइयां

**संवाददाता।** गुरसहायगंज, कन्नौज

**हिन्दी दैनिक** पायनियर समाचार पत्र में नगर के मोहल्ला अफ्सरी स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में दवाइयों की कमी की खबर प्रकाशित होने के बाद अधिकारियों ने तत्काल संज्ञान लिया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. स्वदेश गुप्ता के निर्देश पर अस्पताल में आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। जिससे मरीजों और नागरिकों को राहत मिली।

नगर के मोहल्ला अफ्सरी स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में बीते कुछ दिनों से जरूरी दवाइयों की अनुपलब्धता को लेकर मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या को लेकर स्थानीय लोगों और मरीजों द्वारा हिन्दी दैनिक पायनियर संबाददाता से शिकायत की गई थी जिसके बाद समाचार पत्र में दवाइयों की कमी की खबर प्रकाशित होने के बाद चिकित्सा विभाग हरकत में आया। जिला स्वास्थ्य विभाग ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत कार्रवाई की। डा. स्वदेश गुप्ता ने दवा आपूर्ति विभाग को निर्देश दिया कि



आयुष्मान अरोग्ध मंदिर का फोटो।

जल्द से जल्द आवश्यक दवाइयों को अस्पताल में भेजा जाए। आदेश मिलते ही स्वास्थ्य विभाग की टीम ने आपूर्ति प्रक्रिया तेज कर दी और कुछ ही घंटों में अस्पताल में जीवनरक्षक और आवश्यक दवाएं पहुंचा दी गईं। वहीं सीएमओ ने कहा कि सरकार की मंशा के अनुसार हर जरूरतमंद मरीज को मुफ्त और सुलभ इलाज मिले, यह सुनिश्चित किया जाएगा। उधर दवाइयों की उपलब्धता से मरीजों और उनके परिजनों ने राहत की सांस ली।

## अधिवक्ता अधि. संशोधन विधेयक को केंद्र सरकार ने वापस लेकर नए सिरे से तैयार की बात कही

**कानपुर देहात।** अधिवक्ता अधिनियम संशोधन विधायक को केंद्र सरकार ने वापस लेकर नए सिरे से अधिवक्ता संशोधन विधेयक तैयार करने की बात मुख्य लेखा नियंत्रक विधि एवं न्याय मंत्रालय भारत सरकार ध्रुव कुमार सिंह ने चेयरमैन बार कौंसिल ऑफ इंडिया मनन कुमार मिश्रा को पत्र जारी करते हुए लिखी है।यह जानकारी सिविल बार एसो. अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता जितेन्द्र प्रताप सिंह चौहान ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी। केन्द्र सरकार ने पूर्व में अधिवक्ता अधिनियम 1961में जो संशोधन का मसौदा 2025 तैयार किया था वह अधिवक्ताओं को गुलाम बनाने वाला दमनकारी मसौदा है और इसके साथ ही विदेशी लॉ फ्र्मों को देश में वकालत के लिए दरवाजे खोल देश की न्यायिक व्यवस्था को विदेशियों के हाथ खेलने के लिए देना है।बताया कि इस प्रस्तावित मसौदे पर अधिवक्ताओं के देश व्यापी विरोध की शुरुवात पर ही सरकार घुटनों पर आ गई और उसने प्रस्तावित मसौदे को वापस लेकर नए सिरे से मसौदा तैयार करने का निर्णय लिया है जो विलम्ब से सही लेकिन स्वागत योग्य कदम है। जितेन्द्र चौहान ने कहाकि देश का अधिवक्ता केन्द्र सरकार से यह उम्मीद करता है कि भविष्य में सरकार अधिवक्ता विरोधी कोई किसी प्रकार का कदम नहीं उठाएगी नहीं तो अधिवक्ताओं को अपने और देश के हितों के संरक्षण में दूरगामी निर्णय लेने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

### सीएमओ ने सामु. स्वास्थ्य केंद्र संदलपुर का किया निरीक्षण

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी आलोक सिंह के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एके सिंह द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संदलपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान दो चिकित्सक, एक स्टाफ नर्स, एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी एवं एक संविदा कर्मी अनुपस्थित मिले, उपरोक्त कर्मचारियों का अनुपस्थित दिवस का वेतन अवरुद्ध किया गया है। उन्होंने अस्पताल में साफ सफाई, चिकित्सकों की समय से उपस्थितिए मरीज का ठीक प्रकार से इलाज किए जाने हेतु निर्देशित किया।

## मिशन रोजगार अभियान अन्तर्गत विदेशों में रोजगार हेतु करें आवेदन

**कानपुर देहात।** डीएम के निर्देशन में जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि मिशन रोजगार अभियान के अन्तर्गत सेवायोजन विभाग तथा एनएसडीसी नयी दिल्ली की संयुक्त पहल कें अन्तर्गत विदेशों में रोजगार के अवसर प्रदान किये जा रहे, नर्सिंग और होमकेयर महिला एवं पुरूष अभ्यर्थियों हेतु रिक्तियों उपलब्ध करायी गयी है। ये रिक्तियॉं इजराइल, जर्मनी और जापान में केयर गिवर, पेशेंट केयर एवं नर्सिंग क्षेत्र की है विज्ञापन पोर्टल पर उपलब्ध है। योग्यताधारी पुरूष/ महिला अभ्यर्थी पोर्टल पर रिक्ति देखकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। रिक्तियों का विवरण निम्नवत है. 1. इजराइल रू आयु सीमा. 25 से 45 वर्ष। वेतन.5880 एनआईएस (रू0 1,31818 आईएनआर) कुल रिक्ति.5000 कुल खर्च.रू0 142,885 ;लगभगद्ध जॉब रॉल.होम बेस्ट केयरगिवर योग्यता.सटिफिकेट इन केयरगिवर (990 घंटे का)/नर्सिंग, फिजियोथेरेपी, नर्स असिसटेंट, मिडवाइक में डिप्लोमा अथवा जीडीए/ एएनसी/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बीएससी नर्सिंग कम से कम 03 वर्ष का वैध पासपोर्ट/ अग्रेजी का (2) जर्मनी: आयु सीमा. 24 से 40 वर्ष। वेतन.यूरो 2ए600 डयूशमार्क (रू0 2,29925 आई एन आर लगभग) कुल रिक्ति.250 कुल खर्च.रू0 30,000 (लगभग) जॉब रॉल.असिस्टेंट नर्स योग्यता.बीएससी नर्सिग अथवा जीएनएम/01 साल का अनभव (3) जापान: आयु सीमा 20 से 27 वर्ष। वेतन.2,15,666 येन ;रू0 1,16,976 आई एन आर लगभगद्ध कुल रिक्ति.50सकुल खर्च.रू0 193,000 (लगभग) जॉब रॉल.केयर गिवर।योग्यता.जीडीए के साथ 03 माह का अनुभव अथवा एएनएम ध् जीएनएम/बीएससी नर्सिंग के साथ इटर्नशिप आवेदन एवं रिक्ति संबंधी जानकारी के लिए कानपुर देहात से सर्पक किया जा सकता है।

# लखीमपुर अब पिछड़ा जनपद नहीं, यहां की धरती सोना उगलती हैः सीएम योगी

**लखीमपुर खीरी/लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लखीमपुर खीरी को विकास की नई सौगात दी। राजेंद्र गिरि स्मारक स्टेडियम में 1622करोड़ की 373 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/ शिलान्यास किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने श्छोटी काशीश् गोला गोकर्णनाथ शिव मंदिर कॉरिडोर का शिलान्यास भी किया। लखीमपुर खीरी अब पिछड़ा जनपद नहीं है, बल्कि यहां की उर्वरा धरती सोना उगलती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब देश आजाद हुआ था तो लखीमपुर खीरी विकास में बहुत पीछे थे। मलेरिया यहां भय का प्रतीक होता था। दूधवा नेशनल पार्क थाए लेकिन वहां पहुंचने का साधन नहीं थे। अब पलिया में एयर स्ट्रिप को एयरपोर्ट के रूप में विकसित करने का पैसा भी दिया गया है। सरकार यहां के बाढ़ की समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में कदम बढ़ा रही है। बाढ़ बचाओ के उपायों को प्रभावी ढंग से लागू करने या नदी को चैनलाइज करने की कार्रवाई होगी। एनजीटी या किसी प्रकार की बाधा नहीं होगी। डबल इंजन सरकार यहां स्प्रिचुअलए ईको टूरिज्म समेत विकास को इतना बढ़ाएगी कि रोजगार की कमी नहीं रहेगी। क्षेत्रफ्ल की दृष्टि से सबसे बड़े जनपदों में शामिल लखीमपुर खीरी की अत्यंत उर्वरा धरती सोना उगलती है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि लखीमपुर खीरी अब पिछड़ा जनपद नहीं है। आज इस जनपद में लगभग 4500 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण शिलान्यास हुआ है। इसमें गोला गोकर्णनाथ मंदिर का कॉरिडोर और बलरामपुर चीनी मिल लिमिडेट द्वारा लगाया गया देश का पहला पीएलए प्लांट ;बायो प्लास्टिक निर्माणद्ध भी शामिल है। कुम्भी में 2850 करोड़ के प्लास्टिक प्लांट का भी शिलान्यास करके यहां आया हूं। आज लखीमपुर के पास केवल दूधवा नेशनल पार्क ही नहींए बल्कि यहां मेडिकल कॉलेज का शुभारंभ भी किया जा रहा है। विकास की ढेर



सारी परियोजनाएं लखीमपुर खीरी के लोगों के जीवन को सुगम बनाएगी और रोजगार सृजन भी करेगी। यह सब मोदी जी के मार्गदर्शन में सरकार के सहयोग व जनप्रतिनिधियों के प्रयास से हुआ है।

सीएम ने कहा कि पहले इसे कनेक्टिविटी के साथ नहीं जोड़ा था। बहराइच.मैलानी के बीच रेलवे लाइन चलेगी, बंद होगी, यह उहापोह रहती थी, लेकिन हमने कहा कि पैसा जितना लगेगा, देंगे, पर्यटन के लिए इसे आगे बढ़ाना चाहिए। विश्वास है कि रेलवे इस दिशा में जो सकारात्मक कदम बढ़ा रही है, यह टूरिज्म की दिशा में नए युग की शुरुआत को आगे बढ़ाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि थारू जनजाति से जुड़ी बहनों के द्वारा अपनी संस्कृति को अक्षुण्ण बनाए रखने के साथ.साथ जिस प्रकार के उत्पाद को आगे बढ़ाया गया हैए उसकी चर्चा प्रधानमंत्री मोदी जी भी करते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां के हर जनप्रतिनिधि विकास की योजनाओं से जुड़े हैं। अनवरत विकास के पथ पर अग्रसर इस जनपद में योग्य जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व में जनता की बुनियादी सुविधाएं, रोजगार की उपलब्धता, विकास की नई परियोजनाओं को तेज गति से बढ़ाया जा रहा है। कोई मेडिकल कॉलेज, कोई एयरस्ट्रिप को एयरपोर्ट के रूप में विकास करने, कोई दूधवा नेशनल पार्क को ईको टूरिज्म की दृष्टि से विकसित करने, कोई पीएल, प्लांट लाने, कोई गोला गोकर्णनाथ के व्यवस्थित कॉरिडोर के निर्माण विकास, रोजगार के सृजन तो कोई कनेक्टिविटी को लेकर उत्साहित भाव के साथ कार्यक्रम आगे बढ़ा रहा है। यह बताता है कि आने वाले समय में लखीमपुर खीरी इन सभी संभावनाओं को आगे बढ़ाते हुए प्रदेश के विकसित जनपदों में से एक होगा।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की क्षमता का आकलन करना हो तो प्रयागराज महाकुम्भ ही पर्याप्त है। 13 जनवरी से 22 फरवरी ;अभी तकद्ध 60 करोड़ श्रद्धालुओं ने आस्था की पावन डुबकी लगाई है। यह उत्तर प्रदेश के सामर्थ्य को देश.दुनिया के सामने रखता है। एक निश्चित समय सीमा के अंदर इतने लोग एक स्थल पर अन्यत्र कहीं एकत्र नहीं हो सकते। यह केवल प्रयागराज व उत्तर प्रदेश में हो सकता है, जिसका लोहा पूरी दुनिया मान रही है। पीएम मोदी के नेतृत्व में महाकुम्भ दिव्य.भव्य तरीके से आगे बढ़ रहा है। जिन लोगों को विकासए देश.प्रदेश का सामर्थ्य अच्छा नहीं लगता वे लगातार नकारात्मक टिप्पणी कर बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन देश और सनातन धर्म के अनुयायियों ने दिखा दिया कि अनुकूल परिस्थितियां होंगी तो अपनी विरासत को गौरव के साथ बढ़ाने का कार्य करेंगे। सीएम ने कहा कि जो हर मामले में नकारात्मक टिप्पणी करते हैं, हर अच्छे कार्य पर प्रश्न खड़ा करते हैं और हर अच्छे कार्यक्रम के मार्ग में बैरियर बनते हैं। प्रयागराज महाकुम्भ ने ऐसे विरोधियों को आईना दिखाया है विकास का कोई विकल्प नहीं हो सकता। विकास होगा तो रोजगार सृजन होगा।

# तेलंगाना में सुरंग ढहने से आठ लोग फंसे, बचाव अभियान जारी

**हैदराबाद ( भाषा )।** तेलंगाना में श्रीशैलम सुरंग नहर परियोजना के निर्माणाधीन खंड की छत का एक हिस्सा ढह जाने से आठ व्यक्ति अंदर फंस गए हैं और उन्हें बाहर निकालने के लिए बचाव अभियान जारी है। राज्य सरकार ने यह जानकारी दी। तेलंगाना के सिंचाई मंत्री एन. उत्तम कुमार रेड्डी ने यहां से लगभग 150 किलोमीटर दूर नागरकुरनूल जिले में दुर्घटना स्थल पर संवाददाताओं को बताया कि राज्य सरकार विशेषज्ञों की मदद ले रही है, जिनमें पिछले साल उत्तराखंड में इसी तरह की घटना में फंसे श्रमिकों को बचाने वाले लोग भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, सरकार सेना और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की भी मदद ले रही है।

फंसे हुए लोगों में से दो व्यक्ति इंजीनियर और दो ऑपरेटर हैं। चार अन्य मजदूर हैं। ए सभी उत्तर प्रदेश, झारखंड, पंजाब और जम्मू-कश्मीर के रहने वाले हैं। सूत्रों ने बताया कि फंसे हुए लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुरंग में ताजा हवा पहुंचाई जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी को फोन कर घटना की जानकारी ली और बचाव अभियान के लिए केंद्र की ओर से हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें घटनास्थल पर पहुंच गई हैं और सेना का एक दल वहां पहुंच रहा है। हाल ही में निर्माण कार्य फिर से शुरू होने के बाद, शनिवार सुबह पहली पाली में 50 लोग 200 मीटर लंबी सुरंग बोरिंग मशीन लेकर सुरंग के अंदर गए। अधिकारी ने बताया, कार्य के सिलसिले में वे सुरंग के अंदर 13.5 किलोमीटर तक गए थे, तभी अचानक छत ढह गई। मशीन के आगे चल रहे दो इंजीनियरों समेत आठ सदस्य फंस गए, जबकि 42 अन्य सुरंग के बाहरी गेट की ओर भागे और बाहर आ गए। उन्होंने कहा कि विशेषज्ञों की मदद से उन्हें बचाने के प्रयास किए जा रहे हैं। अधिकारी ने कहा, "पानी निकालने की प्रक्रिया जारी है...यह एक सतत प्रक्रिया है जो जटिल है। ए कर्मी सुरंग के 14 किलोमीटर अंदर फंसे हुए हैं।

मंत्री ने कहा कि उन्होंने एक तेज आवाज भी सुनी और उन्हें सुरंग के बाहर कुछ "भूगर्भीय हलचलै महसूस हुई। उत्तम कुमार रेड्डी ने कहा, "हमारी सरकार उन आठ लोगों की जान बचाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। हमने उत्तराखंड की घटना में लोगों को बचाने में शामिल विशेषज्ञों से भी बात की है। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) की ओर से जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने प्रधानमंत्री को स्थिति से अवगत कराया तथा बताया कि फंसे हुए लोगों को बचाने के प्रयास जारी हैं। विज्ञप्ति के मुताबिक रेड्डी ने यह भी बताया कि राज्य के मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी और जुपल्ली कृष्ण राव घटनास्थल पर मौजूद हैं और बचाव कार्यों की देखरेख कर रहे हैं।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सुरंग में प्रवेश करने वाली टीमों का मार्गदर्शन करने के लिए ड्रोन तैनात किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सुरंग के अंदर 13 किलोमीटर तक रास्ता साफ है, और सुरंग के 14 किलोमीटर पर ढांचा ढह गया है। हालांकि, उन्होंने बताया कि बचाव दल सुरंग की समग्र स्थिति को लेकर आशंकित हैं। सूत्रों ने पीटीआई-भाषा को बताया, घटनास्थल पर बहुत सारा मलबा जमा हो गया है, इसलिए बचाव दल आगे बढ़ने और किसी भी संभावित खतरे का पता लगाने के लिए ड्रोन का उपयोग कर रहे हैं। बचाव अभियान पूरी रात जारी रहेगा। सूत्रों ने बताया कि टीमें अंदर जाने से हिचकिचा रही हैं, क्योंकि अंदर से अभी भी तेज आवाजें आ रही हैं। उत्तम कुमार रेड्डी ने कहा कि नलगोंडा जिले में चार लाख एकड़ भूमि की सिंचाई के लिए श्रीशैलम परियोजना के तहत पानी की व्यवस्था के लिए "दुनिया की सबसे लंबी 44 किलोमीटर लंबी सुरंगै पर काम शुरू हुआ है। उन्होंने कहा कि 44 किलोमीटर में से करीब 9.50 किलोमीटर पर काम होना बाकी है। इससे पहले, सरकारी स्वामित्व वाली सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक एन बलराम ने पीटीआई-भाषा को बताया कि कोयला खननकर्ताओं के 19 विशेषज्ञों की एक टीम भी बचाव अभियान में शामिल होने के लिए घटनास्थल के लिए रवाना हो गई है। बलराम के अनुसार, एससीसीएल के पास ऐसी घटनाओं में लोगों को बचाने की विशेषज्ञता है और उसके पास आवश्यक उपकरण भी हैं। कंपनी की बचाव टीम का नेतृत्व महाप्रबंधक स्तर के अधिकारी कर रहे हैं। सरकार ने कहा कि मुख्यमंत्री रेड्डी लगातार स्थिति की समीक्षा कर रहे हैं और उन्होंने अधिकारियों को फंसे हुए लोगों को बचाने के लिए बचाव अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। केंद्रीय कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी ने दुर्घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए अधिकारियों से कहा कि वे फंसे हुए लोगों को सुरक्षित बाहर निकालें। उनके कार्यालय से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि उन्होंने अधिकारियों से घायलों को उपचार उपलब्ध कराने को भी कहा।

## बंगाल में सड़क हादसे में तीन की मौत, 18 घायल

**बारासात ( भाषा )।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में एक बस शनिवार शाम को एक मोटरसाइकिल से टकराने के बाद सड़क किनारे स्थित एक दुकान में जा घुसी, जिससे कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और 18 अन्य घायल हो गए। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। बशीरहाट के पुलिस अधीक्षक हसन मेहेदी रहमान ने बताया कि बस में शादी समारोह से वापस आ रहे लोग सवार थे, लेकिन मिनाखान में वाहन के सामने अचानक मोटरसाइकिल आ जाने से चालक ने बस से नियंत्रण खो दिया। उन्होंने बताया कि बसंती राज्य राजमार्ग पर हुई दुर्घटना में बस चालक, मोटरसाइकिल चालक और दुकान के मालिक की मौत हो गई।

## बिहार के रोहतास जिले में छात्र ने अपने सहपाठी की गोली मारकर हत्या की

**सासाराम ( भाषा )।** बिहार के रोहतास जिले में छात्रों के दो समूहों के बीच हुई झड़प में एक नाबालिग लड़के की गोली मारकर हत्या कर दी गई जबकि एक छात्र घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक रोशन कुमार ने बताया कि दसवीं कक्षा के छात्र अमित कुमार ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया, जिसके बाद उसके सहपाठी को हिरासत में ले लिया गया। उन्होंने बताया, प्रारंभिक जांच में पता चला कि सासाराम के एक परीक्षा केंद्र के अंदर छात्रों के दो समूहों के बीच बृहस्पतिवार को झगड़ा हुआ था...जब अमित और एक अन्य छात्र संजीत कुमार ऑटोरिक्शा से घर लौट रहे थे तो उनके एक सहपाठी ने उन्हें रोका और कथित तौर पर वह दोनों छात्रों पर गोली चलाकर फरार हो गया। पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और उन्हें नजदीकी सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया, अमित ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया जबकि संजीत की हालत स्थिर बताई जा रही है। मामला दर्ज कर लिया गया है और अपने सहपाठियों पर गोली चलाने वाले नाबालिग छात्र को हिरासत में ले लिया गया है। आगे की जांच जारी है। उन्होंने बताया कि छात्रों के बीच हुई झड़प और उसके बाद हुई गोलीबारी की घटना के कारण का अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने आरोपी नाबालिग के पास से हथियार और मोबाइल फोन जब्त कर लिया है। जिला पुलिस ने शुक्रवार शाम को जारी एक बयान में कहा कि जांच में यह भी पता चला है कि अमित, संजीत और उसके दोस्त एक साल से हिरासत में लिए गए नाबालिग को कथित तौर पर परेशान कर रहे थे। बयान में कहा गया, नाबालिग लड़के ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि अंतिम परीक्षा के दौरान अमित, संजीत और अन्य लोगों ने उस पर हमला किया था जिसके बाद उसने बदला लेने का फैसला किया। आरोपी ने यह भी बताया कि वह एक अन्य सहपाठी को भी गोली मारना चाहता था, लेकिन गलती से अमित और संजीत को लग गई। पुलिस ने बताया कि हिरासत में लिए गए लड़के ने दावा किया कि जो लोग उसे परेशान कर रहे थे उन्होंने यह गलत सूचना फैलाई कि परीक्षा में नकल को लेकर उनके बीच झड़प हुई थी। इससे पहले दिन में, मृतक छात्र के परिजनों ने बाद में पास के राजमार्ग के एक हिस्से को अवरुद्ध कर दिया और टायर जलाकर यातायात को बाधित किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोपी के खिलाफ तत्काल कार्वाई की मांग करते हुए उसका शव राजमार्ग पर रख दिया। एक अधिकारी ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद परिजनों ने प्रदर्शन खत्म किया।

## बीआरएस और भाजपा ने जातिगत सर्वेक्षण का विरोध किया: रेवंत रेड्डी

**हैदराबाद( भाषा )।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने शनिवार को आरोप लगाया कि भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) और भाजपा राज्य में कराए गए जातिगत सर्वेक्षण के आंकड़ों में खामी ढूंढ रहे हैं, क्योंकि पिछड़ा वर्ग उनसे सत्ता में उनकी हिस्सेदारी के बारे में सवाल करेगा। रेड्डी ने विपक्षी बीआरएस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा जातिगत सर्वेक्षण के आंकड़ों को गलत बताए जाने के मद्देनजर पिछड़ा वर्ग संघों के साथ बैठक की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पिछले साल नवंबर-दिसंबर में कराया गया जातिगत सर्वेक्षण बहुत सावधानी से किया गया था। रेड्डी ने आरोप लगाया कि भाजपा जातिगत सर्वेक्षण को कमजोर करने की कोशिश कर रही है, क्योंकि अगर कांग्रेस द्वारा किया गया सर्वेक्षण न्यायिक जांच में पास हो जाता है, तो इससे सत्ता पर काबिज एक या दो जातियों के हित प्रभावित होंगे।

बीआरएस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि पिछली बीआरएस सरकार ने अपने कार्यकाल के दौरान किए गए व्यापक परिवार सर्वेक्षण के विवरण का खुलासा नहीं किया, क्योंकि यह त्रुटियों से भरा हुआ था। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार ने सर्वेक्षण रिपोर्ट का इस्तेमाल केवल चुनावों के दौरान किया था, लोगों के लाभ के लिए नहीं। रेड्डी ने चेतावनी देते हुए कहा, विपक्षी दलों ने प्रक्रिया को विकृत करके पूरी व्यवस्था को बर्बाद करने की साजिश रची। पिछड़ा वर्ग बिरादरी को इसे गंभीरता से लेना चाहिए। उन्होंने कहा, स्वतंत्र भारत में कभी किसी ने जातिगत जनगणना नहीं कराई। कुछ लोगों को डर है कि पिछड़े वर्गों की आबादी घोषित होने के बाद वे (पिछड़ा वर्ग) दावा ठोक देंगे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जातिगत सर्वेक्षण का परिणाम 100 फीसदी सटीक है तथा उन्होंने सभी से झूठ से गुमराह न होने की अपील की। मुख्यमंत्री ने पिछड़ा वर्ग के नेताओं से सर्वेक्षण पर बैठकें आयोजित करने और इसे स्वीकार करते हुए प्रस्ताव पारित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, जातिगत जनगणना सभी कमजोर वर्गों के लिए बाइबिल, भगवद गीता और कुरान है।

## अनुशासनप्रिय स्वयंसेवक थे रामकुमार : होसबाले

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक** संघ पूर्वी उत्तर प्रदेश के पूर्व सह-क्षेत्र संघ चालक रहे रामकुमार की श्रद्धांजलि सभा को सम्बोधित करते हुये संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि उनके लिये संघ का निर्णय ही सर्वोपरि था। वे संघ के हर कार्य को बड़ी निष्ठा के साथ करते थे। कार्यकर्ता निर्माण करने के लिये उनका जीवन एक आदर्श था। लम्बी बीमारी से जूझ रहे क्षेत्र के पूर्व सहक्षेत्र संघचालक रामकुमार का निधन 19 फरवरी को हुआ था। निराला नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के सभागार में शुक्रवार को आयोजित श्रद्धांजलि सभा में सरकार्यवाह ने कहा कि वे एक अत्यधिक अनुशासनप्रिय स्वयंसेवक थे। उनके जैसे तपस्वी कार्यकर्ताओं से ही संघ बना है। देशभर में ऐसे ही श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं ने अपनी गृहस्थी चलाते हुये संघ कार्य किया है। श्रद्धांजलि सभा का आरम्भ करते हुये अखिल भारतीय प्रचारक प्रमुख एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के पालक स्वांत रंजन ने कहा कि उनकी उपस्थिति मात्र से ही कार्यक्रम अनुशासित हो जाया करते थे। क्षेत्र कार्यवाह डॉ. वीरेंद्र जायसवाल ने कहा कि उनका आचरण ऐसा था कि उन्हें देखकर स्वयंसेवकों को राह




मिल जाती थी। वहीं, प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि उनका सिखाया आज भी हम सबके लिये प्रासंगिक है। संयुक्त क्षेत्र के कुटुम्ब प्रबोधन प्रमुख ओमपाल ने कहा कि उनका जीवन एक पुस्तक के समान है। मजदूर संघ के अनुपम ने श्रद्धांजलि देते हुये कहा कि बौद्धिक एवं बातचीत में भी उनकी निडरता स्पष्ट झलकती थी। एबीवीपी के अध्यक्ष राजशरण शाही ने कहा कि एक कार्यकर्ता को कुछ भी सिखाने के लिये वे अच्छा उदाहरण थे। राष्ट्रधर्म पत्रिका के निदेशक एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश के सह क्षेत्र प्रचार प्रमुख मनोजकान्त ने कहा कि वे अपने कार्य के प्रति समर्पित रहते थे। जब भी वे किसी बौद्धिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिये जाते तो पूरी तैयारी करते थे। सह संगठन मंत्री इतिहास संकलन योजना के संजय श्रीहर्ष ने यहां पर कहा कि वे स्वयंसेवकों को पीड़ा में देखकर उसका निदान करने में देरी नहीं करते थे।

कार्यक्रम के अंत में क्षेत्र प्रचारक अनिल, सह क्षेत्र कार्यवाह अनिल श्रीवास्तव, अवध प्रांत प्रचारक कौशल, काशी प्रांत प्रचारक रमेश , प्रांत संघचालक सरदार स्वर्ण सिंह, प्रांत कार्यवाह प्रशांत शुक्ला, क्षेत्र शारीरिक प्रमुख अखिलेश, क्षेत्र प्रचारक प्रमुख राजेन्द्र, सह प्रांत प्रचारक संजय, प्रांत सम्पर्क प्रमुख गंगा सिंह, मंत्री असीम अरुण, मंत्री दयाशंकर सिंह, ओएसडी सीएम डॉ. श्रवण बघेल एवं संजीव सिंह, एमएलसी अनूप गुप्ता, एमएलसी अवनीश सिंह, महिला आयोग की अध्यक्ष अपर्णा यादव, पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया, कल्याण सिंह कैंसर संस्थान के निदेशक एमएलबी भट्ट, शकुंतला विश्वविद्यालय के कुलपति संजय सिंह, विधायक नीरज बोरा, भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय राय आदि गणमान्यों ने रामकुमार के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

## गुजरात पुलिस की गिरफ्त में आए व्यक्ति ने महाकुंभ में स्नान करने वाली महिलाओं के भी डाले थे वीडियो

**अहमदाबाद ( भाषा )।** गुजरात के अस्पतालों में महिलाओं की चिकित्सा जांच के वीडियो अपलोड करने के आरोप में पुलिस की साइबर अपराध शाखा द्वारा गिरफ्तार किए गए तीन व्यक्तियों में से एक ने उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में स्नान करने वाली महिलाओं के वीडियो भी साझा किए थे। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। साइबर अपराध (अहमदाबाद) पुलिस उपायुक्त लवीना सिन्हा ने संवाददाताओं को बताया कि उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के निवासी चंद्र प्रकाश (आरोपी) ने कुछ महीने पहले सीपी मोंडा नामक एक यूट्यूब चैनल शुरू किया था। आरोपी ने इस चैनल पर महाकुंभ में स्नान कर रहीं महिला तीर्थयात्रियों के वीडियो अपलोड किए थे। उन्होंने बताया कि चंद्र प्रकाश को बुधवार को प्रयागराज से गिरफ्तार किया गया था, उसके साथ महाराष्ट्र के लातूर और सांगली से प्रज्वल तैली और प्रज पाटिल को भी गिरफ्तार किया गया था। सिन्हा ने बताया कि आरोपियों ने राजकोट में स्थित एक अस्पताल में रिकॉर्ड किए गए महिला मरीजों के आपत्तिजनक वीडियो पैसे कमाने के लिए सोशल मीडिया मंच टेलीग्राम पर साझा किए हुए थे। उन्होंने बताया, तैली और पाटिल ने हैकर से महिला मरीजों के वीडियो हासिल किए थे जबकि चंद्र प्रकाश ने अन्य यूट्यूब चैनल से वीडियो डाउनलोड किए थे और हाल ही में उन्हें अपने चैनल पर अपलोड किया था। हम यह जांच कर रहे हैं कि क्या चंद्र ने भी पैसे कमाने के उद्देश्य से वीडियो साझा किए थे। महाराष्ट्र के इन दोनों लोगों का चंद्र प्रकाश से कोई संबंध नहीं है। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो (सीसीटीवी वीडियो) में महिला मरीज अस्पताल के एक बंद कमरे में महिला चिकित्सकों से जांच करवाते हुए या एक नर्स द्वारा इंजेक्शन लगवाते हुए नजर आ रही हैं।

## पेज 1 का शेष

### भारत को...

के अंतिम चरण में 25 यूएसएआईडी कर्मचारियों और उनके जीवनसाथियों के लिए चिकित्सा निकासी को रोक दिया है। व्यक्ति को सार्वजनिक रूप से बोलने का अधिकार नहीं था, इसलिए उसने नाम न बताने की शर्त पर बात की। यूएसएआईडी के उप प्रशासक पीट मारोको ने गुरुवार को अदालत में दाखिल एक दस्तावेज में कहा, वर्तमान कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी उचित उपाय किए जाएंगे। प्रशासन का कहना है कि वह कर्मचारियों की सभी आवश्यक देखभाल कर रहा है क्योंकि वह यूएसएआईडी कार्यक्रमों को समाप्त कर रहा है और इसका उद्देश्य विदेशों में हजारों श्रमिकों और उनके परिवारों को वापस बुलाना है। यूएसएआईडी श्रमिकों और गैर-लाभकारी संगठनों और व्यवसायों का प्रतिनिधित्व करने वाले समूहों द्वारा दायर कई मुकदमे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा विदेशी सहायता पर रोक, यूएसएआईडी की नौकरियों में कटौती और एजेंसी के अचानक बंद होने को चुनौती दे रहे हैं। एक अन्य अदालती आदेश ने फंडिंग पर रोक को अस्थायी रूप से रोक दिया है। प्रशासन ने यूएसएआईडी के कार्यक्रमों पर बेकार होने और उदारवादी एजेंडे को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है।

### यूएसएआईडी..

मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी भाजपा के पीएम उम्मीदवार बनने की तैयारी कर रहे थे। तो, इन फंडों से किसे फायदा हुआ। लोकसभा में 282 सीटें किसे मिलीं। शेष राशि यूएस वित्त वर्ष 2020 और यूएस वित्त वर्ष 2024 के बीच आनी शुरू हुई। कांग्रेस की मांगों को आगे रखते हुए, खेड़ा ने कहा कि पीएम मोदी को अपने मित्र, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प से बात करनी चाहिए और उन पर लगे इस आरोप का पुरजोर खंडन करना चाहिए कि अमेरिका उन्हें और भारत को मतदाता मतदान बढ़ाने के लिए 21 मिलियन अमरीकी डालर देने वाला था। आरएसएस-बीजेपी और उनके सभी इकोसिस्टम एक्टर्स विश्वसनीय नागरिक समाज के सदस्यों, एनजीओ, राजनीतिक दलों के खिलाफ अपने फर्जी आख्यान को मजबूत करने के लिए बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं, उनका न केवल नाम उजागर किया जाना चाहिए बल्कि उन्हें शर्मिंदा भी किया जाना चाहिए।

### ओटीटी...

करते हुए उन्हें अश्लील और गंदे दिमाग की उपज बताया है, जिसने समाज को शर्मसार किया है। उच्चतम न्यायालय ने यूट्यूब जैसे मंचों पर सामग्री साझा करने के मामले में कानून में मौजूद शून्यता को रेखांकित किया और कहा कि सभी तरह की चीजें चल रही हैं। मंत्रालय ने समिति से कहा कि वह समुचित विचार-विमर्श के बाद एक विस्तृत नोट प्रस्तुत करेगा। मंत्रालय ने समिति को बताया, जो 25 फरवरी को अपनी अगली बुलाई है। इस बैठक में उचित विचार-विमर्श के बाद एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। समिति ने 13 फरवरी को मंत्रालय से नई तकनीक और मीडिया प्लेटफार्मों के उद्भव के मद्देनजर विवादास्पद सामग्री पर लगाम लगाने के लिए मौजूदा कानूनों में आवश्यक संशोधनों के बारे में पूछा था। पारंपरिक प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक सामग्री के विपरीत, जो विशिष्ट कानूनों के अंतर्गत आते हैं, इंटरनेट द्वारा संचालित नई मीडिया सेवाओं जैसे ओटीटी प्लेटफॉर्म या यूट्यूब के पास कोई विशिष्ट नियामक ढांचा नहीं है, जिससे कानूनों में संशोधन की मांग बढ़ रही है। हालांकि इस बात को लेकर कुछ चिंताएं रही हैं कि अधिकारी अनावश्यक कारणों से विषय-वस्तु को सेंसर करने के लिए नए प्रावधानों का उपयोग कर सकते हैं, लेकिन इलाहाबादिया जैसी घटना से उत्पन्न होने वाले लगातार जनाक्रोश ने मौजूदा कानूनों में संशोधन करके या नए कानून बनाकर कानूनी ढांचे को मजबूत करने की जरूरत महसूस की गई है।

### पंजाब...

सार्वजनिक जीवन से बाहर कर देना चाहिए। इस मामले पर अपने विचार व्यक्त करते हुए पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वारिंग ने कहा, मुझे आश्चर्य है, धालीवाल को जो मंत्रालय दिया गया था, वह तो अस्तित्व में ही नहीं है...उसने तब इस्तीफा क्यों नहीं दिया, यह बहुत गंभीर मुद्दा है...वे (आप) सरकार कैसे चला रहे हैं।

### आईआरएस...

और उस पर फूल डाले गए थे। पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि भाई-बहन ने आत्महत्या की है। हालांकि, एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उनकी मां की मौत का सही कारण पोस्टमार्टम के बाद ही पता चल सकेगा। पुलिस को पता चला है कि मनीष ने 14 फरवरी को फूल खरीदे थे। पुलिस को मनीष की डायरी में 15 फरवरी की एक प्रविष्टि भी मिली, जिसमें निर्देश दिया गया था कि कुछ दस्तावेज उनकी छोटी बहन को सौंप दिए जाएं जो फिलहाल दुबई में हैं। उनकी छोटी बहन के शनिवार को कोच्चि पहुंचने की उम्मीद है, जिसके बाद शव का परीक्षण किया जाएगा। हालांकि जांचकर्ता सभी पहलुओं की जांच कर रहे हैं, लेकिन अभी तक वे मौतों और मामले के बीच कोई सीधा संबंध स्थापित नहीं कर पाए हैं। एक अधिकारी ने कहा, अगर मां की मौत स्वाभाविक पाई जाती है तो भाई-बहनों की आत्महत्या दुख के कारण हो सकती है। फिलहाल हमारा ध्यान शव परीक्षण के जरिए मौत के कारण की पुष्टि करने पर है। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के अतिरिक्त आयुक्त मनीष विजय यहां कक्कनाडु स्थित सरकारी आवास में रह रहे थे। अधिकारी कुछ दिनों से छुट्टी पर थे, लेकिन जब वे काम पर नहीं लौटे तो बृहस्पतिवार रात को उनके सहकर्मी उनके घर पहुंचे। दुर्गंध आने पर उन्होंने खुली खिड़की से देखा तो एक शव फंदे से लटका था। इसके बाद पुलिस को तुरंत सूचना दी गई और घर में घुसने पर उन्हें दो और शव मिले। झारखंड की राजधानी रांची में विजयवर्गीय वसिया सभा के अध्यक्ष और दूर के रिश्तेदार संजीव विजयवर्गीय ने बताया कि मनीष और शालिनी के परिवार का पैतृक घर शहर के डोरंडा के तुलसी चौक पर है। परिवार विजयवर्गीय समाज का हिस्सा रहा है, लेकिन केरल चले जाने के बाद से उनके बीच कोई संपर्क नहीं रहा। शालिनी की मां शकुंतला देवी बोकारो के एक कॉलेज में प्रोफेसर थीं।

### दिल्ली की..

आवंटित की गई है। बुलेटिन में कहा गया है कि विधानसभा में प्रक्रिया और कार्य संचालन के नियम। इसमें कहा गया है कि जो सदस्य 24 फरवरी को शपथ लेने या प्रतिज्ञान करने में असमर्थ हैं, वे सदन के सचिव को अग्रिम सूचना देने के बाद विधानसभा की किसी भी बाद की बैठक में ऐसा कर सकते हैं। इस बीच, दिल्ली राजपत्र में प्रकाशित एक अधिसूचना में, विधान सभा सचिवालय ने एलजी के एक आदेश का हवाला दिया, जिसमें कहा गया था, मैं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की नव निर्वाचित विधानसभा के सदस्य अरविंदर सिंह लवली को उक्त बैठक के प्रारंभ से लेकर नए अध्यक्ष के निर्वाचित होने तक अध्यक्ष के कार्यालय के कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए नियुक्त करता हूं। एलजी के आदेश में कहा गया, मैं अरविंदर सिंह लवली को वह व्यक्ति भी नियुक्त करता हूं, जिसके समक्ष राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की नव निर्वाचित विधानसभा के सदस्य राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार अधिनियम, 1991 की धारा 12 के प्रावधानों के अनुसार शपथ लेंगे या प्रतिज्ञान करेंगे।



पुणे में एक कार्यक्रम में भाग लेने जाते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे

## महायुति को जीत दिलाकर जनता ने असली शिवसेना, राकांपा को लेकर स्पष्ट फैसला दिया : अमित शाह

**पुणे ( भाषा )।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को यहां कहा कि महाराष्ट्र की जनता ने विधानसभा चुनावों में महायुति को भारी जीत दिलाकर यह स्पष्ट फैसला दे दिया है कि असली शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) कौन है। शिवसेना और राकांपा क्रमश: जून 2022 और जुलाई 2023 में विभाजित हो गए, जिसमें दोनों दलों का एक-एक गुट भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति और कांग्रेस के नेतृत्व वाली महा विकास आघाडी में शामिल हो गया। नवंबर में हुए चुनावों में महायुति ने महाराष्ट्र विधानसभा की 288 सीटों में से 230 सीटें जीतीं, जबकि उद्धव ठाकरे और शरद पवार के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) और राकांपा (एसपी) का प्रदर्शन खराब रहा।

शाह ने कहा, आपके आशीर्वाद से महायुति सत्ता में आई और भाजपा-शिवसेना-राकांपा की सरकार बनी। ऐतिहासिक जनादेश देकर महाराष्ट्र की जनता ने यह भी स्पष्ट फैसला सुनाया कि कौन शिवसेना और कौन राकांपा असली है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि राजग सरकार के लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए सत्ता में आने के बाद पहली कैबिनेट बैठक में ही पीएमएवाई का दूसरा चरण शुरू कर दिया गया। शाह ने कहा कि आज का दिन बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि इस योजना के तहत 20 लाख परिवारों को अपना पहला घर मिला है। उन्होंने कहा, यदि कोई एक राज्य है, जिसे प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सबसे अधिक मकान मिले हैं, तो वह महाराष्ट्र है। आवास के अलावा, प्रधानमंत्री ने यह सुनिश्चित किया है कि प्रत्एक घर में शौचालय हो, जिससे उनके आत्मसम्मान की रक्षा हुई है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि 2029 तक इस योजना के तहत कुल पांच करोड़ घर बनाए जाएंगे, जिनमें से 3.80 करोड़ मकानों का आवंटन पहले ही हो चुका है।

पुणे में जनता सहकारी बैंक लिमिटेड के हीरक जयंती समारोह के समापन समारोह को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने भारत के सहकारी क्षेत्र को बाजार योग्य बनाया है। इसके अलावा, केंद्रीय गृह मंत्री ने पुणे में पश्चिमी क्षेत्रीय परिषद की 27वीं बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने सहकारी बैंकिंग क्षेत्र से प्रौद्योगिकी अपनाने का आग्रह किया। शाह ने कहा, पिछले तीन वर्षों में केंद्र ने देश में सहकारी आंदोलन को गति देने का काम किया है। हमने भारत के सहकारी क्षेत्र के मॉडल को बाजार के लायक बनाया है। हम सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक लाकर सहकारी शिक्षा को सशक्त बना रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश के समक्ष दो संकल्प रखे हैं – 2047 तक भारत को पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाना और 2027 तक देश को 5 हजार अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना। उन्होंने कहा कि सहकारी क्षेत्र के विकास के बिना ये संकल्प अधूरे रहेंगे। शाह ने इस बात पर भी जोर दिया कि अगर हर व्यक्ति का विकास और हर घर में समृद्धि नहीं होगी, तो ए दोनों संकल्प साकार नहीं हो पाएंगे।

## हिंदी को धीरे-धीरे साझा राष्ट्रीय भाषा के रूप में आगे बढ़ना चाहिए : आरएसएस पदाधिकारी

**मुंबई ( भाषा )।** आरएसएस के पदाधिकारी अरुण कुमार ने शनिवार को कहा कि हिंदी को धीरे-धीरे एक साझा राष्ट्रीय भाषा के रूप में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन द्वारा हिंदी को थोपने के आरोप को लेकर पैदा हुए विवाद के बीच स्वार्थी उद्देश्यों के लिए हिंदी की आलोचना किए जाने को खारिज कर दिया। कुमार ने यह भी दावा किया कि भारत में सभी भाषाएं राष्ट्रीय भाषाएं हैं और कोई क्षेत्रीय भाषा नहीं है। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु से लाखों लोग हिंदी में सर्टिफिकेट कोर्स करते हैं और उन लोगों को लेकर चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है जो अपने स्वार्थ के लिए हिंदी भाषा का विरोध करते हैं। एबीपी नेटवर्क के आइडियाज ऑफ इंडिया समिट 2025 को संबोधित करते हुए, आरएसएस के संयुक्त महासचिव ने कहा कि पाकिस्तान और बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के साथ जो हुआ, और व्यापक सोच वाले भारत में अल्पसंख्यकों के साथ व्यवहार के बीच समानताएं तलाशना गलत है। आरएसएस के वरिष्ठ पदाधिकारी की टिप्पणी तमिलनाडु के मुख्यमंत्री द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति का विरोध करने की पृष्ठभूमि में आई है, जिसे उन्होंने हिंदी थोपने का प्रयास बताया है। कुमार ने कहा, हमारे पास प्रशासनिक व्यवस्था है और हमें एक साझा राष्ट्रीय भाषा की जरूरत है। एक समय में यह संस्कृत थी, लेकिन आज यह संभव नहीं है। तो अब क्या हो सकता है, आज यह हिंदी है।

## धनखड़ ने महाराष्ट्र में एलोरा गुफा, घृष्णेश्वर मंदिर का दौरा किया

**छत्रपति संभाजीनगर( भाषा )।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को महाराष्ट्र के घृष्णेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना की और छत्रपति संभाजीनगर स्थित एलोरा गुफा का दौरा किया। धनखड़ शहर के एक दिवसीय दौरे पर हैं, जिस दौरान वह डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर मराठवाड़ा विश्वविद्यालय और सरस्वती भुवन कॉलेज में कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

पायनियर

लखनऊ , रविवार, 23 फरवरी, 2025



# हम स्वास्थ्य को विकास का केंद्र, विकास को वैश्विक सहयोग की कुंजी मानते हैं: जयशंकर

**भाषा।** नई दिल्ली



**विदेश मंत्री** एस जयशंकर ने कोविड-19 महामारी के दौरान विभिन्न देशों को चिकित्सा सहायता मुहैया कराए जाने का उल्लेख करते हुए शनिवार को कहा कि भारत स्वास्थ्य को विकास के केंद्र में रखता है और विकास अंतरराष्ट्रीय सहयोग की कुंजी है।उन्होंने कोविड-19 महामारी के दौरान केंद्र सरकार की वैक्सीन मैत्री पहल और हाल के वर्षों में यूक्रेन, अफगानिस्तान तथा अन्य देशों को मुहैया कराई गई चिकित्सा सहायता का हवाला दिया। अपोलो हेल्थकेयर समूह द्वारा आयोजित 12वें अंतरराष्ट्रीय रोगी सुरक्षा सम्मेलन को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा कि भारत में निजी स्वास्थ्य उद्योग ने भी विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में सुविधाओं और क्षमताओं में योगदान दिया है तथा हम इस उद्योग को एक साझेदार के रूप में महत्व देते हैं। विदेश मंत्री ने कहा, हम भारत में स्वास्थ्य को विकास का केंद्र और विकास को अंतरराष्ट्रीय सहयोग की कुंजी मानते हैं। हाल के वर्षों में, हमारी कई वैश्विक पहल स्वास्थ्य सुरक्षा के इर्द-गिर्द घूमती रही हैं। यह ऐसा क्षेत्र है जहां भारत पिछले दशक में पहला कदम उठाने वाला, विकास भागीदार, आपूर्ति श्रृंखला कड़ी, स्वास्थ्य समाधान प्रदाता और कई मायनों में एक आदर्श रहा है। उन्होंने कहा कि भारत ने विश्व भर के 78 देशों में 600 से अधिक महत्वपूर्ण विकास परियोजनाएं को पूरा किया है और उनमें से कई स्वास्थ्य क्षेत्र में हैं। विदेश मंत्री ने कहा, हाल में, हमने गाजा में मानवीय संकट से निपटने के लिए 66.5 टन चिकित्सा आपूर्ति भेजी। उससे कुछ समय पहले, सीरिया में अस्पतालों की चिकित्सा क्षमताओं को मजबूत करने के लिए।,400 किलोग्राम कैंसर रोधी दवा की खेप भेजी गई थी। जयशंकर ने कहा, अफगानिस्तान में भी भारत ने पिछले कुछ वर्षों में 300 टन दवाइयां भेजी हैं। काबुल में हमारे द्वारा बनाए गए एक अस्पताल में विशेषज्ञों को भी भेजा है। जयशंकर ने श्रीलंका में 2022 के आर्थिक संकट के दौरान अस्पतालों को प्रदान की गई सहायता, रूस के साथ संघर्ष में हताहतों की संख्या बढ़ने पर यूक्रेन को दी गई सहायता, चक्रवात यागी से प्रभावित होने के बाद म्यांमा को उपलब्ध कराई गई सहायता का भी उदाहरण दिया। उन्होंने कहा, इस प्रयास में, भारत ने बड़े और छोटे, द्वीपीय और निकटवर्ती और सुदूरवर्ती भारतीय साझेदारों के साथ काम किया, साथ ही अपने नागरिकों के लिए बेहतर जीवन सुनिश्चित करने में जुटा रहा। जयशंकर ने कोविड-19 महामारी के दौरान भारत की भूमिका और इसकी वैक्सीन मैत्री पहल को भी याद किया। जयशंकर ने कहा, जब दुनिया में कोविड महामारी का प्रकोप शुरू हुआ तो शुरुआती विचार-विमर्श में, जिनमें से कुछ में मैं खुद भी मौजूद था, भारत को संभावित रूप से सबसे बड़ी चिंता के रूप में देखा गया। विडंबना यह है कि भारत ने न केवल अपनी जरूरतों का ध्यान रखा, बल्कि दुनिया में योगदान देने के लिए आगे बढ़ा। विदेश मंत्री ने कहा कि उस समय भारत ने 150 देशों को दवाइयां, 99 देशों और दो अंतरराष्ट्रीय संगठनों को टीके तथा मास्क, पीपीई किट, दस्ताने और वेंटिलेटर उपलब्ध कराए।

# भारत, जापान का संयुक्त सैन्य अभ्यास 24 फरवरी से नौ मार्च तक होगा

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत और** जापान 24 फरवरी से शुरू होने वाले संयुक्त सैन्य अभ्यास में भाग लेंगे जिसका उद्देश्य संयुक्त रूप से शहरी युद्ध और आतंकवाद रोधी अभियानों को अंजाम देते हुए दोनों सेनाओं के बीच समन्वय को बढ़ाना है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यह अभ्यास क्षेत्रीय सुरक्षा, शांति और स्थिरता के प्रति भारत और जापान की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसके साथ ही यह एक स्वतंत्र, खुले और समावेशी हिंद-प्रशांत के उनके साझा दृष्टिकोण को आगे बढ़ाता है।भारतीय सेना की एक टुकड़ी भारत-जापान संयुक्त सैन्य अभ्यास धर्म गार्डियन के छठे अभ्यास के लिए शनिवार को रवाना हुई। यह सैन्य अभ्यास 24 फरवरी से नौ मार्च 2025 तक जापान के पूर्वी फूजी युद्धाभ्यास प्रशिक्षण क्षेत्र में होगा। बयान में कहा गया, इस सैन्य अभ्यास का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र के आदेश के तहत संयुक्त शहरी युद्ध और आतंकवाद विरोधी अभियानों को अंजाम देते हुए दोनों सेनाओं के बीच समन्वय को बढ़ाना है। धर्म गार्डियन सैन्य अभ्यास एक वार्षिक सैन्य अभ्यास है जो भारत और जापान में बारी-बारी से होता है। यह सैन्य अभ्यास पिछली बार फरवरी-मार्च 2024 में राजस्थान में किया गया था। बयान में कहा गया कि 120 कर्मियों वाली भारतीय टुकड़ी का प्रतिनिधित्व मुख्य रूप से मद्रास रेजिमेंट की एक बटालियन के सैनिकों के साथ-साथ अन्य सेनाओं की टुकड़ियों और सैन्य सहायता इकाइयों के सैनिक करेंगे। जापान की ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स (जेजीएसडीएफ) का प्रतिनिधित्व 34वीं इन्फेंट्री रेजिमेंट करेंगी। इसमें भी इतने ही सैनिक होंगे। इस अभ्यास में उच्च स्तर की शारीरिक फिटनेस, संयुक्त योजना और संयुक्त सामरिक अभ्यास पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। बयान में कहा गया कि अक्टूबर 2024 में सेना प्रमुख की जापान की सफल यात्रा के परिणाम स्वरूप, यह सैन्य अभ्यास धर्म गार्डियन भारत और जापान के बीच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और मजबूत करेगा। बयान के अनुसार धर्म गार्डियन सैन्य अभ्यास भारत-जापान संबंधों के क्षेत्रीय सहयोग की आधारशिला को मजबूत करता है। यह परस्पर सैन्य संबंधों को मजबूत करता है और सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा देता है।

# याचिका के बाद इंडिया नाम बदल कर सिर्फ 'भारत' करने पर दृष्टिकोण स्पष्ट किया गया

नई दिल्ली नमह ने दिल्ली उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर करते हुए इंडिया नाम बदल कर भारत करने की मांग की थी। इस पर भारत सरकार ने अपना दृष्टिकोण स्पष्ट किया है।यह विषय भारत सरकार (कार्य आवंटन) नियम, 1961 के अनुसार गृह मंत्रालय के अधिकार क्षेत्र में है। इसलिए विधि एवं न्याय मंत्रालय, विधायी विभाग ने कहा है कि इसमें उसकी भूमिका नीतिगत निर्णयों के आधार पर कानून बनाने तक सीमित है। चूंकि नाम बदलने का यह प्रस्ताव एक नीतिगत मामला है, इसलिए इसकी जांच और आवश्यक कार्रवाई की जिम्मेदारी गृह मंत्रालय की है।याचिका के पीछे तर्क यह है कि देश की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पहचान 'भारत' से है। इसलिए संविधान के अनुच्छेद 1 में संशोधन की मांग की गई है। याचिकाकर्ता ने यह भी कहा है कि 'इंडिया' नाम से देश की औपनिवेशिक पहचान है, जबकि 'भारत' नाम देश की प्राचीन सभ्यता और लोकाचार का परिचायक है। इस याचिका में संविधान सभा के ऐतिहासिक विमर्शों का भी उल्लेख किया गया है, जिनमें सिर्फ 'भारत' नाम उपयोग करने की बात थी जबकि दोनों नाम बरकरार रखे गए थे। इसमें हाल में आयोजित जी20 के आधिकारिक आमंत्रण का भी उल्लेख किया गया है जिसमें 'भारत की राष्ट्रपति' का संदर्भ है। यह औपचारिक आयोजनों में भारत नाम अपनाए जाने की सरकार की मंशा दर्शाती है। याचिकाकर्ता ने सरकार से संवैधानिक संशोधन कर सिर्फ भारत नाम को औपचारिक मान्यता प्रदान करने की अपील की है।याचिका में यह भी कहा गया है कि देश के नागरिकों को संविधान के अनुच्छेद 21 के अनुसार इस राष्ट्र को भारत नाम से पहचानने का मौलिक अधिकार है।

## एबी इनबेव इंडिया ने किसानों को सशक्त किया

**फर्रुखनगर।** भारत की जानीमानी बीयर और पेय कंपनी एबी इनबेव इंडिया ने अपने 5वें वार्षिक जौ उत्पादक दिवस का आयोजन कियाए जिससे उसने अपने स्मार्ट बारले प्रोग्राम के जरिए एक मजबूत और समृद्ध किसान समुदाय बनाने की प्रतिबद्धता को दोहराया। कुल 2,000 से भी ज्यादा किसानों की भागीदारी के साथ इस पहल ने हरियाणाए राजस्थान और उत्तर प्रदेश में जौ की खेती को काफी बढ़ावा दिया है। ये सभी क्षेत्र मिलकर भारत के कुल जौ उत्पादन में 50: से भी ज्यादा का योगदान देते हैं। इस आयोजन में किसानों को ज़रूरी कौशलए बेहतर कनेक्टिविटी और वित्तीय स्थिरता देकर समृद्ध समुदाय और मजबूत कृषि आपूर्ति श्रृंखला बनाने के प्रति एबी इनबेव की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाया गया। इस कार्यक्रम में फसल प्रबंधन परीक्षण, नई कृषि की टेक्नोलॉजी और 350 से भी ज्यादा प्रगतिशील किसानों की सफलता की कहानियां पेश की गईं। वर्ष 2016 में सिरसा में पहली बार आयोजित हुई यह पहल जिसका पूरा ध्यान लगभग 1ए000 किसानों के लिए कौशल वृद्धि और डिजिटल कनेक्टिविटी पर थाए अब यह एक विस्तृत कृषि परिवर्तन पहल में बदल चुकी है। स्मार्ट बार्ले प्रोग्रामए जो एबी इनबेव की वैश्विक स्मार्ट कृषि पहल का अहम हिस्सा है, यह वर्ष 2009 से प्रमुख जौ उगाने वाले क्षेत्रों में टिकाऊ प्रथाओं को बढ़ावा देने और आजीविका सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस पहल ने शानदार कामयाबी हासिल की है इसकी बदौलत 5 से 15प्रतिशता तक पैदावार में निरंतर सुधार हुआ है और उद्योग की गुणवत्ता के मानकों के साथ 99: अनुपालन दर बनी हुई हैए जो पारंपरिक खेती की समझ और आधुनिक कृषि इन्नोवेशन के मिलन की ताकत को दिखाता है।

## सेंचुरी ने यूपी में अपनी मौजूदगी को मजबूत किया

नई दिल्ली। भारत के अग्रणी स्लीप सॉल्यूशंस ब्रांड सेंचुरी मैट्रेस ने उत्तर प्रदेश में अपनी उपस्थिति को और मजबूती देते हुए वाराणसी के पहाड़िया में अपना पहला फ्लैगशिप स्लीप स्पेशलिस्ट स्टोर लॉन्च किया है। यह नया स्टोर कंपनी की विस्तार रणनीति में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और क्षेत्र में ग्राहकों को प्रीमियम स्लीप सॉल्युशंस उपलब्ध कराने की इसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।इस लॉन्च के साथ सेंचुरी मैट्रेस ने उत्तर प्रदेश में अपनी मजबूत पकड़ बना ली है। राज्य में तेजी से हो रहे शहरीकरण, बढ़ती ऋय शक्ति और नींद के प्रति जागरूकता को देखते हुए कंपनी ने इस विस्तार को अंजाम दिया है। ब्रांड खासतौर पर मध्य और उच्च वर्ग के ग्राहकों को टारगेट कर रहा है, जिन्हें एडवांस स्लीप टेक्नोलॉजी से लैस उच्च-गुणवत्ता वाले उत्पाद प्रदान किए जा रहे हैं। साथ ही उपभोक्ताओं को बेहतर नींद के महत्व के बारे में शिक्षित किया जा रहा है।पुरुषोत्तम मालानी, अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, मालानी ग्रुप, ने व्यक्तिगत रूप से स्टोर का उद्घाटन किया और कहा, वाराणसी में हमारे फ्लैगशिप स्टोर का शुभारंभ उत्तर प्रदेश के ब्रांडेड मैट्रेस सेगमेंट को नए सिरे से परिभाषित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उपभोक्ताओं की बदलती प्राथमिकताओं और प्रीमियम होम एसेंशियल्स की मजबूत मांग को देखते हुए हमें इस क्षेत्र में अपार संभावनाएं दिखाई दे रही हैं। अगले तीन वर्षों में हमने ब्रांडेड मैट्रेस सेगमेंट में 20ल बाजार हिस्सेदारी हासिल करने का लक्ष्य रखा है, ताकि हमारे आधुनिक स्लीप सॉल्युशंस अधिक से अधिक उपभोक्ताओं तक पहुंच सकें।

## आईआईटी मद्रास ने एशिया की पहली वैश्विक हाइपरलूप प्रतियोगिता आयोजित की, 10 टीम दिखा रहीं दम

नई दिल्ली। चेन्नई स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी मद्रास) द्वारा आयोजित एशिया की पहली वैश्विक हाइपरलूप प्रतियोगिता (जीएचसी)-2025 मे 10 हाइपरलूप टीम के कुल 200 छात्र प्रतिस्पर्धा कर रहे है। यह प्रतियोगिता 21-25 फरवरी तक चलेगी जिसमें गतिशीलता, अनुसंधान और हाइपरलूप क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले दुनियाभर के 150 उद्योग प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। प्रतियोगिता मुख्य परिसर से लगभग 36 किलोमीटर दूर थाईयूर मे स्थित आईआईटी-मद्रास के दूसरे परिसर डिस्कवरी में आयोजित की जा रही है। जीएचसी-2025 का मकसद भारत को हाइपरलूप नवाचार के केंद्र मे स्थापित करने के लिए है। अधिकारियों ने कहा कि इसका उद्देश्य वैश्विक प्रतिभाओं, उद्योग जगत के सफल लोगो और शोधकर्ताओं को एकजुट करना और सहयोग, नवाचार को बढ़ावा देना तथा हाइपरलूप तकनीक का वास्तविक दुनिया मे कार्यान्वयन करना है। हाइपरलूप परिवहन का पांचवां माध्यम है, यह एक हाई-स्पीड ट्रेन है जो लगभग निर्वा ट्यूब मे यात्रा करती है। कम वायु प्रतिरोध के कारण ट्यूब के अंदर का कैप्सूल 1000 किमी/घंटा से अधिक की गति को हासिल कर सकता है। स्पेसएक्स और टेस्ला के प्रमुख एलन मस्क ने 2013 मे एक श्वेतपत्र - हाइपरलूप अल्फा के माध्यम से दुनिया के सामने हाइपरलूप का विचार प्रस्तुत किया था। रेलवे बोर्ड के प्रधान कार्यकारी निदेशक पंकज शर्मा ने कहा, यह प्रतियोगिता न केवल नवाचार का उत्सव है, बल्कि यह इस बात का भी प्रमाण है कि भारत किस तरह से परिवहन प्रौद्योगिकी के क्षेत्र मे अग्रणी देश के रूप मे उभर रहा है।

## आईपीए ने आई आई टी कानपुर के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

नई दिल्ली। इंडियन पोर्ट्स एसोसिएशन ने डिजिटल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पहल के तहत आईआईटी कानपुर के सी3आईहब आई आई टी कानपुर के साथ एक ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस रणनीतिक साझेदारी का उद्देश्य चरणबद्ध तरीके से डिजिटल बंदरगाहों से पूरी तरह स्वचालित स्मार्ट बंदरगाहों में परिवर्तन के भारत के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाना है।यह सहयोग मजबूत साइबर सुरक्षा नियंत्रण और साइबर सुरक्षा प्रबंधन प्रणालियों को लागू करने, बंदरगाह अधिकारियों और परिचालन टीमों के लिए विशेष साइबर सुरक्षा-संबंधी कौशल सेट विकसित करने और समुद्री क्षेत्र के लिए व्यापक साइबर सुरक्षा नीतियों को डिजाइन करने पर केंद्रित होगा। ।श्री सुनील पालीवाल, चेयरमैन, आईपीए ने इस सहयोग के महत्व पर जोर देते हुए कहा, डिजिटल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के तहत यह समझौता ज्ञापन भारतीय बंदरगाहों को विश्व स्तरीय स्मार्ट बंदरगाहों में बदलने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कानपुर के साथ सहयोग करके, हमारा लक्ष्य न केवल स्वचालन को आगे बढ़ाना है, बल्कि हमारी डिजिटल संपत्तियों की सुरक्षा करने वाले मजबूत साइबर सुरक्षा ढांचे को भी सुनिश्चित करना है। पूरी दुनिया हमारी ओर देख रही है - यह समय की मांग है, और हमें एक उदाहरण स्थापित करना चाहिए।प्रोफेसर मणींद्र अग्रवाल, निदेशक, आईआईटी कानपुर ने कहा, आईआईटी कानपुर को इस परिवर्तनकारी पहल का हिस्सा बनने पर गर्व है। प्रो. संदीप के. शुक्ला, प्रोजेक्ट डायरेक्टर,ने कहा, जैसे-जैसे बंदरगाह अधिक डिजिटल और स्वचालित होते जा रहे हैं, साइबर सुरक्षा को भी समानांतर रूप से विकसित किया जाना चाहिए। आईपीए के साथ हमारा सहयोग भारत के स्मार्ट पोर्ट विज़न का समर्थन करने के लिए नवाचार और कौशल विकास को बढ़ावा देते हुए इन डिजिटल बुनियादी ढांचे को सुरक्षित करने पर ध्यान केंद्रित करेगा। हमारा लक्ष्य समुद्री परिचालन में साइबर सुरक्षा के लिए वैश्विक मानक स्थापित करना है।

## सफाई साथियों को बनाएंगे आत्मनिर्भर

**प्रयागराज।** कोका-कोला इंडिया ने अपने फाउंडेशन आनंदना के जरिये एसएलएमजी बेवरेजेस और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के साथ साझेदारी की है। इसके तहत सफाई साथियों की जिन्दगी में सार्थक बदलाव लाया जाएगा। प्रयागराज में महाकुंभ के शुभ अवसर पर एसएलएमजी बेवरेजेस ने कचरा बीनने वाले 10 लोगों को कमाई करने के अवसर प्रदान किये। महाकुंभ में हुए पायलट प्रोग्राम के तहत, सफाई साथियों को कोका-कोला इंडिया का रिटेलर बनने की नई भूमिका मिली। उन्होंने हाइड्रेशन कार्ट्स चलाई और लाखों आगंतुकों को सेवा दी। यह पहल स्थानीय समुदायों को सशक्त करने और समावेशी आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने के लिये राज्य सरकार की सोच के मुताबिक है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय (एमओएसजेई) समाज के कमजोर वर्गों को सशव?त करने के लिये काम कर रहा है। इस मंत्रालय ने अपनी 'नमस्ते' योजना के तहत कूड़ा बीनने वालों को लक्षित लाभार्थी समूह के रूप में जोड़ा है। यह योजना सफाई साथियों को आगे बढ़ाने का एक तरीका है। इससे उन्हें कचरा उठाने के अलावा अपना खुद का व्यवसाय शुरू करने का मौका मिलेगा। इस योजना के तहत, उन्हें दुकानों और बाजारों में काम करने का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकेंगे और सम्मान के साथ जीवन जी सकेंगे। इससे उनकी आर्थिक स्थिति भी सुधरेगी। कोका-कोला आइएनएसडब्लूए में पब्लिक अफेयर्स, कम्युनिकेशंस और सस्टेनेबिलिटी की वाइस प्रेसिडेंट देवयानी राज्य लक्ष्मी राणा ने कहा, ''सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय और एसएलएमजी बेवरेजेस के साथ हमारी साझेदारी एक बदलाव लाने के लिए हुई है, जिसमें कामगारों को उद्यमी बनाया जाएगा।

## तमिलनाडु के अतिथियों को भा रही काशी की काष्ठ कला, राम दरबार

**वाराणसी।** वाराणसी में आयोजित काशी तमिल संगम में उत्तर और दक्षिण की कला परंपराओं की वेशभूषा के स्टॉल लगाए गए हैं। तमिलनाडु से आए अतिथियों को काशी की काष्ठ कला काफी पसंद आ रही है। भगवान राम पर आधारित अलग.अलग लीला एवं तमिल एवं काशी पर आधारित कलाकृतियों का मांग अधिक है के साथ.साथ विश्वनाथ मंदिर के मॉडल की डिमांड खूब है। काशी में तमिलनाडु के मेहमानों के साथ ही वहां के व्यापारी और स्टार्टअप के उद्यमी भी पहुंचे हैं। यहां वे अपने उत्पादों को लोगों के बीच बेच रहे हैं। वहीं काशी की काष्ठ कला पर आधारित दुकान लगाई गई है। जहां भगवान के विभिन्न स्वरूपों एवं अलग अलग मंदिरों का डिजाइन रखा गया है। जो काशीवासियों एवं तमिल मेहमानों को पसंद आ रहा है। राम मंदिर से लेकर भगवान राम की अलग.अलग झांकियों और लीलाओं की काष्ठ की मूर्तियां तैयार करके बेची जा रही हैं। काष्ठ कला के शिल्पी ओम प्रकाश शर्मा ने बताया कि काष्ठ कला काशी का बहुत पुराना आर्ट है। यह कला एकदम लुप्त होने के कगार पर थी। हम सभी आज तमिल संगम में आए हुए हैं। यहां पर हमारी कला को लोग देख रहे हैं। यहां पर इसका काफी प्रचार. प्रसार भी हो रहा है। लोग सराहना भी कर रहे है।

## टोस्टी श्रद्धालुओं को दे रहा शानदार अनुभव

प्रयाग। परफेक्ट क्रन्च और फ्लेवर से युक्त ब्रिटानिया का टोस्टी रोजमर्रा में चाय के स्वाद को कई गुना बढ़ देता है, चाय के हर घूंट के साथ स्वादिष्ट अनुभव प्रदान कर आपकी सुबह की करारी शुरूआत करता है। इस अवसर पर युधिष्ठर श्रृंगी, चीफ बिजनेस ऑफिस ब्रेड केक एण्ड रस्क, ब्रिटानिया ने कहा, ''ब्रिटानिया टोस्टी के साथ हम देश भर के उपभोक्ताओं को स्वादिष्ट एवं आरामदायक अनुभव प्रदान करना चाहते हैं। दुनिया के सबसे बडें समागम महाकुंभ 2025 ने हमें ब्राण्ड के वादे 'करारी शुरूआत, चाय और टोस्टी के साथ' पर, खरे उतरने का अवसर प्रदान किया है। हमें गर्व है कि हम उपभोक्ताओं की सुबह की शुरूआत का अभिन्न हिस्सा हैं और आने वाले समय में भी उन्हें ऐसी ही करारी शुरूआत का आनंद प्रदान करते रहेंगे। 'चाय और टोस्टी के साथ करारी शुरूआत' के वादे के साथ ब्रिटानिया टोस्टी देश भर में कई कस्टमर टचपॉइन्ट्स के माध्यम से उपलब्ध है और महाकुंभ 2025 भी ऐसा ही एक महत्वपूर्ण पल है।

## जेएसडब्ल्यू के चेयरमैन को बिजनेस लीडर ऑफ डिकेड का पुरस्कार

**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू ग्रुपप के चेयरमैन सज्जन जिंदल को 15वें एआईएमए मैनेजिंग इंडिया अवार्ड्स में प्रतिष्ठित बिजनेस लीडर ऑफ डिकेड सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान जेएसडब्ल्यू ग्रुप को एक वैश्विक समूह में विस्तारित करने में उनके परिवर्तनकारी नेतृत्व के लिए दिया गया है ।श्री जिंदल को यह पुरस्कार आज यहां आयोजित एक समारोह में मुख्य अतिथि धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री और विशिष्ट अतिथि जितिन प्रसाद, वाणिज्य एवं उद्योग; इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी राज्य मंत्री की उपस्थिति में प्रदान किया गया। प्रशस्ति पत्र केपीएमजी इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी येजदी नागपुरेवाला ने पढ़ा।श्री जिंदल के नेतृत्व में, जेएसडब्ल्यू समूह ने उल्लेखनीय वृद्धि हासिल की है, जिससे उसका राजस्व दोगुना से भी अधिक होकर 24 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया है।

## पहाड़ी लोगों के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी के लिए मंत्री का पुतला फूंका गया

**ऋषिकेश।** उत्तराखंड विधानसभा की कार्यवाही के दौरान कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल द्वारा पहाड़ी लोगों के खिलाफ कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणी किए जाने के विरोध में स्थानीय लोगों ने शनिवार को यहां प्रदर्शन किया और उनका पुतला फूंका।अग्रवाल ने शुक्रवार को विधानसभा में विपक्ष की एक टिप्पणी पर नाराजगी जताते हुए कहा था कि उन्हें पहाड़ी और देसी शब्दों का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा था कि लोग उत्तराखंड को राज्य का दर्जा दिलाने के लिए यह सब देखने के लिए नहीं लड़े हैं। इसके बाद मंत्री और विपक्षी सदस्यों के बीच तीखी बहस हुई थी। उत्तराखंड स्वाभिमान मोर्चा के बैनर तले लोगों ने विरोध जताने के लिए मंत्री की सांकेतिक शवयात्रा निकाली और उनका पुतला जलाया। मंत्री के बैराज रोड स्थित कैंप कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया गया और वहां उनका पुतला भी जलाया गया। ऋषिकेश गंगा बैराज रोड स्थित कैबिनेट मंत्री के कैंप कार्यालय के पास बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी पहुंच गए, जिसके बाद वहां भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया। कैंप कार्यालय की ओर जाने वाली सड़क पर अवरोधक लगाकर इसे बंद कर दिया गया। प्रदर्शनकारियों ने करीब एक घंटे तक अग्रवाल के खिलाफ प्रदर्शन किया।

# प्रधानमंत्री मोदी का छावा की प्रशंसा करना अत्यंत सम्मान की बात: विक्की कौशल

भाषा। नई दिल्ली



**अभिनेता विक्की** कौशल ने कहा है कि इतिहास पर आधारित उनकी एक्शन ड्रामा फिल्म छावा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा की गई प्रशंसा से वह बहुत सम्मानित महसूस कर रहे हैं। मोदी ने शुक्रवार को 98वें अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन (एबीएमएसएस) के उद्घाटन समारोह में कहा था कि मुंबई समेत महाराष्ट्र ने मराठी फिल्मों और हिंदी सिनेमा को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। मोदी ने इस दौरान फिल्म के बारे में कहा, और इन दिनों तो छावा की धूम मची हुई है। फिल्म ने पिछले सप्ताह सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद से विश्व स्तर पर 300 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई की है। छावा में कौशल छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका में हैं जो मराठा साम्राज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज के पुत्र थे।कौशल ने मोदी के वीडियो के साथ सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर लिखा, इस सम्मान को शब्दों में बयान नहीं कर सकता। माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का आभारी हूं। फिल्म में एसुबाई का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री रश्मिका मंदाना ने भी इंस्टाग्राम पर लिखा, बहुत-बहुत धन्यवाद नरेन्द्र मोदी जी, यह वास्तव में बड़ा सम्मान है। छावा का निर्माण फिल्म निर्माता दिनेश विजान की मैडॉक फिल्म्स ने किया है और बैनर ने भी अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर मोदी की एक क्लिप साझा की है।

# रीवा में मुस्लिम व्यक्ति और गर्भवती हिंदू महिला पर अदालत परिसर में हमला

**रीवा।** मध्यप्रदेश के रीवा जिले में एक मुस्लिम व्यक्ति और उसकी 21 वर्षीय गर्भवती हिंदू साथी पर वकीलों के एक समूह ने कथित तौर पर हमला कर दिया जिसके बाद अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अदालत परिसर में शुक्रवार को हुई इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसमें एक पुलिस अधिकारी जोड़े को सुरक्षित स्थान पर ले जाते हुए देखा जा सकता है।महिला ने कहा कि उसने 28 जून, 2023 को इस्लामिक रीति-रिवाजों के अनुसार रजीब खान से शादी की और वह तीन महीने की गर्भवती है। महिला ने कहा,"शुक्रवार को भीड़ ने मुझे अदालत परिसर में दो बार जमीन पर गिरा दिया। शहर के पुलिस निरीक्षक ने हमें अपने चार पहिया वाहन में सुरक्षित स्थान पर ले जाकर हमारी जान बचाई। मुझे नहीं पता कि ए लोग हम पर हमला क्यों कर रहे हैं, जबकि मेरे माता-पिता को हमारी शादी से कोई आपत्ति नहीं है। महिला ने कहा कि वह 2021 में खान के संपर्क में आई थी, जब उसने गलती से उसका नंबर डायल कर दिया और दोनों के बीच बातचीत शुरू हो गई। उसने कहा, "हम एक ही पुलिस थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवों से हैं"खान ने कहा कि वह और महिला अदालत परिसर में आए थे, क्योंकि उनके वकील चाहते थे कि वे अपनी शादी को पंजीकृत कराने के लिए कुछ कागजात पर हस्ताक्षर करें।खान ने कहा,"वकील के कक्ष में वकीलों के एक समूह ने मेरी पिटाई की। मुझे चोटें आईं और मैंने दर्द निवारक दवा ली है। समूह ने हमारे साथ दुर्व्यवहार किया और मेरी पत्नी को कोसा और कहा कि उसे मर जाना चाहिए। अधिवक्ता शारदा सिंह, एक महिला वकील और कुछ दोस्तों ने हमें बचाया"इन वकीलों द्वारा स्थानीय अधिकारियों को घटना के बारे में सूचित करने और खान और उनके साथी की सुरक्षा की मांग करने के बाद जोड़े को पुलिस स्टेशन ले जाया गया।रीवा जोन के कार्यवाहक महानिरीक्षक साकेत पांडे ने पीटीआई-भाषा को बताया कि खान की शिकायत पर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। सिविल लाइंस थाने के प्रभारी कमलेश साहू ने कहा कि आरोपियों पर मारपीट, गाली-गलौज और धमकी देने का मामला दर्ज किया गया है।

# निजी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूएसटीएम), मेघालय के कुलाधिपति महबूब-उल हक को शनिवार तड़के उनके गुवाहाटी स्थित आवास से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने दावा किया कि वह कथित तौर पर एक ऐसे नेटवर्क में शामिल थे जो छात्रों को धोखाधड़ी के माध्यम से उच्च अंक दिलाने का आश्वासन देता था। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि श्रीभूमि जिला पुलिस की एक टीम ने हक को गिरफ्तार किया है। अधिकारी ने बताया कि हक को तत्काल श्रीभूमि ले जाया गया। हक की गिरफ्तारी पर टिप्पणी करते हुए शर्मा ने कहा, पिछले कुछ समय से मैं एक बड़े नेटवर्क को देख रहा हूं जो छात्रों से वादा करता है कि वे उनके लिए उच्च अंक सुनिश्चित करेंगे, और मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश और सीबीएसई द्वारा आयोजित परीक्षाओं से पहले, इन छात्रों के परीक्षा केंद्र को कुछ विशिष्ट स्कूलों में बदल दिया जाता है। मुख्यमंत्री ने दावा किया, सीबीएसई पाठ्यक्रम के तहत ग्वालपाड़ा, नागांव और कामरूप जिलों के 200 से अधिक छात्रों को इस बार भी उनके घर से सैकड़ों किलोमीटर दूर श्रीभूमि के पथकरंडी स्थित केंद्र पर ले जाया गया। जब छात्रों को आसान अंक लाने का कोई मौका नहीं मिला तो उन्होंने हंगामा किया और मामला सामने आया। पथरकंडी के एक स्कूल में बोर्ड परीक्षा दे रहे छात्रों ने शुक्रवार को आरोप लगाया था कि उनके स्कूल प्रशासन ने उन्हें प्रश्नपत्र का उत्तर देने में बाहरी मदद का आसन दिया था, लेकिन ऐसी कोई मदद नहीं दी गई।

## नई तोपों और शक्तिशाली रडार के साथ हवाई रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने की सेना की योजना

**भाषा।** नई दिल्ली

**ड्रोन और अन्य** विध्वंसक प्रौद्योगिकियों के कारण युद्ध के बदलते तरीकों के मद्देनजर आर्मी एयर डिफेंस (एएडी) कोर ने मौजूदा हवाई रक्षा तोपों के लिए नए विखंडन गोला-बारूद को शामिल करने और अधिक शक्तिशाली रडार की तैनाती के जरिए अपनी क्षमताएं बढ़ाने का खाका तैयार किया है। एक शीर्ष अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि इसके अलावा सेना को स्वदेशी रूप से विकसित सतह से हवा में मार करने वाली त्वरित प्रतिक्रिया मिसाइल (क्यूआरएसएएम) प्रणाली के संबंध में अनुबंध की उम्मीद है। आर्मी एयर डिफेंस कोर के पास एल70, जू-23मिमी, शिल्का, तांगुस्का और ओसा-एके मिसाइल प्रणाली जैसी विभिन्न प्रकार की मिसाइल प्रणालियां और तोपें हैं। सेना हवाई रक्षा (एएडी) के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल सुमेर इवान डी कुन्हा ने कहा, तोपों का चलन वापस आ गया है। सेना ने अच्छे कारणों से इन्हें बनाए रखा है और इन तोपों का विखंडन गोला-बारूद के साथ प्रभावी ढंग से उपयोग किया जा सकता है।

# रेलवे 21वीं सदी के लिए तैयार है, राहुल गांधी ने मोदी सरकार से पूछा बड़ा सवाल



**रायबरेली।** एक वीडियो को साक्षा करते हुए राहुल ने एक्स पर लिखा कि कल रायबरेली में मॉडर्न कोच फैक्ट्री के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बातचीत के दौरान एक महत्वपूर्ण सवाल उठा। क्या करोड़ों भारतीयों की यात्रा की रीढ़ हमारी रेलवे वाकई 21वीं सदी के लिए तैयार है। भारतीय रेलवे को लेकर एक बार फिर से कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने रेलवे की स्थिति को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर निशाना साधा है। एक वीडियो को साक्षा करते हुए राहुल ने एक्स पर लिखा कि कल रायबरेली में मॉडर्न कोच फैक्ट्री के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बातचीत के दौरान एक महत्वपूर्ण सवाल उठा . क्या करोड़ों भारतीयों की यात्रा की रीढ़ हमारी रेलवे वाकई 21वीं सदी के लिए तैयार है।कांग्रेस नेता ने कहा कि मौजूदा समय की ज़रूरतों को देखते हुए इसे और आधुनिकए सुरक्षित और सक्षम बनाने के लिए तेज़ी से प्रयास किए जाने चाहिए। रेलवे को सिर्फयात्रा का साधन न मानकरए प्रोडक्शन और अर्थव्यवस्था के एक मजबूत स्तंभ के रूप में विकसित करना होगा। उन्होंने कहा कि विदेशी मशीनोंए मैन्युफैक्चरिंग और इनोवेशन पर निर्भर होने के बजाय हमारा लक्ष्य पूरी तरह से लोकलाइज्ड प्रोडक्शन सिस्टम को मज़बूत बनाने पर होना चाहिए।गांधी ने कहा कि हमारे इंजीनियर्स और टेक्नीशियन रात.दिन मेहनत करते हैं। यदि उनके परिश्रम को सही दिशा दी जाए और समय की मांग के अनुसार ठोस कदम उठाए जाएं तो रेलवे न सिर्फ परिवहन में बल्कि हमारी अर्थव्यवस्था को मजबूती देने में भी अहम भूमिका निभा सकता है। नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात भगदड़ मचने ने 18 लोगों की मौत हो गई और 12 से अधिक लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह घटना तब हुई जब कुछ यात्री ष्फुटओवर ब्रिजष् से उतरते समय फिसलकर अन्य लोगों पर गिर गए। प्लेटफॉर्म संख्या 14 और 15 पर प्रयागराज ;जहां महाकुंभ का आयोजन किया गया हैद्ध जाने वाली ट्रेन पर सवार होने के लिए यात्रियों की भीड़ उमड़ पड़ी जिसके बाद वहां भगदड़ मच गई। अस्पताल और पुलिस सूत्रों ने बताया कि 18 लोगों की मौत हुई है। उत्तर रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु उपाध्याय ने बताया कि पटना जाने वाली मगध एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म संख्या 14 पर खड़ी थी और नयी दिल्ली.जम्मू उत्तर संपर्क क्रांति एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म संख्या 15 पर खड़ी थी।

## पहाड़ी टिप्पणी पर उत्तराखंड के मंत्री अग्रवाल ने राज्य विस में माफी मांगी

**देहरादून।** उत्तराखंड के मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने अपनी पहाड़ी टिप्पणी को लेकर उठे विवाद के बीच शनिवार को कहा कि उनके बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया है और उन्होंने राज्य विधानसभा में इसके लिए माफी मांगी। अग्रवाल की ओर से माफी तब मांगी गई जब विपक्षी कांग्रेस ने उनकी टिप्पणी को पहाड़ी लोगों का अपमान करार दिया। राज्य के कुछ हिस्सों में प्रदर्शनकारियों ने मंत्री का पुतला जलाकर विरोध-प्रदर्शन भी किया। इससे पहले विधानसभा में विपक्ष के नेता यशपाल आर्य, चकराता विधायक प्रीतम सिंह और कई अन्य विपक्षी सदस्यों ने अग्रवाल से माफी की मांग की। अग्रवाल के पास संसदीय कार्य, वित्त और शहरी विकास सहित कई विभाग हैं। आर्य ने कहा, उन्होंने (अग्रवाल) वरिष्ठ सदस्य, मंत्री और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष होने के बावजूद असंसदीय भाषा का इस्तेमाल किया है। यह पहाड़ के लोगों का अपमान है। अग्रवाल ने कहा कि जब पहाड़ी लोगों की आकांक्षाओं के प्रतीक गैरसैंण को तत्कालीन मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने उत्तराखंड की ग्रीष्मकालीन राजधानी बनाया था, तब वह विधानसभा अध्यक्ष थे।

पायनियर
लखनऊ, रविवार, 23 फरवरी, 2025



# हाईवोल्टेज मुकाबला आज : पाक को पस्त करने उतरेगी टीम इंडिया

**● चैंपियंस ट्रॉफी में एक-दूसरे से भिड़ने को तैयार दोनों टीमें**

**दुबई।** रविवार का दिन क्रिकेट जगत के लिए बेहद अहम और रोमांचक होने वाला है। इस दिन क्रिकेट के दो चिर प्रतिद्वंद्वी भारत और पाकिस्तान दुबई के इंटरनेशनल क्रिकेट मैदान में एक दूसरे से भिड़ेंगे। हाईवोल्टेज मुकाबले में बांग्लादेश पर आसान जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत करने वाले भारत ग्रुप में दूसरे स्थान पर है। जबकि पाकिस्तान सबसे निचले पायदान पर है। कराची में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने पहले मैच में रिजवान की टीम 60 रनों से हार गई थी। इस वजह से उस पर अब भारत के खिलाफ मुकाबले से पहले दबाव और बढ़ गया है। को यूएई के दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाने वाले चैंपियंस ट्रॉफी के मैच में बारिश की वजह से कोई बाधा आने की संभावना नहीं है। ऐसे में दर्शक पूरे मैच का लुत्फ उठा सकेंगे। दोपहर में मैदान के ऊपर आंशिक रूप से बादल छाए रह सकते हैं। दुबई में रविवार को ज्यादातर तापमान 31 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है।



### फील्डर नंबर 1 बनने के करीब हैं विराट कोहली

भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के पास एक महारिकॉर्ड अपने नाम करने का मौका है। वैसे तो कोहली शानदार बल्लेबाज हैं और सब यही उम्मीद कर रहे हैं कि वो पाकिस्तान के खिलाफ फिर से शानदार पारी खेलें लेकिन इस मैच के दौरान अगर एक कैच पकड़ लेते हैं तो वनडे फॉर्मेट में भारत के फील्डर नंबर 1 बन जाएंगे। विराट कोहली ने अब तक अपने वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट करियर में खेले 298 मैचों में 156 कैच पकड़े हैं तो वहीं टीम इंडिया के पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन ने अपने वनडे क्रिकेट करियर में 334 मैचों में 156 कैच लपके थे। अब कोहली पाकिस्तान के खिलाफजैसे ही एक कैच पकड़ेंगे वो भारत की तरफ से वनडे प्रारुप में सबसे ज्यादा कैच लेने वाले प्लेयर बन जाएंगे। इस वक्त भारत की तरफ से वनडे में सबसे ज्यादा कैच पकड़ने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में कोहली और अजहरुद्दीन संयुक्त रूप से पहले स्थान पर हैं। भारत की तरफसे वनडे में सबसे ज्यादा कैच पकड़ने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर सचिन तेंदुलकर हैं जिन्होंने 463 मैचों में 140 कैच पकड़े थे। इस लिस्ट में चौथे नंबर पर राहुल द्रविड़ हैं जिन्होंने 340 मैचों में 124 कैच लपके थे। जबकि 226 मैचों में 102 कैच लेकर सुरेश रैना इस लिस्ट में पांचवें नंबर पर हैं। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा भी इस लिस्ट में 269 मैचों में 96 कैच लेकर गांगुली के बाद सातवें नंबर पर हैं जबकि गांगुली 99 कैच के साछ छठे स्थान पर हैं।



### पिच आम तौर पर धीमी

दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम की पिच आम तौर पर धीमी होती है। ऐसे में यहां पर बल्लेबाजी करना आसान नहीं होने वाला है। इस पिच पर नई गेंद से तेज गेंदबाजों को मदद मिलेगी। जैसे.जैसे मैच आगे बढ़ेगा स्पिनर्स का काम भी बढ़ जाएगा। मुकाबले की शुरुआत में मोहम्मद शमी और हर्षित राणा पिच का पूरा फायदा उठा सकते हैं। बांग्लादेश के खिलाफशमी ने 5 और राणा ने 3 विकेट लिए थे।



### बारिश बन सकी है विलेन

भारत और पाकिस्तान दुबई के इंटरनेशनल क्रिकेट मैदान में एक दूसरे से भिड़ेंगे। बांग्लादेश पर आसान जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत करने वाले भारत ग्रुप.ए में दूसरे स्थान पर है। जबकि पाकिस्तान सबसे निचले पायदान पर है। कराची में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने पहले मैच में रिजवान की टीम 60 रनों से हार गई थी।

### दूसरे नंबर पर बल्लबाजी करने वाली टीम ज्यादा दबाव में होगी : गिल

रविवार 23 फरवरी को दुबई में होने वाले भारत और पाकिस्तान मुकाबले से पहले टीम इंडिया के उपकप्तान शुभमन गिल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ खास तैयारियों को लेकर कई राज खोले। वहीं गिल ने बताया कि वायरल के कारण ऋषभ पंत ने अभ्यास नहीं किया। मीडिया से मुखातिब होने के दौरान शुभमन गिल ने कहा कि दुबई की परिस्थितियों को देखते हुए 300 से ज्यादा का स्कोर एक बहुत अच्छा स्कोर है। चारों ओर ओस नहीं होने के कारण दूसरे नंबर पर बल्लबाजी करने वाली टीम ज्यादा दबाव में होगी। गिल ने आगे कहा किए हम निश्चित रूप से सकारात्मक और आक्रामक क्रिकेट खेलना चाहते हैं। इस विकेट पर 300.325 का स्कोर बहुत अच्छा होगा। बीच के ओवरों में अच्छी बल्लेबाजी करने वाली टीम के जीतने की बेहतर संभावना होगी। भारत ने बांग्लादेश को हराकर टूर्नामेंट में अपने अभिया का आगाज किया। जबकि पाकिस्तान को न्यूजीलैंड के हाथों करारी शिकस्त झेलनी पड़ी। दुबई में ओस ने बड़ी भूमिका निभाई हैए लेकिन गिल ने कहा कि इसका कोई फर्क नहीं पड़ेगा। दूसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाली टीम को ज्यादा दबाव का सामना करना पड़ेगा। गिल ने कहा किए टॉस मायने नहीं रखेगा क्योंकि ओस नहीं है। बाद में बल्लेबाजी करने वाली टीम पर ज्यादा दबाव होगा।



### पाक को भारत के खिलाफ मुकाबले में मिलेगी हार : शाहीद

पूर्व पाकिस्तानी कप्तान शाहीद अफरीदी का मानना है कि भारत की मौजूदा टीम में पाकिस्तान के मुकाबले ज्यादा विनर खिलाड़ी हैं। अफरीदी ने कहा कि अगर हम मैच विनर्स की बात करें तो मैं कहूंगा कि भारत के पास पाकिस्तान के मुकाबले ज्यादा मैच विनर्स हैं। मैच विनर वो होता है जो अकेले दम पर मैच जीतना जानता हो। अभी पाकिस्तान में हमारे पास ऐसे खिलाड़ी नहीं हैं। भारत की ताकत उसका मध्य और निचला क्रम



है जो उन्हें मैच जिताता रहा है। वहीं पाकिस्तान की बात करें तो लंबे समय से हम खिलाड़ियों को मौके दे रहे हैंए लेकिन कोई भी लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया है। अफरीदी ने पाकिस्तान की टीम के बारे में बात करते हुए आगे कहा कि टीम के कुछ खिलाड़ियों ने कुछ मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया हैए लेकिन हमारे पास ऐसे खिलाड़ी नहीं हैं जो एक सालए दो साल या फिर 50.60 मैचों में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर सकें। यही वह जगह है जहां हम भारत कु तुलना में थोड़े कमजोर हैं। भारत के पास इस तरह से खिलाड़ी हैं जो लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।

### पारिवारिक इमरजेंसी के कारण भारत के गेंदबाजी कोच मोर्नी मोर्कल घर लौटे

दुबई। भारत के गेंदबाजी कोच मोर्नी मोर्कल पारिवारिक इमरजेंसी के कारण दक्षिण अफ्रीका अपने घर रवाना हो गए। मोर्कल को पिछले साल सितंबर में भारत का गेंदबाजी कोच बनाया गया था। वह शनिवार को भारतीय टीम के साथ दुबई पहुंचे और बुधवार से शुरू हो रही चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले शुरूआती अभ्यास सत्र में भी मौजूद थे। वह सोमवार को दूसरे अभ्यास सत्र में भारतीय टीम के साथ नही थे। भारत को पहला मैच 20 फरवरी को बांग्लादेश से खेलना है। भारत के प्रमुख तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर है जिससे तेज आक्रमण का दारोमदार मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा पर है जबकि हार्दिक पंड्या चौथा विकल्प है।

### न्यूजीलैंड की चैम्पियंस ट्रॉफी टीम में फर्ग्युसन की जगह जैमीसन को मंजूरी दी

कराची। घायल तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्युसन की जगह काइल जैमीसन को चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए न्यूजीलैंड टीम में शामिल करने को आईसीसी की इवेंट तकनीकी समिति ने मंजूरी दे दी। 30 वर्ष के जैमीसन ने 13 वनडे मैच खेले है। वह फर्ग्युसन की जगह लेंगे जो दाहिने पैर में चोट के कारण बाहर है। यह बांग्लादेश के खिलाफ सितंबर 2023 में खेले गए मैच के बाद जैमीसन का पहला वनडे मैच होगा। उन्होंने आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच पिछले साल फरवरी में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहला टेस्ट खेला था। डॉक्टरों ने उन्हें कमर के स्ट्रेस फ्रेक्चर के कारण एक साल आराम की सलाह दी थी। उन्होंने जनवरी में केंटरबरी के लिए सुपर स्मैश टी20 के जरिए वापसी की।

### वीनस को 44 साल की उम्र में इंडियन वेल्स में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश मिला

इंडियन वेल्स (कैलिफोर्निया)। वीनस विलियम्स को अगले महीने इंडियन वेल्स में होने वाले बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट के लिए वाइल्ड कार्ड से प्रवेश दिया गया है जो इस 44 वर्षीय खिलाड़ी का पिछले एक साल में पहला टूर्नामेंट होगा। सात बार की ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन वीनस ने 19 मार्च, 2024 को मियामी ओपन के पहले दौर में हार के बाद किसी भी प्रतियोगिता में भाग नही लिया है। वीनस ने पहली बार 1994 में इंडियन वेल्स टूर्नामेंट में भाग लिया था। उनके नाम पर विबलडन में पांच और अमेरिकी ओपन में दो एकल खिताब दर्ज है। वीनस ने इसके साथ ही अपनी छोटी बहन सेरेना के साथ मिलकर 14 ग्रैंड स्लैम युगल खिताब भी जीते है।

### विश्व शीतकालीन खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करेगा 49 सदस्ईय दल

नई दिल्ली। भारत का 49 सदस्ईय दल इटली के तूरिन में आठ से 15 मार्च तक होने वाले स्पेशल ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेल 2025 में हिस्सा लेगा। भारतीय दल में 30 खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के 19 सदस्य शामिल हैं। भारतीय खिलाड़ी छह स्पर्धाओं अल्पाइन स्कीइंग, क्रॉस कंट्री स्कीइंग, फ्लोरबॉल, शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग, स्नोबोर्डिंग और स्नोशूइंग में हिस्सा लेंगे।

## कोहली का एक ही तरह की गेंदबाजी पर आउट होना चिंता का विषय : गावस्कर

**नयी दिल्ली ।** सुनील गावस्कर का मानना है विराट कोहली का लगातार एक ही तरह से आउट होना भारत के लिए चिंता का विषय है जो 12 साल बाद चैंपियंस ट्रॉफी जीतने की कवायद में लगा है। ऑस्ट्रेलिया दौरे में 36 वर्षीय कोहली तेज गेंदबाजों की ऑफस्टंप से बाहर जाती गेंदों पर आउट हुए। वह चैंपियंस ट्रॉफी के पहले मैच में बांग्लादेश के खिलाफ 22 रन बनाकर आउट हो गए थे। वनडे में कोहली को लगातार छह बार स्पिन गेंदबाजों ने आउट किया है। वह इंग्लैंड के खिलाफ हाल में वनडे श्रृंखला के दौरान लेग स्पिनर आदिल



रशीद के सामने संघर्ष करते हुए नजर आए थे। गावस्कर ने कहा कि यह काफी हद तक इस वजह से है कि उनके बल्ले का फेस खुला रहता है। ऑस्ट्रेलिया में जब वह तेज गेंदबाजों का सामना कर रहे थे तब भी ऐसा हो रहा था। उन्होंने कहा कि उनके बल्ले का फेस खुला रहता है और वह कवर में खेलने का प्रयास करते हैं। बल्ले का फेस खुला होने के कारण वह परेशानी में पड़ रहे हैं। उन्हें इस पर ध्यान देने की जरूरत है।¸ कोहली बांग्लादेश के खिलाफ कलाई के स्पिनर रिशाद हुसैन की गेंद को कट करने के प्रयास में बैकवर्ड प्वाइंट पर कैच दे बैठे थे। गावस्कर ने कहा कि टर्न लेती गेंद पर भी उनके बल्ले का फेस खुल गया था। उन्हें इस पर लगाम कसनी होगी। लेकिन अगर वह लगातार एक ही तरह की गेंदबाजी पर आउट हो रहे हैं तो यह थोड़ा चिंता का विषय है।

### इंग्लैंड व आस्ट्रेलिया के मैच में बजा भारत का राष्ट्रगान

**लाहौर।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के चौथे मुकाबले में इंग्लैंड का सामना ऑस्ट्रेलिया से है। लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेले जा रहे इस मैच में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया। मैच शुरू होने से पहले स्टेडियम में एक बहुत बड़ा ब्लंडर देखने को मिला। दरअसलए मैच की पहली गेंद डाले जाने से पहले जब दोनों टीमें राष्ट्रगान के लिए मैदान पर पहुंची तो स्टेडियम मं भारत का राष्ट्रगान चल गया। जैसे ही ग्राउंड के स्पीकर जन.गण.मन चला तभी अचानक स्टेडियम में हलचल मच गई। पाकिस्तान क्रिकेट मैनेजमेंट की ओर से ये ब्लंडर ऑस्ट्रेलिया के राष्ट्रगान से ठीक पहले हुआ। इंग्लैंड का राष्ट्रगान पहले बजा था और वह पूरा हो चुका था। उसके बाद ऑस्ट्रेलिया का नेशनल एंथम बजना थाए लेकिन ग्राउंड में अचानक भारत भाग्य विधाताण्ण्ण् बज गया। आनन.फानन में भारत के राष्ट्रगान को बंद किया गया और उसके बाद ऑस्ट्रेलिया का नेशनल एंथम बजा। बता दें किए पाकिस्तान की ओर से ये बहुत बड़ा ब्लंडर इसलिए है क्योंकि टीम इंडिया का न तो कोई मैच पाकिस्तान में हुआ है और ना ही भारतीय टीम इस टूर्नामेंट का कोई मैच पाकिस्तान में खेलेगी। टूर्नामेंट के शुरू होने से पहले भी भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान का दौरा करने से इनकार कर दिया थाए जिसके बाद भारत के सभी मैच दुबई में कराने का फैसला आईसीसी की ओर से लिया गया। ऐसे में बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि जब भारत को पाकिस्तान में कोई मैच ही नहीं खेलना है तो भारत का राष्ट्रगान कैसे बज गया।

### शिखर धवन पहुंचे दुबई

**दुबई।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के ब्रांड एंबेसडर शिखर धवन भारत और बांग्लादेश के बीच खेले गए मुकाबले के लिए दुबई पहुंचे। धवन इस मुकाबले के दौरान एक मिस्ट्री गर्ल के साथ नजर आए थे। अफवाह है कि धवन उस लड़की को डेट कर रहे हैं जिसे लेकर सोशल मीडिया पर कई पोस्ट शेयर की गई है। लेकिन धवन ने इसको लेकर किसी तरह का रिएक्शन नहीं दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक धनव के साथ दिखी लड़की आयरलैंड की है। टीम इंडिया के पूर्व बल्लेबाज शिखर धवन कई अहम मौकों पर अपनी टीम के लिए शानदार प्रदर्शन कर चुके हैं। लेकिन अब वे इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं। अब धवन चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए दुबई में हैं। वे टूर्नामेंट के ब्रांड एंबेसडर हैं। धवन मुकाबले के दौरान एक लड़की के पास बैठे दिखे थे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार उस लड़की का नाम सोफी साइन हैए जो आयरलैंड से हैं और पेशे से प्रोडक्ट कंसल्टेंट हैं।

## डकेट के शतक पर भारी पड़ी इंगलिस की पारी

**● चैंपियंस ट्राफी : आस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को हराया**

**भाषा।** लाहौर

**जोश इंगलिस का** पहला वनडे शतक बेन डकेट की 165 रन की यादगार पारी पर भारी पड़ा और विश्व चैम्पियन आस्ट्रेलिया ने रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा करते हुए चैम्पियंस ट्रॉफी ग्रुप बी के अपने पहले मैच में शनिवार को इंग्लैंड को पांच विकेट से हरा दिया। डकेट ने कैरियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेलते हुए 143 गेंदों का सामना करके 17 चौके और तीन छक्के जड़े जिसकी मदद से इंग्लैंड ने आठ विकेट पर 351 रन बनाए जो चैम्पियंस ट्रॉफी का सर्वोच्च स्कोर है। इससे पहले न्यूजीलैंड ने 2004 में अमेरिका के खिलाफ चार विकेट पर 347 रन बनाए थे। गद्दाफी स्टेडियम



की सपाट पिच और तेज आउटफील्ड पर रन आसानी से रन रहे थे। आस्ट्रेलिया ने जीत का लक्ष्य 47 . 3 ओवर में हासिल कर लिया। इंगलिस ने 86 गेंद में छह छक्कों और आठ चौकों की मदद से 120 रन बनाए। उन्होंने एलेक्स कारी के साथ पांचवें विकेट के लिए 146 रन की साझेदारी की जो निर्णायक साबित हुई। कारी ने उनका बखूबी साथ निभाते हुए 63 गेंद में 69 रन बनाए जिसमें आठ चौके शामिल थे। वह 42वें ओवर में आउट हुए जब आस्ट्रेलिया को 50 गेंद में 70 रन चाहिए थे लेकिन ग्लेन मैक्सवेल (15 गेंद में 32 रन) ने इंगलिस का बखूबी साथ निभाया। इंगलिस ने मार्क वुड को डीप मिडविकेट पर छक्का जड़कर टीम को जीत तक पहुंचाया।इससे पहले उन्होंने 28वें वनडे में पहला शतक जोफ्रा आर्चर के ओवर में पूरा किया। आर्चर ने चौथे ओवर में ट्रेविस हेड (छह) को पवेलियन भेजा जबकि कार्यवाहक कप्तान स्टीव स्मिथ (पांच) ने आर्चर की गेंद पर स्लिप में डकेट को कैच थमाया। आस्ट्रेलिया के दो विकेट 27 रन पर गिर गए थे। मार्नस लाबुशेन (45 गेंद में 47 रन) और मैथ्यू शॉर्ट (66 गेंद में 63 रन) ने 91 गेंद में 95 रन की साझेदारी करके टीम को मैच में लौटाया। लेकिन तभी इंग्लैंड ने 18 गेंद के भीतर दोनों को पवेलियन भेजकर आस्ट्रेलिया को फिर झटके दिए। आस्ट्रेलिया के चार विकेट 136 रन पर गिर गए थे लेकिन इंगलिस और कारी ने कुछ और ही सोच रखा था।

## हार के बाद भी प्वाइंट्स टेबल में शीर्ष पर काबिज बेंगलूरु

**● मुंबई इंडियंस दूसरे नंबर पर पहुँची**

**नई दिल्ली।** विमेंस प्रीमियर लीग के तीसरे सीजन का 7वां मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और मुंबई इंडियंस की टीम के बीच खेला गया। बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में वैसे तो गत चैंपियन टीम आरसीबी का पलड़ा भारी माना जा रहा था लेकिन हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में मुंबई इंडियंस की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उन्हें 4 विकेट से मात दी। इस मुकाबले से पहले आरसीबी की टीम ने मौजूदा सीजन में 2 मैच खेले थे और उन दोनों को अपने नाम करने में कामयाब रही थी। मुंबई इंडियंस की टीम ने उनके विजयी रथ को रोक दिया। हालांकि इस मैच में हार के बाद भी आरसीबी टेबल में पहले नंबर पर बरकरार रही। विमेंस



प्रीमियर लीग की प्वाइंट्स टेबल 7 मैचों के बाद देखी जाए तो उसमें स्मृति मंधाना की कप्तानी में खेल रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम पहले नंबर पर काबिज हैए जिसमें उन्होंने अब तक खेले 3 मैचों में से 2 को अपने नाम किया हैए वहीं उनका नेट रनरेट 0.835 का है। तो वहींए दूसरे नंबर पर अब मुंबई इंडियंस की टीम है जिन्होंने भी 3 में से 2 मुकाबले जीते हैं लेकिन आरसीबी के मुकाबले उनका नेट रनरेट बेहतर नहीं है। मुंबई इंडियंस के नेट रनरेट को लेकर बात की जाए तो वह 0.610 का हैए तीसरे नंबर पर दिल्ली कैपिटल्स की टीम है जिनके भी तीन मैचों में चार अंक हैं लेकिन उनका नेट रनरेट .0.544 का है।

### यूपी वॉरियर्स की टीम अंतिम पायदान पर

अंतिम 2 पायदान पर गुजरात जाएंट्स और यूपी वॉरियर्स की टीम हैए जिसमें गुजरात की टीम चौथे नंबर पर जिन्होंने अब तक तीन मैचों में से सिर्फ एक को अपने नाम किया है और उनका नेट रनरेट .0.525 का है। इसके बाद अंतिम पायदान पर दीप्ति शर्मा की कप्तानी में खेल रही यूपी वॉरियर्स की टीम है जिन्होंने 2 मैच खेले हैं और दोनों में ही उन्हें हार का सामना करना पड़ा है। यूपी वॉरियर्स का नेट रनरेट .0.495 का है। 2025 का 8वां मुकाबला 22 फरवरी को दिल्ली कैपिटल्स और यूपी वॉरियर्स की टीम के बीच बेंगलुरु के एमण् चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा।

### एलएलसीटेन-10 का खिताब वेंकटेश्वरा लायंस ने जीता

**लखनऊ।** टेनिस बॉल क्रिकेट लीग एलएलसीटेन-10 का खिताब वेंकटेश्वरा लायंस ने जीत लिया। धर्मेंद्र कुमार यादव की अगुआई वाली टीम ने शनिवार को लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में खेले गए फ इनल मुकाबले में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। ब्रज वॉरियर्स की टीम ने खराब बल्लेबाजी करते हुए 8.5 ओवर में 10 विकेट खोकर 63 रन बनाए। जवाब में वेंकटेश्वरा लायंस ने 9ण्1 ओवर में चार विकेट खोकर 67 रन बनाए और छह विकेट से मुकाबला अपने नाम कर लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेंकटेश्वरा लायंस को शानू अलीगढ़ और प्रदीप यादव ने सधी हुई शुरुआत दिलाई थी। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 13 रनों की साझेदारी हुई जिसे धीरज सिंह ने तोड़ा। उन्होंने प्रदीप को बोल्ड किया।

## क्विक न्यूज

### चैंपियन्स ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान का जज्बा 10 साल अलग-थलग रहने के समय जैसे होना चाहिएः रिजवान

कराची। पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद रिजवान ने मंगलवार को अपनी टीम से चैंपियंस ट्रॉफी में वही जज्बा दिखाने को कहा जो उन्होने 10 साल की अवधि के दौरान दिखाया था जब किसी भी अंतरराष्ट्रीय टीम ने देश का दौरा नही किया था।मार्च 2009 में श्रीलंकाई टीम पर आतंकवादी हमलो के बाद से लंबे समय तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की किसी भी शीर्ष टीम ने पाकिस्तान का दौरा नही किया था। इस दशक की शुरूआत मे ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैड और न्यूजीलैड जैसी शीर्ष टीमो ने पाकिस्तान का दौरा करना शुरू किया।इस बीच पाकिस्तान ने 2015 में जिंबाब्वे की मेजबानी की और फाफ डु प्लेसिस के नेतृत्व में विश्व एकादश की टीम ने सुरक्षा संबंधी चिंताओं को दूर करने के लिए तीन मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए देश का दौरा किया।रिजवान ने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा, मुझे लगता है कि सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हम सभी को चैंपियन्स ट्रॉफी का आनंद लेना चाहिए क्योंकि लंबे समय के बाद हम पाकिस्तान में इतनी बड़ी प्रतियोगिता का आयोजन कर रहे है, 10 साल अपने घरेलू मैच कही और खेलने के बाद।उन्होने कहा, अगर आप देखे तो उन 10 वर्षो में भी जब हमने संघर्ष किया तब पाकिस्तान क्रिकेट ने अच्छा प्रदर्शन किया और टेस्ट में नंबर एक टीम बनने और चैंपियंस ट्रॉफी जीतने सहित कई बड़े मैच जीते। मुझे उम्मीद है कि हम इस टूर्नामेंट में भी वही कर पाएंगे।

### जेलेजनी के बदलाव मुझे जल्द ही 90 मीटर के स्तर तक ले जाएंगेः नीरज चोपड़ा

नई दिल्ली। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने खुलासा किया है कि उनके नए कोच यान जेलेजनी ने उनकी तकनीक मे गलतियों का पता लगा लिया है और अब वह 90 मीटर के स्तर को हासिल करने के लिए उनके थ्रो करने के तरीके में कुछ बदलाव करेंगे। इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने इंडिया टुडे से बात करते हुए पिछले महीने पूर्व टेनिस खिलाड़ी हिमानी मोर के साथ अपनी शादी के बारे में भी बताया। चोपड़ा ने कहा कि उनका रिश्ता पहले एक साधारण दोस्ती थी लेकिन धीरे-धीरे उन्हे प्यार हो गया। चोपड़ा 90 मीटर के स्तर को छूने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे है। उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 89.94 मीटर है जो उन्होंने 2022 मे हासिल किया था। उनका सत्र मई मे डाइमंड लीग के साथ शुरू होगा और यह पूर्व ओलंपिक तथा विश्व चैंपियन जेलेजनी के साथ उनकी साझेदारी की प्रतिस्पर्धी शुरुआत होगी जिनके नाम भाला फेंक मे विश्व रिकॉर्ड (98.48 मीटर) भी है। मुझे लगता है कि 90 मीटर से अधिक का थ्रो जल्द आ सकता है। उन्होने (यान जेलेजनी) मेरे खेल मे कुछ तकनीकी समायोजन किए है। उन्हे (जेलेजनी) लगता है कि उनके बदलाव से मुझे मदद मिलेगी। मै समझ पाया हू कि वह मेरे से क्या उम्मीद करते है।

### जसपाल राणा मेरे कोच बने रहेंगे : मनु भाकर

नई दिल्ली। दो ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर ने कहा कि जसपाल राणा उनके कोच बने रहेंगे जिन्हे भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने पिस्टल निशानेबाजी का हाई परफार्मेंस ट्रेनर नियुक्त किया है। चार बार एशियाई खेलो के स्वर्ण पदक विजेता राणा और मनु के बीच तोक्यो ओलंपिक से पहले मतभेद हो गए थे लेकिन पिछले साल पेरिस ओलंपिक से पहले दोनो फिर साथ आए। मनु ने पेरिस ओलंपिक मे दो कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचा। राणा के मार्गदर्शन मे मनु एक ही ओलंपिक मे दो पदक जीतने वाली आजादी के बाद पहली भारतीय खिलाड़ी बनी। उन्होने दस मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत और टीम वर्ग मे कांस्य पदक जीते। मनु ने सोमवार की रात वर्ष 2024 की बीबीसी की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार जीतने के बाद कहा , मै इतना ही कहूंगी कि वह (राणा) मेरे कोच है और अपने काम मे बहुत अच्छे है। वह काफी प्रतिभाशाली है और मेरे लिए बहुत अच्छे कोच रहे है। वह मेरे कोच है। वह किसी और के भी कोच हो सकते है लेकिन मेरे लिए वह मेरे कोच है। भविष्य की योजनाओ के बारे मे उन्होंने कहा , हम अप्रैल मे विश्व कप मे जाएंगे और उसके बाद जून मे घरेलू स्पर्धाएं है। म्युनिख मे फिर विश्व कप और अक्टूबर नवंबर मे विश्व चैम्पियनशिप है। मेरा लक्ष्य विश्व चैम्पियनशिप है।

### दक्षिण अमेरिका में विश्व कप में 35 सदस्यीय भारतीय दल की अगुवाई करेगी मनु भाकर

नयी दिल्ली । दो ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर दक्षिण अमेरिका में अप्रैल में होने वाले सत्र के पहले आईएसएसएफ निशानेबाजी विश्व कप में 35 सदस्यीय भारतीय टीम की अगुवाई करेंगी। अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी सत्र दक्षिण अमेरिका में दो चरण के विश्व कप के साथ शुरू होगा। पहला टूर्नामेंट अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में एक से 11 अप्रैल और दूसरा पेरू के लीमा में 13 से 22 अप्रैल के बीच खेला जायेगा। हाल ही में ध्यानचंद खेलरत्न पुरस्कार पाने वाली मनु ने पेरिस ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल में व्यक्तिगत और मिश्रित टीम स्पर्धा का कांस्य पदक जीता था। वह विश्व कप में महिलाओं की एयर पिस्टल और 25 मीटर पिस्टल में भाग लेंगी। उनके साथ पेरिस ओलंपियन अनीश भानवाला और विजयवीर सिद्धू पुरूषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल, ऐशा सिंह महिलाओं की 25 मीटर पिस्टलद्धद्धए ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ;पुरूषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंसद्धए सिफ्त कौर सामरा और श्रेयांका साडंगी महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंसद्धए अर्जुन बबूता ;पुरूषों की दस मीटर एयर राइफलद्धए पृथ्वीराज टोंडाइमान ;ट्रैपद्धए अनंत जीत सिंह नरूका ;स्कीटद्ध और रेइजा ढिल्लों महिला स्कीटद्ध भी टीम में हैं। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ ने यहां 14 मार्च से टीम के लिये अभ्यास शिविर का आयोजन किया है।¸ हर वर्ग में विश्व कप के तीन चरण होंगे जबकि दो जूनियर विश्व कप भी खेले जायेंगे। विश्व कप का दूसरा चरण सितंबर में दिल्ली में होगा। अगस्त में कजाखस्तान में 16वीं एशियाई चैम्पियनशिप भी है।ष् एनआरएआई ने हाल ही में मनु के कोच जसपाल राणा को 25 मीटर पिस्टल कोच नियुक्त किया है जबकि जीतू राय 10 मीटर एयर पिस्टल कोच होंगे

### एशिया कप तीरंदाजी में भारत पदक तालिका में शीर्ष पर

**बैंकॉक** भारत ने एशिया कप विश्व रैंकिंग तीरंदाजी टूर्नामेंट के पहले चरण मे पांच स्वर्ण समेत आठ पदक जीतकर शीर्ष स्थान हासिल किया। रिकर्व पुरूष वर्ग मे भारत के विष्णु चौधरी और राहुल पहले दूसरे स्थान पर रहे। बसंती महतो (महिला रिकर्व), कुशल दलाल (पुरूष कंपाउंड), पुरूष रिकर्व टीम (विष्णु, गोल्डी मिश्रा और राहुल), पुरूष कंपाउंड टीम (कुशल, मानव जाधव और गणेश) ने स्वर्ण पदक जीते। बसंती और विष्णु ने रिकर्व मिश्रित टीम मे रजत पदक जीता। महिला कंपाउंड टीम को कांस्य पदक मिला। कोरिया तालिका मे दूसरे स्थान पर रहा।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा द इंडियन एक्सप्रेस प्रा.लि. सी-26 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ ( फोन: 0522-4036600 ) से प्रकाशित। प्रधान सम्पादक: शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।